आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 27°C |

इनसाइड न्यूज

जन एक्सप्रेस की खबर से हिला सिस्टम: सांसद कृष्णा पटेल को...


उत्तर प्रदेश पेज: 03


लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

सोमवार 11 अगस्त, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 296 | www.janexpresslive.com/epaper




आतंकियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर मारा... 12



## बुलंदशहर में बाढ़ से भारी तबाही

### चार मंदिर और तीन धर्मशालाएं बहीं, फसलों को भारी नुकसान

जन एक्सप्रेस। बुलंदशहर

लगातार बढ़ रहे जलस्तर से अब गंगा रौद्र रूप ले चुकी है। यूपी के बुलंदशहर स्थित सिद्धबाबा घाट पर चार मंदिर व दो धर्मशाला पानी में समा गईं। घाट पर बनी करीब 10 मीटर सीसी सड़क भी बह गई। पानी खेतों से 10 गांवों की ओर बढ़ने के साथ रास्तों पर पहुंच गया, जिससे परेशानी बढ़ गई। नरौरा बैराज पर पानी खतरे के निशान से 62 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया। अभी जलस्तर और बढ़ने की संभावना है। फसलों को लेकर किसान चिंतित हैं। वन विभाग की ओर से गंगा किनारे लगाए गए हजारों पौधे भी पानी में बह गए। प्रशासन भी अलर्ट हो गया है।

#### गंगा ने लिया रौद्र रूप

पहाड़ों में हो रही बारिश और बिजनौर बैराज से लगातार छोड़े जा रहे पानी से गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। अहार में रविवार को गंगा ने रौद्र रूप ले लिया। सिद्ध बाबा गंगा घाट के किनारे पर बने गंगा मंदिर, हनुमान मंदिर, गुरु गोरखनाथ मंदिर, जाहरवीर बाबा मंदिर और श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए बनी दो धर्मशालाओं को गंगा ने अपने आगोश में ले लिया। इसके साथ अनेक पेड़ भी गंगा में बह गए। यहां कटान तेज है और लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए क्षेत्र के लोगों की चिंता बढ़ गई है। बताया कि घाट पर देवी मंदिर शेष बचा है और इसके भी बह जाने संभावना है।

#### खतरे के निशान से ऊपर बह रही गंगा

गंगा बैराज पर गंगा नदी का जल स्तर लगातार बढ़ते हुए खतरे के निशान को पार करते निशान से 62 सेमी ऊपर चल रहा है। बैराज से गंगा नदी की डाउनस्ट्रीम में 305041 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। 2.50 लाख पानी की निकासी होने पर बैराज पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंच जाता है। सिंचाई विभाग हेड वर्क्स के एसडीओ अंकित सिंह ने बताया कि बेराज से नदी की डाउनस्ट्रीम में 305041 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। बैराज पर ढाई लाख क्यूसेक पानी की निकासी होने पर जलस्तर खतरे के निशान पर होता है। सिंचाई विभाग ने बैराज व तटबंधों पर अलर्ट जारी किया है। जो कि समुद्र तल 179.38 मीटर है। जल स्तर समुद्र तल से 178.765 मीटर होने पर जल स्तर खतरे के निशान पर पहुंचता है। उधर, अनूपशहर में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटों में करीब 2 फीट की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सिंचाई विभाग के जेई उमेश कुमार ने बताया कि बिजनौर बैराज से रविवार सुबह 1.30 लाख क्यूसेक पानी और छोड़ा गया है।

#### खेतों से गांव और रास्तों तक पहुंचा पानी

अहार के सैद घूरे घटटी की नई बस्ती में बसे आसिफ, मोनिस, इरफान व अनस के घरों के दरवाजों के आगे गंगा का पानी पहुंच गया। पानी लगातार बढ़ रहा है। किसानों की लौकी, तोरही आदि की फसलें पानी भरने से नष्ट हो गई है। लोगों को खेतों पर आने जाने में दिक्कत आ रही है। उधर अहार की हनुमान घटटी क्षेत्र के खेतों में पानी भर गया है।सिद्ध बाबा गंगा घाट क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे पानी से परेशानी झेलनी पड़ रही है। अनूपशहर के आसपास खादर क्षेत्र में स्थित लगभग 10 गांवों की सैकड़ों बीघा फसलें जलमग्न हो चुकी हैं। किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। गंगा प्लेटफार्म पर करीब तीन फुट से अधिक पानी जमा है। यहां दुकान लगाकर अपना जीवन यापन करने वाले आधा दर्जन दुकानदारों के सामने भी आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। त्रिवेणी घाट पर गंगा स्नान करने के लिए लोगों को बांस की चाली का उपयोग करना पड़ रहा है। चाली के माध्यम से लोग गंगा प्लेटफार्म से त्रिवेणी घाट तक पहुंच रहे हैं। वहां वे गंगा स्नान कर रहे हैं और घाट स्थित मंदिरों में पूजा अर्चना कर रहे हैं। मोहल्ला गंगाद्वार स्थित लाल महादेव घाट से करीब 150 फीट अंदर आबादी में पानी आ गया। स्थानीय लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अनूपशहर गंगा पुल से इस समय गंगा का विकराल रूप स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। नरौरा क्षेत्र में गंगा नदी की बाढ़ के पानी से जहां राजघाट के बाजार में पानी आ गया है। वहीं, खादर क्षेत्र के छह के गंगा किनारे की खेतों की फसलों में पानी भरा हुआ है।

# ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान घुटने पर आया : पीएम मोदी

## इसके पीछे टेक्नोलॉजी और मेक इन इंडिया की ताकत, 3 वंदेभारत को हरी झंडी दिखाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलुरु

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैनिकों की आतंकियों और पाकिस्तान को घुटने में लाने की क्षमता को पूरी दुनिया ने देखा है। इसकी सफलता के पीछे हमारी टेक्नॉलॉजी और मेक इन इंडिया की ताकत है। इसमें बेंगलुरु के युवाओं का भी बहुत योगदान है। मोदी ने कहा, बेंगलुरु की पहचान दुनिया की बड़ी सिटी के रूप में है। हमारा लक्ष्य मेक इन इंडिया में बेंगलुरु की प्रेजेंस को और बढ़ाना है। हम तभी आगे निकलेंगे जब हमारे शहर फास्ट और मॉडर्न होंगे। पीएम आज कर्नाटक के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इनमें बेंगलुरु से बेलगावी, अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर (अजनी) से पुणे तक की ट्रेनें शामिल हैं। पीएम ने बेंगलुरु और राज्य के लिए कई विकास कार्यों का शुभारंभ और शिलान्यास भी किया। इन परियोजनाओं की कुल लागत 22 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा है। पीएम ने बेंगलुरु मेट्रो की यलो लाइन का भी उद्घाटन किया। जो आरवी रोड (रगिगुड्डा) से बोम्मसंद्रा तक जाएगी।



### यलो मेट्रो लाइन से मेट्रो नेटवर्क 96 किलोमीटर हो जाएगा

यलो मेट्रो लाइन की लंबाई 19.15 किलोमीटर है और इसमें 16 स्टेशन हैं। इस प्रोजेक्ट पर करीब 7,160 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इन हाई-स्पीड ट्रेनों से यात्रियों को तेज, आरामदायक और आधुनिक सफर का अनुभव मिलेगा और यात्रा समय में बड़ी कमी आएगी। यलो लाइन शुरू होने के बाद बेंगलुरु मेट्रो का कुल नेटवर्क 96 किलोमीटर से ज्यादा हो जाएगा, जिससे लाखों यात्रियों को फायदा मिलेगा। प्रधानमंत्री खुद इस मेट्रो में सफर भी करेंगे और आरवी रोड से इलेक्ट्रॉनिक सिटी तक की यात्रा करेंगे।

### फेज-3 मेट्रो प्रोजेक्ट का शिलान्यास

पीएम मोदी बेंगलुरु मेट्रो फेज-3 का शिलान्यास भी करेंगे। इसकी लागत 15,610 करोड़ रुपए है। इसकी लंबाई 44 किलोमीटर से ज्यादा है। इसमें 31 स्टेशन है। यह प्रोजेक्ट शहर के रिहायशी, इंडस्ट्रियल, कारोबारी और शैक्षिक इलाकों को जोड़ेगा। बेंगलुरु का नम्मा मेट्रो देश का दूसरा सबसे लंबा मेट्रो नेटवर्क है, जो रोज़ाना 8 लाख से ज्यादा यात्रियों की यात्रा आसान बनाता है।

### मोदी, मोदी के नारे के साथ स्वागत

जब प्रधानमंत्री का काफिला रेलवे स्टेशन की ओर बढ़ रहा था, तो सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग जमा हुए थे। उन्होंने मोदी, मोदी के नारे लगाकर उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने भी अपनी कार के अंदर से हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया।

### पीएम मोदी के भाषण की 6 बड़ी बातें...

1 यलो मेट्रो लाइन के आने लाखों लोगों को फायदा होगा। आज ऑरेंज लाइन का भी शिलान्यास किया। इसके शुरू होने के बाद यलो और ऑरेंज मेट्रो लाइन से 25 लाख लोगों को फायदा होगा। बेंगलुरु मेट्रो के लिए इन्फोसिस समेत कई बड़ी कंपनियों ने फंडिंग की। इसके लिए कार्पोरेट सेक्टर को बधाई।

2 भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती इकोनॉमी है। हम 10वें नंबर से टॉप 5 में आ गए। जल्द ही टॉप 3 में आएंगे। ये ताकत रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म से मिली है। देश की उपलब्धियों का परचम आसमान में लहरा रहा है।

3 2014 से पहले 74 एयरपोर्ट थे और इनकी संख्या 160 से ज्यादा है। सिर्फ 3 नेशनल वॉटरवेज थे अब ये संख्या 30 हो चुकी है। 11 साल पहले 7 एम्स थे, अब 22 एम्स और 700 मेडिकल कॉलेज हैं। 2014 से पहले भारत का टोटल एक्सपोर्ट 468 बिलियन डॉलर था। आज 824 बिलियन डॉलर है।

4 इंडिया ग्लोबल एआई की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सेमीकंडक्टर मिशन की स्पीड पकड़ रहा है। जल्द ही मेड इन इंडिया चिप मिलने जा रहा है। भविष्य से जुड़ी टेक्नोलॉजी में भारत आगे बढ़ रहा है।

5 पहले मोबाइल इम्पोर्ट करते थे आज टॉप 5 एक्सपोर्टर बन गए है। बेंगलुरु की इसमें बहुत बड़ी भूमिका है। 2014 से पहले हमारा इलेक्ट्रॉनिक एक्सपोर्ट 6 बिलियन डॉलर था जो अब 38 बिलियन डॉलर हो गया है। ऑटो मोबाइल एक्सपोर्ट 16 बिलियन डॉलर था जो अब डबल हो चुका है।

6 सही रिफॉर्म्स सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। भारत सरकार ने कानून डिक्रिमिनाइल्ज करने के लिए जन विश्वास बिल पास किया जल्द ही 2.0 भी पास करेंगे। राज्य सरकार को भी ऐसे बिल पास करना चाहिए।

#### देश का मेट्रो नेटवर्क दुनिया में तीसरे नंबर पर

फिलहाल भारत का मेट्रो नेटवर्क दुनिया में तीसरे नंबर पर है और जल्द ही दूसरा सबसे बड़ा नेटवर्क बनने की ओर है। अनुमान है कि देशभर में मेट्रो रोजाना करीब 1 करोड़ लोगों को सेवा देती है। पीएम मोदी बेंगलुरु में शहरी कनेक्टिविटी परियोजनाओं के शुभारंभ के बाद एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे, जिसमें वे आने वाले वर्षों में शहर और राज्य के विकास के रोडमैप पर चर्चा कर सकते हैं।

“ लोग मजाक में कहते हैं कि अगर बंगलूरू वाला किसी को एयरपोर्ट पर छोड़ता है, तो उस व्यक्ति को दिल्ली या मुंबई पहुंचने में जितना समय लगेगा, बंगलूरू वाला व्यक्ति घर नहीं पहुंच पाएगा। हमने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इस चुनौती को स्वीकार किया और भी योजनाएं पाइपलाइन में हैं। आने वाले वर्षों में बंगलूरू में दिल्ली के बाद दूसरा सबसे अच्छा मेट्रो नेटवर्क होगा।

–मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय मंत्री

“ भारत अमेरिका को स्मार्टफोन का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन गया है। हमारे प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण तकनीक का लोकतंत्रीकरण करना है। यह सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए, न कि कुछ लोगों तक सीमित। पिछले 11 वर्षों में हमारा इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन 6 गुना बढ़ा है। आज इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण 12 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इलेक्ट्रॉनिक निर्यात 8 गुना बढ़ा है। आज यह 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। भारत दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता बन गया है।

–अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री

## सीएम ने विधानभवन के प्रवेश द्वार के गुंबद का किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



उत्तर प्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र को लेकर राजधानी लखनऊ में रविवार को सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। बैठक विधान भवन में की गई। इस दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री सुरेश खन्ना समेत अन्य लोग मौजूद रहे। बताते चलें कि यूपी विधानमंडल का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कार्यमंत्रणा समिति की बैठक बुलाई। वहीं दूसरी तरफ विधानसभा में एआई की भी पाठशाला लगेगी। इसमें विधायक अपने कामकाज में स्मार्टनेस लाने के लिए एआई का उपयोग सीखेंगे। बैठक से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान भवन के प्रवेश द्वार के नवीनीकृत गुम्बद का लोकार्पण किया। साथ ही विधान भवन के नवीनीकृत सभा मंडप का भी लोकार्पण किया। इसके अलावा नवीनीकृत सभा कक्ष संख्या-15 का उद्घाटन किया।

## धराली में प्रलय के बाद लापता लोग कहाँ गए?

### सेना लगाएगी हाईटेक रडार से तलाश



- बचाव अभियान में सेना का ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार बना उम्मीद की किरण, राहत कार्य तेज

जन एक्सप्रेस। उत्तरकाशी

धराली और हर्षिल क्षेत्र में 5 अगस्त को आई भीषण प्राकृतिक आपदा के बाद कई लोग अब भी लापता हैं। मूसलधार बारिश और बादल फटने की घटना ने पूरे इलाके को तबाही की गर्त में धकेल दिया। सेना, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और प्रशासन की टीमें दिन-रात मलबे में दबे लोगों की तलाश में जुटी हैं।

#### सेना ने किया संचार हब और मेडिकल कैंप स्थापित

विपरीत परिस्थितियों और संचार सेवाओं के ठप हो जाने के कारण सेना ने सैटेलाइट कम्युनिकेशन की व्यवस्था की है ताकि प्रभावित नागरिक अपने परिजनों से संपर्क कर सकें। साथ ही, एक मेडिकल कैंप भी स्थापित किया गया है, जहां घायलों का तत्काल प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

#### सेना की नई तकनीक बनी उम्मीद-ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार

तलाशी अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सेना ने अब तकनीक का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। इस तकनीक की मदद से जमीन के नीचे दबे हुए इंसानों या धातु की वस्तुओं का पता लगाया जा सकता है। ब्रिगेडियर एम.एस. ढिल्लों ने बताया कि हमारी प्राथमिकता मलबे में दबे लोगों को खोजना है। इस कार्य में जीपीआर तकनीक बेहद सहायक साबित हो रही है।

#### अब तक 20 लोगों को सुरक्षित किया गया रेस्क्यू

रविवार सुबह 11 बजे तक मातली हेलीपैड पर 20 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उनके गंतव्य स्थलों के लिए रवाना किया गया। प्रशासन ने बताया कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में खाद्य सामग्री, पानी और आवश्यक वस्तुएं पर्याप्त मात्रा में पहुँचाई जा चुकी हैं।

#### प्रशासन भी कर रहा निरंतर प्रयास

धराली और हर्षिल में राहत और बचाव कार्यों को तेज़ करने के लिए जिला प्रशासन की टीमें लगातार मौके पर डटी हुई हैं। हर घर तक खाने-पीने की वस्तुएं, दवाइयां और अन्य जरूरी सामग्री पहुंचाई जा रही हैं।

# विज्ञापन नीति पर प्रेस काउंसिल का अलर्ट, यूपीआईडी में ‘ऑपरेशन घर-घर एजेंसी’ का खुलासा

## आवासीय पते पर ‘दफ्तर’, यूपी से बाहर जीएसटी, और सरकारी धन से जमीन का कारोबार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ-नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (यूपीआईडी) में सूचीबद्ध विज्ञापन एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर अब प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया ने भी सख्त रुख अपनाया है। काउंसिल ने राज्य सरकार से विज्ञापन नीति पर की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट तत्काल मांगी है। 8 अगस्त 2025 को मुख्य सचिव को भेजे पत्र में प्रेस काउंसिल ने कहा है कि 27 सितंबर 2024 को स्वीकृत **‘Report of the Sub-Committee on Advertisement for Print Media’** पहले ही विचारार्थ भेजी जा चुकी है, और अब सरकार को बताना होगा कि उस पर क्या कदम उठाए गए। लेकिन, इसी बीच जन एक्सप्रेस की विशेष पड़ताल में जो सच सामने आया है, वह इस रिपोर्ट की गंभीरता को और बढ़ा देता है।




#### जीएसटी का खेल: यूपी को करोड़ों का नुकसान

जांच में सामने आया कि अधिकतर एजेंसियां अपना जीएसटी मुख्यालय यूपी के बाहर दिखाती हैं और वहीं से बिल जारी करती हैं। नतीजा – यूपी को मिलने वाला एसजीएसटी राजस्व दूसरे राज्यों में चला जाता है। यह सीधे-सीधे राज्य को करोड़ों का नुकसान है।

#### ऑपरेशन घर-घर एजेंसी फर्जी पते, ईमेल से कारोबार

लखनऊ में पंजीकृत कई विज्ञापन एजेंसियां कागज़ी पते पर सूचीबद्ध हैं, जबकि असल में उनका न तो कोई वैध कार्यालय है, न स्टाफ और न ही स्थानीय इंफ्रास्ट्रक्चर। पते अक्सर किसी रिश्तेदार या जानकार के घर के होते हैं। अधिकांश एजेंसियां यूपी के बाहर से ईमेल और फोन के जरिए पूरा कारोबार संचालित करती हैं, और सिर्फ औपचारिकता निभाने के लिए कभी-कभार दफ्तर के बाहर बोर्ड लगा देती हैं।

#### जन एक्सप्रेस की मांग


भारतीय प्रेस परिषद
PRESS COUNCIL OF INDIA

- सभी सूचीबद्ध एजेंसियों का तत्काल फिजिकल वेरिफिकेशन हो।
- जीएसटी पते और पंजीकरण की समीक्षा हो, बाहर मुख्यालय वाली एजेंसियों को सूची से हटाया जाए।
- बकाया भुगतान मामलों में ब्लैकलिस्टिंग और एफआईआर हो।
- बैंक खातों की ऑडिट जांच हो, ताकि सरकारी धन का वास्तविक उपयोग पता चल सके।
- प्रॉपर्टी कारोबार में पाए जाने पर धनवसूली और दंडात्मक कार्रवाई हो।

प्रेस काउंसिल के पत्र और जन एक्सप्रेस की पड़ताल दोनों यह साबित करते हैं कि यह मामला केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि खुलेआम सरकारी धन के दुरुपयोग और छोटे-मंझोले समाचार पत्रों के शोषण का एक संगठित नेटवर्क है, जो लखनऊ से दिल्ली तक फैला हुआ है। मुख्यमंत्री के अधीन काम कर रहे विभाग को अब जवाब देना होगा- वरना यह चुप्पी व्यवस्था में सांठगांठ की पुष्टि मानी जाएगी।

#### विभाग की चुप्पी-लापरवाही या सांठगांठ?

- क्या कभी सूचीबद्ध एजेंसियों का फिजिकल वेरिफिकेशन हुआ?
- यूपी से बाहर जीएसटी रखने वाली एजेंसियां सूची में कैसे शामिल हो गईं?
- शिकायतों के बावजूद ब्लैकलिस्टिंग और एफआईआर क्यों नहीं?
- बार-बार नाम और मालिक बदलकर पंजीकरण कैसे संभव है?

#### सरकारी धन का गोरखधंधा जमीन-प्रॉपर्टी में निवेश

एजेंसियों के अकाउंटेंट्स ने नाम न छापने की शर्त पर खुलासा किया कि सूचना विभाग से मिलने वाले सरकारी विज्ञापन के भुगतान को एकमुश्त निकालकर जमीन, प्रॉपर्टी और अन्य कारोबार में लगाया जाता है। कहीं-कहीं यह रकम फिक्स्ड डिपॉजिट में डाल दी जाती है, ताकि ब्याज से मोटा मुनाफा कमाया जा सके, जबकि जिन अखबारों को यह धन मिलना चाहिए, वे सालों तक दर-दर भटकते रहते हैं।

#### छोटे अखबार पिसे, एजेंसियां मुनाफे में

राज्य के सैकड़ों छोटे और मझोले अखबार इन एजेंसियों की धोखाधड़ी के शिकार हैं। कई अखबारों के लाखों रुपये वर्षों से अटके हुए हैं। भुगतान रोकने के बाद एजेंसियां या तो गायब हो जाती हैं या नए नाम से पंजीकरण कर फिर वही खेल शुरू कर देती हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में आयुष ग्राम गुरुकुलम के छात्रों का दबदबा

चित्रकूट। संस्कृत अकादमी लखनऊ द्वारा जयदेव वैष्णव संस्कृत महाविद्यालय चित्रकूट में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद में संचालित विभिन्न संस्कृत विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में आयुष ग्राम गुरुकुलम के छात्रों ने जीत हासिल की। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी यह प्रतियोगिता दो वर्गों संस्कृत सामान्य ज्ञान और संस्कृत गीत गायन में आयोजित की गई। जिसमें संस्कृत सामान्य ज्ञान वर्ग में आयुष ग्राम गुरुकुलम के अनमोल पाण्डेय ने प्रथम स्थान, संस्कार मिश्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा राघव द्विवेदी व आदर्श मिश्र को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इसी प्रकार संस्कृत गीत गायन वर्ग में आयुषग्राम गुरुकुलम के आकाश मण्डल ने द्वितीय स्थान व नैतिक द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### भीम आर्मी ने मनाई फूलन देवी की जयंती

चित्रकूट। भीम आर्मी कार्यालय में रविवार को वीरांगना फूलन देवी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने फूलन देवी द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा करते हुए उन्हें याद किया गया। जयंती कार्यक्रम में भीम आर्मी के जिला संयोजक एस के गौतम ने कहा कि फूलन देवी एक बहादुर और साहसी महिला थीं जिन्होंने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध निर्भीक होकर संघर्ष किया। वह एक पूर्व सांसद भी रह चुकी हैं और उनकी बहादुरी और संघर्ष की कहानियां आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे, जिनमें एड श्रीपाल प्रजापति,लक्ष्मण सिंह पटेल, रामनाथ वर्मा, अशोक कुमार वर्मा , देवशरण वर्मा, विनोद वर्मा,आदि प्रमुख थे। सभी ने वीरांगना फूलन देवी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन और कार्यों को स्मरण किया। कार्यक्रम का समापन वीरांगना फूलन देवी के सम्मान में दी गई श्रद्धांजलि के साथ हुआ।

### कौशाम्बी के राम बहादुर त्रिपाठी को बनाया गया संगठन सृजन अभियान का नोडल

चित्रकूट। कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत कौशांबी निवासी राम बहादुर त्रिपाठी को जनपद में संगठन सृजन अभियान का नोडल प्रभारी बनाया गया है। राम बहादुर त्रिपाठी को जनपद में संगठन सृजन अभियान का नोडल प्रभारी बनाए जाने पर कॉग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है। कौशाम्बी निवासी राम बहादुर त्रिपाठी को जनपद में चल रहे संगठन सृजन अभियान का नोडल प्रभारी बनाए जाने पर कॉग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष रंजना बराती लाल पाण्डेय, अवधेश करवरिया, शिव गुलाम वर्मा, अनिल गुप्ता, विनय सिंह चैहान, जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी, कालीचरण राजपूत, कामता द्विवेदी, सत्येंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, दुनावद, जिला सचिव कमलाकांत शुक्ला, यमुना, कुलदीप, प्रशांत गुप्ता, भगवानदीन, ओम प्रकाश, राजेश सिंह पटेल, मोहन सिंह, वीरेंद्र सिंह, योगेश रैकवार आदि कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इसके पहले भी राम बहादुर त्रिपाठी को लोकसभा चुनाव के समय लोकसभा कोऑर्डिनेटर बनाया गया था।

# 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए बनाई गई केन्द्रीय समिति

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को लेकर गायत्री शक्तिपीठ में 151 संगठनों के प्रमुख व्यक्तियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें गायत्री परिवार के 10 जिला समन्वयक, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, ग्राम प्रधान और 100 से अधिक संस्थानों के प्रतिनिधियों द्वारा यज्ञ को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में बताया गया कि यह यज्ञ कामतानाथ मार्ग चित्रकूट अक्षयवट गायत्री शक्तिपीठ के सामने होगा। जिसमें देश भर के प्रसिद्ध लोगों सहित सभी समाज आम जन भी भाग लेंगे। सम्पूर्ण यज्ञ शांतिकुंज और यज्ञ समिति के निर्देशन में आगामी 17 से 20 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय यज्ञ के प्रथम दिवस 11 हजार बहनों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में यज्ञ संचालन के लिए बनाई गई केंद्रीय समिति में डॉ रामनारायण त्रिपाठी, अभय महाजन, अखंड प्रताप, गोपाल भाई, केशव शिवहरे, रामशंकर द्विवेदी, अतुल सिंह, अरविन्द सिंह, रामचंद्र गुप्ता, रामजानकी शुक्ला, वंदना अग्रवाल, मोहन मुरली वाले, रामानंद सिंह, भूपेंद्र पाठक, संयोजक समिति में रामप्रकाश खरे, आर के तिवारी, एलडी सिंह, बिन्दु अहिरवार, भवानीदीन यादव, रामप्रकाश द्विवेदी, संदीप रिछारिया, सीताराम विश्वकर्मा, रानी दुर्गावती समिति में राजेश त्रिपाठी, विरसा मुण्डा समिति घनश्याम सिंह, वीर सिंह, कमलेश तिवारी, जीतेन्द्र सिंह, संतोष गुप्ता, चंद्र शेखर मिश्रा, ओम अग्रवाल, डॉ आनन्द गुप्ता, राजेंद्र तिवारी, अनीता सिंह, गीता द्विवेदी, सुधा तिवारी, उमा मिश्रा, ममता द्विवेदी, गायत्री तिवारी, सविता, रेखा, विजय लक्ष्मी निगम, केके त्रिपाठी, राजेंद्र त्रिवेदी, डॉ महेन्द्र सिंह तोमर आदि को विभिन्न समितियों में शामिल किया गया। बताया गया कि 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की अगली बैठक आगामी सात सितम्बर को आयोजित की जाएगी।

## वार्ड बॉय ने महिला से की छेड़खानी, पुलिस ने लिया हिरासत में-पूछताछ जारी

जन एक्सप्रेस/उरई। मेडिकल कॉलेज में इलाज कराने आई महिला के साथ वार्ड बॉय ने छेड़खानी कर दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची को व कोतवाल ने जानकारी के बाद आरोपी वार्ड बॉय को गिरफ्तार कर लिया। शहर के एक मुहल्ला निवासी महिला शुक्रवार की शाम को नाक में चोट लगने पर राजकीय मेडिकल कालेज के इमरजेंसी में पहुंची थी। डाक्टरों ने इलाज करने के बाद उसको जर्नल वार्ड में भर्ती करवा दिया, इस दौरान महिला के साथ उसका पति भी था। वहां संविदा पर तैनात मुहल्ला गांधी नगर निवासी योगेश कुमार महिला के बेड के बगल में बेड सटाकर लेट गया। आरोप है कि जब महिला का पति बाहर गया तो वार्ड बॉय ने बगल के बेड पर लेटकर महिला के साथ छेड़खानी कर दी। जब महिला जागी तो उसके बगल में वार्ड बॉय लेटा हुआ था, इस पर महिला चिल्लाई तो वार्ड बॉय मौके से भाग निकला। इसकी सूचना पीड़ित महिला ने तुरंत पुलिस को दी। सूचना के बाद सीओ अर्चना सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय मौके पर पहुंचे और जांच कर महिला से पूछताछ की।

## 'दंगल एक खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि हमारा शौर्य व परंपरा का प्रतीक है'



जन एक्सप्रेस। बांदा

सदर विधानसभा अंतर्गत ग्योड़ी बाबा में श्री राम निषाद द्वारा आयोजित विशाल दंगल में कार्यक्रम में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी शामिल हुए, और पहलवानों की कुश्ती का हाथ मिलवाया और हौसला बढ़ाया।और वहां मौजूद खेल प्रतियोगी पहलवानों व मौजूदा क्षेत्रिय लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि यह दंगल न केवल एक खेल प्रतियोगिता है, बल्कि हमारे शौर्य, परंपरा का प्रतीक है,.कार्यक्रम में दूर-दराज़ से आए, प्रदेशभर के नामचीन पहलवानों ने भाग लिया और अपने कुश्ती कौशल से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। जहाँ मिट्टी में गिरे पसीने की हर बूँद में इतिहास की गूंज होती है,वहीं अखाड़े के हर वार में शूरवीरों की पहचान होती है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू राजपूत, सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, विश्व हिन्दू परिषद से चंद्रमोहन बेदी, अमित सेठ भोलू, रजत गुप्ता व कार्यक्रम संयोजक श्री राम निषाद आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शराब के नशे में धुत्त युवक ने की पिता की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बांदा



थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा शराब के नशे में बेटे के द्वारा पिता को फरसा व चाकू मारकर गंभीर रुप से घायल कर इलाजे दौरान मृत्यु हो जाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त फरसा व चाकू बरामद। आपको बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा शराब के नशे में बेटे के द्वारा पिता को फरसा व चाकू मारकर गंभीर रुप से घायल कर इलाजे दौरान मृत्यु हो जाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिनांक 08.08.2025 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुलकुम्हारी के रहने वाले मृतक के बेटे रामचन्द्र पुत्र नंदलाल द्वारा थाना कोतवाली देहात पर सूचना दी कि मेरे भाई गोरेलाल द्वारा शराब के नशे में पिता की फरसा व चाकू से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।सूचना पर प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात में अभियोग पंजीकृत करते हुए, अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर कुरौली रोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त फरसा व चाकू बरामद हुआ।

## किसान की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरी रहमानपुर में खेतों पर शौचक्रिया के लिए गए किसान की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरी रहमानपुर निवासी 54 वर्षीय किसान कल्लू उर्फ रामआसरे सिंह 54 वर्ष पुत्र शिव बालक सिंह गांव में रहकर खेती किसानी का काम करता था। बताया गया कि किसानी के काम में उसका पुत्र भी सहयोग करता था। शनिवार की सुबह रोज की तरह वह शौच के लिए खेतों की तरफ जा रहा था। इसी दौरान गांव के रास्ते में लगे हाईटेंशन लाइन का तार नीचे झूल रहा था। जैसे ही किसान उसके पास से गुजरा, तभी तार किसान के सर में छू गया। जिसमें आ रहे तेज करंट की चपेट में आने से वह झुलस कर अचेत हो गया। खबर मिलते ही पुत्र हरमेश सिंह व राघवेंद्र तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डाक्टरों ने किसान को मृत घोषित कर दिया।

## हिन्दू समाज की भूमि पर माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर धार्मिक स्थल बनाये जाने की खबर पूरी तरह झूठी और भ्रामक निकली

■ जिला प्रशासन की जांच में निराधार और फर्जी साबित हुई 7 अगस्त 2025 को सोशल मीडिया पर चलाई गई खबर

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर



उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में कुछ लोग अपने निजी फायदे के लिये एक खास समुदाय को टारगेट कर मामले की गहराई में न जाकर ,छानबीन किये बिना ही सोशल मीडिया पर झूठी और भ्रामक खबर चलाकर साजिश के तहत सामाजिक सदभाव बिगाड़ने की कोशिश के साथ ही उत्तर प्रदेश के ईमानदार और तेज तर्रार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की, सबका साथ सबका विकास की छवि को बिगाड़ने की नाकाम कोशिश में लगे हुये हैं। जबकि इनके नापाक इरादों की साजिशों का उस वख्त पर्दाफाश हो गया, जब हमीरपुर जिला प्रशासन ने इस मामले में पूरी तत्परता और तेजी दिखाते हुये वख्त पर शिकायत करता के मामले की गहराई से जांच करने के बाद अपनी रिपोर्ट जारी करते हुये सोशल मीडिया पर चलाई गई खबर को भ्रामक, फर्जी और पूरी तरह निराधार बताते हुये ऐसे लोगों की साजिशों को नाकाम कर दिया है। इस मामले में तेज तर्रार सरीला एसडीएम बलराम गुप्ता ने जांच रिपोर्ट जारी करते हुये बताया कि 7 अगस्त 2025 को हिन्दू समाज की जमीन पर दूसरे समाज के भू माफियाओं के अवैध कब्जा कर धार्मिक स्थल बनाये जाने की चलाई गई खबर राजस्व और पुलिस टीम की जांच में पूरी तरह निराधार, फर्जी और भ्रामक निकली है। वही जांच में सामने आया है कि धार्मिक स्थल ग्राम बंगरा निवासी शिकायतकर्ता भगवान सिंह पुत्र हरनाथ सिंह की जमीन पर न होकर, दान की गई गाटा संख्या-544 पर 1995 में जिलेदार प्रधान और गांव वालों के आपसी सहयोग से बनाया गया था, साथ ही बीस साल के त्योहारी रजिस्टर के मुताबिक इसमें धार्मिक कार्यक्रम शांति और आपसी भाईचारे के साथ सम्पन्न होते चले आ रहे हैं, जिसमें कहीं कोई आपसी विवाद नहीं है। जबकि शिकायतकर्ता की जमीन गाटा संख्या- 552 में है, जिसमें कब्जा न मिल पाने की शिकायत मिली थी, जिसमें नाप के बाद शिकायतकर्ता को कब्जा दिला दिया गया है।

## जुआ खेलते 6 जुआरियों को अट्ठाईस हजार की नगदी के साथ किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। हमीरपुर

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की जरिया पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को अट्ठाईस हजार पांच सौ रूपये की नगदी के साथ हार दबोचा। जरिया पुलिस ने बताया कि पकड़े गये जुआरियों में खासतौर से हेमेन्द्र राजपूत पुत्र दूगपाल, मलखान राजपूत पुत्र हरगोविन्द , देवेन्द्र राजपूत पुत्र गिरिराम,लल्लू राम राजपूत पुत्र धनीराम, रविन्द्र कुमार उर्फ गुड्डू पुत्र जयसिंह राजपूत सहित महेन्द्र सिंह पुत्र हल्के राजपूत को गिरफ्तार किया गया है। जबकि पुलिस ने गिरफ्तार किये गये जुआरियों के पास से 28 हजार पांच सौ रूप्ये की नगदी के साथ ही ताश के बावन पत्ते बरामद करने में कामयाबी हासिल की है। वही पुलिस ने पकड़े गये जुआरियों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 146/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की है। वही जुआरियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में खासतौर से एस आई बीरेन्द्र प्रसाद, हेड कांस्टेबल शिवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल कपिल कुमार सहित कांस्टेबल अभिनव प्रताप शामिल रहे।

## रक्षाबंधन का त्योहार हमें भाई-बहन के प्यार की तरह ही लोगों से निस्वार्थ प्रेम करने की सीख देता है

■ राखी के मौके पर बाजार में बीस रुपये से लेकर दो सौ रुपये तक की राखियों की मची रही धूम

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर



दुनिया भर में रक्षाबन्धन यानि राखी का नाम आते ही भाईबहन का एक दूसरे के लिये निस्वार्थ प्यार और स्नेह याद आ जाता है। जो एक दूसरे के साथ बचपन से ही खेलते और लड़ते झगड़ते दिलों में परवान चढ़ता है। ये वो प्यार है। जो किसी और रिश्ते में देखने को नहीं मिलता है। बहुत खुशकिस्मत होते हैं वो भाई, जिनकी बहने होती हैं, वही वो बहने भी बहुत खुशकिस्मत होती हैं, जिनके भाई होते हैं। दरअसल रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधने के साथ ही उनके रिश्ते को और भी मजबूत करता है। इस दिन हर बहन अपने भाई के माथे पर टीका लगाने के साथ ही मुंह मीठा कराकर उसकी लम्बी उम्र की दुआ करती है, जबकि उसका भाई अपनी बहन को तोहफा देकर जिंदगी भर उसकी हिफाजत करने का वादा करने के साथ ही उसे निभाता भी है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक रक्षाबंधन की शुरुआत उस वक्त हुई, जब लक्ष्मी जी अपना कोई भाई न होने से दुखी होकर, भाई की याद में रोते हुये श्रृषि के पास पहुंची, और उनको अपने दुःख की वजह बताकर इसका हल पूछा, जिसके बाद श्रृषि के कहने पर लक्ष्मी जी ने राजा बली के हाथ में राखी बांधकर उसे अपना भाई बना लिया था। जबकि उनकी जिंदगी में भाई की कमी पूरी हो चुकी थी। कहा जाता है कि बस यहीं से रक्षाबंधन की शुरुआत हुई। वही रक्षा बंधन के मौके पर बाजार में 20 रुपये से 200 रुपये तक कीमत के साथ ही हर किस्म की राखियों की धूम मची रही। हालांकि रक्षा बंधन का ताल्लुक मंहगी और सस्ती राखी से बिल्कुल नहीं होता है, बल्कि रक्षाबंधन तो पूरी तरह से बहन भाई के दिली जज्बात और प्यार भरे रिश्ते की बेहतरीन निशानी है।

## जुआरियों पर पुलिस का बड़ा एक्शन, 9 गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जालौन

जिले में अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए जालौन पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया है। इसी कड़ी में, पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों पर छापेमारी करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया है, जो जुआ खेलकर हार-जीत की बाजी लगा रहे थे। पुलिस ने इनके पास से 7,290 नकद, मोबाइल फोन और ताश की गड्डियाँ भी बरामद की हैं। जालौन कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह के निर्देशन में चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। उन्हें पता चला था कि मोहल्ला फर्दनवीस और मोहल्ला शाहगंज में कुछ लोग खुलेआम जुआ खेल रहे हैं, जिससे इलाके का माहौल खराब हो रहा था। फर्दनवीस से चार जुआरी पकड़े गए सबसे पहले, पुलिस टीम ने मोहल्ला फर्दनवीस में एक खाली मकान के पास छापा मारा। यहाँ पर चार लोग जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने चारों को मौके पर ही धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रामबाबू, आशू, बाल्मीकि, भोले चुर्खीबाल और मनीष दबगरान के रूप में हुई है। इनके पास से पुलिस ने जुए के फड़ से 2,050 रुपए और तलाशी के दौरान 770 रुपए नकद बरामद किए। इसके अलावा, उनके पास से ताश की गड्डी और चार मोबाइल फोन भी जब्त किए गए।इसके बाद, पुलिस ने मोहल्ला शाहगंज में अंसार के मकान के पास खाली जगह में जुआ खेल रहे पाँच अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया। पकड़े गए जुआरियों में सलमान, अल्ताफ, जाकिर, कल्लू और शाकिर (सभी निवासी शाहगंज) शामिल हैं। इनके कब्जे से जुए के फड़ से 3,250 रुपए और तलाशी में 1,220 रुपए नकद मिले। पुलिस ने उनके पास से ताश की गड्डियाँ भी बरामद की हैं।

# साइबर सेल टीम ने गुम हुए 40 लाख रुपए कीमत के मोबाइल किये बरामद

जन एक्सप्रेस। उरई



एसपी की साईबर सेल व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिसमें टीम ने लाखों रुपए कीमत के दो सैकड़ा से अधिक कीमती मोबाइल बरामद कर स्वामियों को लौटाए। गुम हुए मोबाइल पाकर स्वामियों के मुरझाए चहरे एक बार फिर खिल उठे हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने रविवार को पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता की। इस दौरान एसपी ने बताया कि शहर में साइबर थाना स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि थाने में मौजूद टीम व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने चोरी गए व गुम हुए 201 कीमती मोबाइल बरामद किए हैं। जिनकी कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई जा रही है। एसपी ने बताया कि इससे पूर्व भी संयुक्त टीम ने कई बार कीमती मोबाइल फोन बरामद कर मालिकों को लौटाए हैं। इस बार भी संयुक्त टीम ने बरामद किए कीमती मोबाइलों को उनके स्वामियों के सुपुर्द किए हैं। इतना ही नहीं एसपी ने कहा कि ऐसा अच्छा कार्य करने वाली टीम को पुरस्कृत भी किया जाएगा। फिलहाल चोरी गए या गुम हुए मोबाइलों की आस छोड़ चुके स्वामी अपने अपने मोबाइल पाकर खुशी से झूम उठे और उन्होंने एसपी की साईबर सेल व सर्विलांस सेल टीम की भूर-भूर प्रशंसा की है।

## बिजली का काम करते समय युवक की मौत, चार कर्मचारियों पर केस दर्ज

जन एक्सप्रेस/जालौन। कोतवाली क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। तीन दिन पहले, गांव धंतौली में बिजली का तार ठीक करते समय करंट लगने से 22 वर्षीय रीतेश कुमार की दुखद मौत हो गई। इस घटना के बाद, पुलिस ने रीतेश के पिता की शिकायत पर बिजली विभाग के चार कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। रीतेश के पिता ने पुलिस को बताया कि गाँव के लाइनमैन सोनू और रामकिशोर ने उनके बेटे को नौकरी दिलाने का झाँसा दिया था। उन्होंने रीतेश से कहा था कि नौकरी पक्की होने से पहले उसे कुछ दिनों तक काम करना पड़ेगा। इसी बहकावे में वे उससे बिजली का काम करवाते थे। घटना वाले दिन, रीतेश को खराब लाइन ठीक करने के लिए बुलाया गया था। आरोप है कि काम शुरू करने से पहले रीतेश ने शटडाउन माँगा था।

# अर्चना उपाध्याय ने रक्षा मंत्री को राखी बांधकर लिया राष्ट्र रक्षा का वचन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



रक्षा बंधन केवल भाई-बहन के स्नेह का पर्व नहीं, बल्कि उस गहन भारतीय भावना का प्रतीक है, जिसमें «रक्षा» का अर्थ तन, मन और संस्कृतिकृतियों की सुरक्षा से है। यह एक ऐसा पर्व है, जो रिश्तों की सीमाओं को लांघकर राष्ट्र की आत्मा से जुड़ जाता है। इस भावना को जीवंत करते हुए जय बजरंग सेना की राष्ट्रीय प्रभारी और हिंदू शेरनी के नाम से विख्यात अर्चना एन उपाध्याय ने रक्षा बंधन के दिन देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को रक्षा सूत्र बांधा। यह केवल एक रस्म नहीं थी, बल्कि राष्ट्र की गरिमा और सीमाओं की अटूट सुरक्षा का संकल्प था। अर्चना उपाध्याय का व्यक्तित्व अपने आप में प्रेरणा है। चित्रकूट की बहू जो न केवल पारिवारिक संस्कारों की धरोहर हैं, बल्कि ब्राह्मण महासभा की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सामाजिक नेतृत्व का भी उत्तम उदाहरण हैं। संघ के सेवा कार्यों में उनका अनवरत सक्रिय योगदान यह दर्शाता है कि उनके लिए राष्ट्र सेवा केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि जीवन का स्वाभाविक धर्म है। इतिहास गवाह है कि रक्षा सूत्र कभी सिर्फ घर की देहरी तक सीमित नहीं रहा। द्रौपदी की लाज बचाने वाले कृष्ण से लेकर रानी कर्णावती के हुमायूं को भेजे गए राखी संदेश तक यह परंपरा सदैव एक व्यापक राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक रही है। आज जब अर्चना उपाध्याय ने राजनाथ सिंह से राष्ट्र रक्षा का वचन लिया, तो यह परंपरा आधुनिक संदर्भ में फिर से सजीव हो उठी। राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल के इस युग में यह रक्षा सूत्र हमें स्मरण कराता है कि राष्ट्र रक्षा केवल सीमाओं पर तैनात सैनिकों का कर्तव्य नहीं, बल्कि हर जागरूक नागरिक का आंतरिक धर्म है और जब यह धर्म निभाने की प्रेरणा समाज की अग्रणी महिलाओं से मिले, तो उसका प्रभाव आने वाली पीढ़ियों तक जाता है।



**करोड़ों के फ्लैट में कूड़े के ढेर के पास...**

कालातीत हुई शिखर एनक्लेव सोसायटी में प्रशासक की नियुक्ति नहीं होने से सोसायटी की व्यवस्था अब प्रभावित होने लगी है। साफ सफाई, बिजली और सुरक्षा जैसे मूलभूत और आवश्यक सेवाओं पर असर पड़ना शुरू हो गया है। ज्ञात हो कि वसुंधरा, सेक्टर 15 की... पढ़ें पेज 12 पर...

# जन एक्सप्रेस की खबर से हिला सिस्टम: सांसद कृष्णा पटेल को राजापुर आना पड़ा, जनता ने घेरा सवालों से

## अब सिर्फ मुद्दा उठाने से काम नहीं चलेगा, दिखाइए आपने क्या किया, जनता ने कहा, जवाब भी चाहिए सांसद जी

जन एक्सप्रेस | राजापुर/बांदा


जन एक्सप्रेस की सटीक और जनहितकारी रिपोर्टिंग का असर साफ़ दिखा। बांदा-चित्रकूट सांसद कृष्णा पटेल को आखिरकार राजापुर की जमीनी हकीकत देखने आना पड़ा। इलाके में बदहाल परिवारों की हालात उजागर होने के बाद, सांसद जी गांव पहुंचीं लेकिन जनता ने सिर्फ फूल नहीं दिए, सवाल भी दाग दिए।

### सांसद ने क्या कहा?

राजापुर में जिन परिवारों के पास न छत है, न चूल्हा, वहां पहुंचकर सांसद कृष्णा पटेल ने कहा, मैंने मुद्दा उठाया है। अब प्रशासन और योगी सरकार आगे आए। जिनके पास पीएम आवास नहीं है, उन्हें घर मिले और खाने-पीने की व्यवस्था हो। उन्होंने यह भी जोड़ा हम संसद में मुद्दा उठाते रहते हैं। जब भी मौका मिलता है, क्षेत्र में दौड़े चले आते हैं।







बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जन समस्याओं को लेकर चल रही तीखी बहस और मीडिया रिपोर्टिंग का आखिरकार असर हुआ। आज सांसद महोदया राजापुर क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों से मिलने पहुँचीं। यह जनता के साथ उनकी पहली सक्रिय उपस्थिति मानी जा रही है, जो कि जनहित के लिहाज से एक सकारात्मक पहल है। सांसद जी का क्षेत्र में आना स्वागत योग्य कदम है। उम्मीद की जा रही है कि वे यूं ही जनता के दु:ख-दर्द को नज़दीक से समझेंगी और समस्याओं के समाधान के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेंगी। जनता अपने जनप्रतिनिधि से सवाल करती है, और यह लोकतंत्र की सेहतमंद पहचान है। जन एक्सप्रेस द्वारा बाढ़ के हालात और क्षेत्रीय नेतृत्व की निष्क्रियता पर प्रकाशित खबर का व्यापक असर देखा गया। मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और जब वह जनहित के मुद्दों को निष्पक्षता से उठाता है, तो सत्ता से जवाबदेही तय होती है। क्षेत्र की जनता ने भी स्पष्ट संदेश दिया है कि केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि हर संकट में जनप्रतिनिधियों को उनके साथ खड़ा होना चाहिए।

–पंकज मिश्र, कांग्रेस जिलाध्यक्ष चित्रकूट

### 'अब वादों से पेट नहीं भरता, दिखाइए कि किया क्या?'

राजापुर के लोग खुलकर बोले, नेता चुनाव से पहले गांव-गांव घूमते हैं, लेकिन जीत के बाद कहते हैं हम पार्लियामेंट में आवाज़ उठा रहे हैं। अरे भाई, वो आवाज़ जनता को भी सुनाइए! वीडियो निकालिए, बताइए कि हमारी किस समस्या पर आपने सदन में बात की?




### जन एक्सप्रेस का सवाल सांसद से

- क्या सिर्फ अखबार की सुर्खियों से ही जागते हैं हमारे नेता?
- क्या जनता को हर बार मीडिया के सहारे अपनी बात कहनी होगी?
- सिर्फ दौरे करने से नहीं चलेगा, रिपोर्ट कार्ड दीजिए सांसद जी!

### जनता का रुख साफ़

जब आपने हमसे वोट लिया है, तो अब जवाब भी देना होगा। सिर्फ भाषण से काम नहीं चलेगा। हम आंखों से देखना चाहते हैं कि क्या किया, कितना किया और कब करेंगे? जन एक्सप्रेस जनता के हक़ की आवाज़ उठाता रहेगा, सवाल पूछेगा, जवाब मांगेगा।



माननीय सांसद जी का दौरा पूरी तरह प्रतीकात्मक और दिखावटी साबित हुआ है। न तो उनके दौरे से जनता को कोई राहत मिली, न ही किसी समस्या का समाधान निकला। सोशल मीडिया पर जब उनकी निष्क्रियता को लेकर तीखी बहस छिड़ी, और जन एक्सप्रेस जैसी निष्पक्ष मीडिया संस्थाओं ने सवाल उठाए, तब जाकर आज वे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 'दौरा' करते हुए दिखाई दीं। हैरानी की बात है कि मीडिया में बयान देने के लिए भी इन्हें सहयोग लेना पड़ता है — इससे इनकी जमीनी हकीकत और क्षेत्र में पकड़ का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। समाजवादी पार्टी के नेताओं की आदत बन चुकी है कि चुनाव के समय जाति की राजनीति करके वोट तो ले लेते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र से पूरी तरह गायब हो जाते हैं। जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं रह जाता, केवल अपने व्यापार और राजनीतिक फायदे की चिंता रह जाती है।

–आशीष कुमार
प्रदेश मंत्री भाजपा एसटी मोर्चा यूपी



## पावन रक्षाबंधन पर्व पर लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बहनों से बंधवाई राखी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

पावन रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर लखनऊ महानगर अध्यक्ष श्री आनंद द्विवेदी ने आलमबाग स्थित कार्यालय में महिला मोर्चा एवं क्षेत्र की बहनों से राखी बंधवाकर भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का संदेश दिया। इस अवसर पर आनंद द्विवेदी ने कहा कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है, जो हमें परस्पर स्नेह, सुरक्षा और सम्मान का संदेश देता है। उन्होंने बहनों को हर संभव सहयोग और सुरक्षा का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में महानगर मंत्री मधुबाला त्रिपाठी, महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष सीता नेगी कार्यालय मंत्री दीपक शुक्ला सहित महिला मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रहीं। इस मौके पर सभी ने समाज में भाईचारे और आपसी सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

## सड़क हादसा मां-बेटा गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

**मलिहाबाद।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसे में एक मां और बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना शनिवार दोपहर बाद भतोइया अंडरपास के पास हुई जब एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों लोग उछलकर काफी दूर जा गिरे। उन्नाव जनपद के औरास स्थित रामपुर गढ़ौंहा गांव के रहने वाले मोहित अपनी मां रामजानकी के साथ अपनी बाइक से रामनगर माल से घर लौट रहे थे। तभी भतोइया अंडरपास के मोड़ पर एक अज्ञात कार ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत घायलों की मदद की। एंबुलेंस के पहुंचने में देरी होने पर ग्रामीणों ने दोनों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में मोहित के कंधे में गंभीर चोटें आई हैं जबकि उनकी मां रामजानकी के हाथ पैर सिर और पीठ पर गंभीर चोटें लगी हैं।

## महिला पर कुल्हाड़ी से हमला, गर्लफ्रेंड की मौत के बाद शुरू की रंजिश, शरीर पर किए 14 वार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में शनिवार को युवक ने गर्लफ्रेंड की मां मंजू गौतम पर कुल्हाड़ी से हमला किया। युवक गर्लफ्रेंड की मौत के बाद से उसकी मां से रंजिश रखने लगा था। महिला ने बेटी मोहिनी को युवक ने बातचीत करने के लिए डांटा था। इससे नाराज लड़की ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। आरोपी विपिन मन में रंजिश रखकर बैठा था, शनिवार को रक्षाबंधन होने की वजह से विपिन को मंजू के आने की जानकारी थी।



उसके मायके पहुंचने के बाद घात लगाकर बैठा था। वापसी के वक्त हत्या की नीयत से हमला कर दिया। घटना बीकेटी थाना क्षेत्र के कठवारा गांव की है। अंजू गौतम (42) पत्नी राम लखन, जो बगहा थाना इटौंजा की रहने वाली हैं, रक्षाबंधन पर अपने बेटे मोहित के साथ मायके कठवारा में भाई जितेंद्र को राखी बांधने पहुंची थीं। दोपहर बाद जब वह मायके से ससुराल बगहा लौट रही थीं, तभी विनीत उर्फ गोलू रावत ने कठवारा शिवपुरी मार्ग पर कंदैला पुलिया के पास उन पर हमला कर दिया।वहीं अंजू के बेटे ने मां को बचाने का प्रयास किया, जिससे वह भी घायल हो गया। लोगों ने इसकी सूचना बीकेटी पुलिस को दी। पुलिस ने महिला को रामसागर मिश्र सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। वहां से उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत अभी भी गंभीर है। जानकारी के अनुसार, विनीत उर्फ गोलू रावत का अंजू की बेटी मोहिनी से अफेयर चल रहा था। इस बात की जानकारी मिलने पर परिजनों ने बेटी को डांटा-फटकारा था। इससे दुखी होकर लगभग डेढ़ महीने पहले मोहिनी ने घर में छत के कुंडे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। इसी बात से नाराज होकर विनीत ने यह हमला किया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

## आर्मी जवान के घर चोरी, रक्षाबंधन मनाने गांव गया था परिवार, लॉक तोड़कर घुसे की चोरी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के बीकेटी थाना क्षेत्र में एक आर्मी जवान के बंद मकान में चोरों ने धावा बोल दिया। रक्षाबंधन के अवसर पर जवान का परिवार रक्षाबंधन मनाने के लिए गांव गया था। इस दौरान चोरों ने मकान में घुसकर कीमती सामान चुरा लिया। चोरों ने उनके किराएदार के कमरे में भी हाथ साफ किया। वहीं घटना बीकेटी थाना क्षेत्र के रूदही गांव की ग्रीन कालोनी में हुई। मकान मालिक आर्मी के जवान कोमल सिंह चौहान की पत्नी रामा सिंह चौहान 9 अगस्त को राखी बांधने



सीतापुर के मछरेहटा गांव गई थीं।वहीं सीसीटीवी में चोरी की घटना कैद हो गई है। उससे पता चला है कि 9 अगस्त की रात अज्ञात चोर उनके घर में घुसे। चोरों ने रामा सिंह के घर से 4 सोने की अंगूठियां, 2 सोने की चेन, 2 मंगलसूत्र, लगभग 50,000 रुपए नकद, बर्तन, कपड़े, चांदी की कटोरी, चम्मच और आर्मी कार्ड चुरा लिया। उसी मकान में किराए पर रह रहे दीपक श्रीवास्तव के घर से भी 15 ग्राम वजन की सोने की चेन, 14 ग्राम वजन की सोने की 3 अंगूठियां, 32 हजार रुपए नकद, टीवी और कपड़े चोरी कर लिए। वहीं चोरी की यह घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। रमा सिंह चौहान ने बीकेटी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

## रक्षाबंधन के दिन नवयुवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोर ने रक्षा बंधन शनिवार के दिन फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना गोहनाखुर्द गांव के मजरा मुकुंदपुर में शनिवार दोपहर को हुई, मृतक की पहचान रॉबिन पुत्र गजराज के रूप में हुई है। बता दें कि रॉबिन अपने पिता के साथ खेत गया था, वहां उसने अपने पिता से कहा कि आप धान की फसल के लिए खाद और कीटनाशक दवाई लें आइए। तब तक वह गांव में अपने दोस्तों से मिलने जाएगा। जैसे ही पिता खाद लेने चले गए, रॉबिन ने गांव के बाहर लगे नीम के पेड़ पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी।,मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा और परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, रॉबिन की बहन ने भी लगभग छह महीने पहले घर में छत के कुंडे से लटककर आत्महत्या कर ली थी, इस घटना से रॉबिन काफी आहत रहता था। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## नीलगाय से टकराने से बुरी तरह घायल युवक की अस्पताल में मौत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के महिंगवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुर्सी इटौंजा सम्पर्क मार्ग पर रमपुरवा स्थित मोड़ के पास अचानक नीलगाय आने से मोटरसाइकिल सवार हंजराज रावत स्वं रामपाल निवासी खवली देवा बाराबंकी युवक बुरी तरह घायल हो गया। वही जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर कर जांच की, घायल युवक के परिजनों को तत्काल सूचित कर ईलाज हेतु पुलिस द्वारा अस्पताल भेजवाया गया,घायल व्यक्ति की हालत बहुत गम्भीर बनी हुई थी,घायल व्यक्ति को स्थानीय पुलिस द्वारा ईलाज हेतु इटौंजा सीएचसी लें जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने ईलाज के दौरान घायल हंसराज व्यक्ति को म्रतक घोषित कर दिया।

## बेसहारा जानवर से टकराई बाइक पति पत्नी घायल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

रहीमाबाद थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। राखी बांधने जा रहे एक दंपत्ति की बाइक बेसहारा जानवर से टकरा गई जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि उनके साथ यात्रा कर रहे दो मासूम बच्चे बाल-बाल बच गए। लखनऊ के रहने वाले सूरज अपनी पत्नी शोभिका के साथ बाइक पर सवार होकर बालामऊ जा रहे थे। दोपहर के समय जब वे रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भतोइया और बंजारन खेड़ा गांव के बीच से गुजर रहे थे तभी अचानक सड़क पर आए एक बेसहारा जानवर से उनकी बाइक टकरा गई।

## गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से खेतों में भरा पानी, किसानों की बढ़ी परेशानी

- घर तक पहुंचा पानी, खाना बनाने में हो रही परेशानी, जानवर बांधने है दिक्कत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पड़ने वाली गोमती नदी का जल स्तर बढ़ने से गांवों के किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बता दें कि रक्षाबंधन त्योहार से लेकर रविवार शाम तक पानी लगभग चार-पांच फीट बढ़ा है, जिस कारण गोमती नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है, जलस्तर बढ़ने से गोमती नदी के किनारे पड़ने वाले किसानों के धान व अन्य फैसले डूब चुकी हैं। जिससे किसान इससे बहुत परेशान है। वहीं इन गांवों के लासा, अकड़रिया कलां,अकड़रिया खुर्द, जमखनवां, दुघरा, बहादुरपुर,



सुलतानपुर, शिवपुरी इन गांवों में रहने वाले ग्रामीण किसानों के खेतों में पानी भरने लगा हैं, नदी के किनारे पड़ने वाले सभी खेतों में पानी भर गया हैं, जिस कारण उनकी फसल डूबने का डर सता रहा है। इटौंजा की माल रोड से लासा गांव की जोड़ने वाली सड़क पर पानी भर गया है, जिससे कि लासा मंदिर दर्शन करने जाने वाले भक्तों को पानी में होकर जाना पड़ता है, दुघरा गांव से जमखनवां होकर मानपुर मंडी जाने वाले किसानों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा हैं, किसान अब इस मार्ग से नहीं जा पा रहे हैं, क्योंकि इस मार्ग पर पड़ने वाली पुलिया पर जल भराव हो गया है, जिसके कारण किसानो की मुश्किलें बढ़ा दी है। वहीं माल रोड से बहादुरपुर गांव को जोड़ने वाली सड़क पर भी पानी पहुंच चुका है, जिस कारण इन गांवों से आने-जाने वाले ग्रामीणों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अकड़रिया कलां गांव निवासी सुरेश लोधी ने बताया कि मेरे घर तक पानी आ गया है जहां खाना बनता है वहां पानी पहुंच गया है जहां जानवर बांधते हैं वहां भी पानी भर गया है बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे तमाम किसान है जो बाढ़ के पानी से परेशान दिखाई पड़ रहे हैं। वहीं बीते शनिवार को बीकेटी एसडीएम ने इन गांवों में गोमती किनारे प्रभावित क्षेत्रो का निरीक्षण किया और किसानों से वार्ता की।

## पहलवानों ने एक दूसरे को पटकनी दे जीते इनाम

- युवा भाजपा नेता ने पुरस्कृत कर पहलवानों का बढ़ाया हौसला

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

ग्राम पंचायत मवईकला में भव्य दंगल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रदेशों के पहलवानों ने प्रतिभाग किया। पहलवानों ने अपनी अपनी ताकत दिखा एक दूसरे को पटकनी दे इनाम जीते। विजयी पहलवानों को युवा भाजपा नेता एवं प्रधान प्रतिनिधि जितेन्द्र गौतम ने पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया।

ग्राम पंचायत मवईकला में कई दशकों से भव्य दंगल मेले का आयोजन रक्षाबंधन पर्व के दिन होता चला आ रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष भी दंगल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के अतिरिक्त पंजाब, गुजरात, राजस्थान सहित अन्य कई प्रदेशों के पहलवानों ने भाग लिया। दंगल मेला समिति ने कई कुश्तियां आयोजित कराई। जिसमें पहलवानों ने अपनी अपनी ताकत दिखा पुरस्कार की धनराशि जीती। विजयी पहलवानों को भाजपा के युवा नेता मण्डल उपाध्यक्ष एवं प्रधान प्रतिनिधि जितेन्द्र गौतम ने पुरस्कार की धनराशि देने के साथ उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। दंगल मेले में कुश्ती लड़ रहे पहलवानों को सम्बोधित करते हुऐ उन्होंने कहा कि कुश्ती में ताकत के साथ दिमाग की भी जरूरत होती है। कुश्ती से मस्तिष्क भी बढ़ता है। उन्होंने पहलवानों को आश्वस्त किया कि इस वर्ष की भांति ही अगले वर्ष भव्य दंगल मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें इनाम की धनराशि में बढ़ोत्तरी की जायेगी। दंगल मेले में क्षेत्र की जनता के साथ मेला समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिन्होंने कुश्ती लड़ रहे पहलवानों का हौसला अफजाई किया।

## असनहा ग्राम प्रधान ने आरोप लगाया कि, ग्राम समाज व चक मार्ग पर बने हैं फार्म हाउस, मेरे ऊपर लगे आरोप बेबुनियाद

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ ज़िले बीकेटी तहसील क्षेत्र महिगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत असनहा प्रधान राजू ने बताया कि, यह जो आरोप दुर्गेश सिंह लग रहे हैं, यह सब गलत है, निराधार हैं, इनका सिर्फ एक मकसद है, हमारे गांव की जमीन, जैसे ग्राम समाज, सरकारी चक मार्ग हैं उसके पीछे हमारी जमीन है। राजू ने आरोप लगाते हुए बताया कि, हमारे ऊपर 307 का फर्जी मुकदमा लगाया है, वह बिल्कुल फर्जी है, वहां पर कोई आदमी नहीं था,जिस घटना पर मुकदमा दर्ज हुआ, उस जगह पर दूर-दूर तक कोई नहीं था, राजू ने बताया कि दुर्गेश हमारे साथ में पांच साल से काम कर रहा था और दुर्गेश सिंह को लाने वाले हम ही हैं और नोबेल पार्क यह एक लाख रुपए लेकर आया था, दुर्गेश ने भिखारीपुर गांव पास में पड़ने वाली ग्राम समाज व सरकारी चकमार्ग की जमीन पर 16 फार्म हाउस बना दिए गये हैं, राजू ने बताया कि हमने दुर्गेश से कहा कि हमारे गांव की बारात इसमें रुकेगी, यह जमीन को आप छोड़ देना, पहले दुर्गेश ने आश्वासन दिया था कहा था छोड़ देंगे, जब हमने कहा जमीन छोड़ दो,सरकारी चक मार्ग पर घर बना दिए गए, 16 फार्म हाउस दिखाकर दुर्गेश ने लगभग 35 फार्म एक्स्ट्रा बेच डाला हैं, जिसके कारण उसको जमीन नहीं मिल पा रही हैं, जिससे कि वह परेशान है, जिन लोगों ने प्लाट लिए हैं,उनका दबाव पड़ रहा है, तब उन्होंने राजू से कहा कि यह जमीन हमको दे दो,तो राजू ने कहा हमको हमारा पैसा दे दो और हम आपको जमीन दे दें। राजू ने बताया कि जो हमारा दुर्गेश का रेट तय हुआ था उसे रेट का हमको दुर्गेश पैसा दे दे और हमसे जमीनले लें। वहीं राजू ने बताया कि दुर्गेश ने कहा कि हम जबरदस्ती लिखवाएंगे और इतने फर्जी मुकदमे लिखवा देंगे कि तुम जेल से नहीं छूटोगे, यह सरकारी चक मार्ग का 562 गाटा पर 16 फार्म हाउस बना दिए गये हैं, जब राजू ने इसका विरोध किया, कहा कि यह सरकारी चकमार्ग है, तो दुर्गेश ने कहा शासन प्रशासन ऊपर तक सब हम निपट लेंगे। राजू ने आरोप लगाया कि दुर्गेश ने हमारे गांव में 32 हज़ार स्क्वायर फीट जमीन खरीदी थी और 32 हज़ार स्क्वायर फीट टोटल जमीन उसने बेच डालीं है, अगर दुर्गेश कागज पर दिखाएं तो उनके पास नोबल पार्क के नाम से एक इंच भी जमीन नहीं बची है। राजू ने कहा कि जो हमारे ऊपर रंगदारी मांगने के आरोप लगे हैं, हमारा व्यवहार क्षेत्र में बहुत अच्छा है क्षेत्र में पूछताछ कर पता किया जाए सब पता चल जाएगा। वहीं राजू ने आरोप लगाया कि नोबल पार्क का डेमो फार्म हाउस सब फर्जी तरीके से बना रखा है।

### प्रधान पर रंगदारी मांगने, गोली चलाने व जमीन हड़पने के लगे थे आरोप

दुर्गेश सिंह ने असनहा ग्राम पंचायत के राजू प्रधान व अन्य दो लोगों पर रंगदारी मांगने रात में गोली चलाकर जान से मारने की नीयत से महिगवां थाने में शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं दुर्गेश ने आरोप लगाया था कि नोबल पार्क में हमारी जमीन है जिस पर राजू व अन्य लोगों द्वारा दबंगई से कब्जा किए हैं, कुछ दिनों पहले रात में गोली चलाई गई, जिसका सीसीटीवी कैमरे में वीडियो भी बना हुआ है, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है,दुर्गेश सिंह बताया कि राजू, मुख्तार गाजी अन्य लोगों द्वारा दबंगई करने व प्रताड़ित करने का आरोप लगाएं हैं। पुलिस पूरे मामले पर जांच पड़ताल कर रही है।

# सड़क हादसा : तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक को मारी टक्कर, गंभीर घायल-लखनऊ रेफर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले के जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के हारीमऊ गांव के पास रविवार सुबह करीब 11 बजे एक सड़क हादसे में बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार से आ रही डीसीएम अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे बाइक सवार से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि डीसीएम आगे जाकर एक ऑटो से रगड़ खाती हुई पलट गई। हादसे में घायल हुए व्यक्ति की पहचान तिलकराज सिंह 45 वर्ष पुत्र सूर्य भान सिंह निवासी पर्वतपुर थाना जामों के रूप में हुई है बताया जाता है कि दुर्घटना के समय तिलकराज ने हेलमेट नहीं पहन रखा था,जिसके कारण उन्हें सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। हादसे में उनकी बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और एंबुलेंस की मदद से घायल को जगदीशपुर ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर जगदीशपुर थाना के अतिरिक्त निरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घायल को अस्पताल भेजने के बाद डीसीएम को कब्जे में ले लिया गया है।वाहन चालक इस हादसे में बाल-बाल बचा है।

पुलिस ने वाहन को सीज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन तेज रफ्तार वाहन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। ग्रामीणों ने सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने और यातायात नियंत्रण के लिए प्रशासन से मांग की है। यह हादसा एक बार फिर इस बात की चेतावनी देता है कि सड़क पर वाहन चलाते समय रफ्तार पर नियंत्रण और हेलमेट जैसे सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल कितना जरूरी है। थोड़ी सी लापरवाही जिंदगी पर भारी पड़ सकती है।

### रायबरेली में दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

**रायबरेली।** जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भदोखर पुलिस ने दुष्कर्म के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 10 अगस्त 2025 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बेहटापुल के पास से दोनों आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक उर्फ मनई उर्फ रोहित पुत्र किशोर और दाढ़ी उर्फ छोटेलाल पुत्र स्वर्गीय रामदयाल के रूप में हुई है। दोनों बेहटा खुर्द, थाना भदोखर, रायबरेली के निवासी हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना भदोखर में मुकदमा संख्या 252६2025 धारा 70(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। गिरफ्तारी अभियान में उपनिरीक्षक मोहम्मद जिब्राईल और आरक्षक राहुल पाल की टीम शामिल थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अपराध और अपराधियों के खिलाफइस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# स्नेह की डोर में बंधा भाई-बहन का रिश्ता, हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षा बंधन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

सावन मास की पूर्णिमा पर भाई-बहन के अटूट स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षा बंधन का पर्व जनपद के गौरीगंज, अमेठी, तिलोई, मुसाफिर खाना, जगदीशपुर क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक उल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों में रौनक रही, मिठाइयों की दुकानों और राखी के स्टालों पर भीड़ उमड़ी।बहनों ने भाइयों के मस्तक पर रोली-चावल से तिलक लगाकर, आरती उतारकर रक्षा सूत्र बांधा और उनकी लंबी आयु व सुख- समृद्धि की कामना की।बदले में भाइयों ने उपहार भेंट कर जीवनभर रक्षा का संकल्प दोहराया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, रक्षा बंधन की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। एक कथा में वर्णन है कि



असुरराज बली ने भगवान विष्णु से अपनी रक्षा का वचन लिया, जिसके चलते विष्णु जी उनके द्वारपाल बनकर रहने लगे। देवी लक्ष्मी ने राजा बली को राखी बांधकर उन्हें अपना भाई बनाया और विष्णु जी को मुक्त कराया। महाभारत काल की एक अन्य कथा के अनुसार जब भगवान श्रीकृष्ण की उंगली में चोट लगी तो द्रौपदी ने अपनी साड़ी का आंचल फाड़कर घाव पर बांध दिया। इस स्नेह से भावुक होकर श्रीकृष्ण ने आजीवन उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। रक्षा बंधन केवल एक त्यौहार नहीं, बल्कि विश्वास, सम्मान और जिम्मेदारी का प्रतीक है।

इस दिन सगे भाई-बहन ही नहीं, बल्कि रिश्तेदारी, मित्रता और सामाजिक भाईचारे में भी राखी बांधने की परंपरा निभाई जाती है। जनपद में कस्बों के साथ-साथ गांवों में भी दिनभर रक्षा बंधन का उत्साह देखने को मिला। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना हुई, घरों में पारंपरिक व्यंजन बने और राखी बांधने व मिठाई बांटने का सिलसिला पूरे दिन आत्मीयता और प्रेम के वातावरण में चलता रहा।

# वारदात की फिराक में घूम रहे बदमाश : एक गिरफ्तार, तीन फरार, कार से असलहे व लोहे की रॉड बरामद

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के बख्तावर नगर में शनिवार देर रात ग्रामीणों की सतर्कता से एक बड़ी वारदात टल गई। बिना नंबर की कार पर सवार होकर घूम रहे सात बदमाश किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।ग्रामीणों को शक होने पर उन्होंने पीछा किया, जिससे घबराकर बदमाश कार समेत भागने लगे।पारा गांव के पास सर्विस लेन से गुजरते समय कार बेकाबू होकर सड़क किनारे बेपटरी हो गई। कार रुकते ही उसमें सवार तीन बदमाश मौके से फरार हो गए, जबकि एक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। और उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाश को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। कार में मौजूद बाकी तीन बदमाश मौके से पहले ही निकल चुके थे। पुलिस के अनुसार कार से लाठी- डंडे, लोहे की रॉड और अवैध असलहे बरामद किए गए हैं। पूछताछ में पता चला है कि पकड़े गए फरार बदमाश मोहनगंज व जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। और सभी अपराधी प्रवृत्ति के हैं। इन पर चोरी व लूट जैसी वारदातों के कई मामले दर्ज हैं। थाना प्रभारी बाजार शुकुल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी है। और बाकी फरार बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस की टीमें गठित की गई हैं। घटना में प्रयुक्त कार भी कब्जे में ले ली गई है। ग्रामीणों ने बताया कि बदमाश दो दिन से गांव के आस- पास घूमते देखे जा रहे थे, लेकिन शनिवार देर रात उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगने लगीं। जैसे ही ग्रामीणों ने पीछा किया, बदमाश भागने लगे और इसी दौरान हादसा हो गया। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही इस वारदात के पीछे की मंशा और संभावित लक्ष्य का भी पता लगाया जा रहा है।

# राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान में अनुगम 2025 का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस में दो दिवसीय अनुगम-2025 समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन मुख्य रूप से बी.टेक पाठ्यक्रमों में, अकादमिक सत्र 2025-26 में नामांकन लिये छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों का स्वागत करने के उद्देश्य से किया गया। अनुगम समारोह का उद्घाटन शनिवार को को किया गया। अनुगम-2025 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आचार्य एम पी.गुप्ता, निदेशक, आई आई एम, लखनऊ, विशिष्ट अतिथि निदेशक फिन ट्रस्ट एडवाइज़र रोहित थॉमस कोशे, तथा संस्थापक एलज़ाटेक एवं ओडियो कुनाल जैन तथा संस्थान के निदेशक आचार्य हरीश हिरानी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संस्थान के संचालक मण्डल के अध्यक्ष तथा आईसीटी मुम्बई के कुलपति आचार्य अनुरुद्ध बी.पंडित अनुगम समारोह में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे। कार्यक्रम का आरम्भ छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना की प्रस्तुति से हुआ।




संस्थान के निदेशक आचार्य हरीश हिरानी ने कहा कि अनुगम 2025 का आयोजन इस वर्ष नामांकन लिए बच्चों व उनके अभिभावको के लिए स्वागत सह परिचय कार्यक्रम के रूप में किया गया है,ताकि उन्हें संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं व संबंधित प्राध्यापकों से परिचय कराया जा सके।आचार्य हिरानी ने देश के विभिन्न बेसिनों में अधिक खोज की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि घरेलू कच्चे तेल के उत्पादन में वृद्धि करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम हो और भारत की ऊर्जा सुरक्षा मज़बूत हो। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन को भविष्य के लिए तैयार स्वच्छ ऊर्जा समाधान के रूप में प्रस्तुत किया, जो भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता को मज़बूत करते हुए टिकाऊ ऊर्जा प्रणाली के परिवर्तन के लिए आवश्यक है। मुख्य अतिथि आचार्य एम.पी.गुप्ता ने नव प्रवेशित बी.टेक छात्रों को समर्पण और उत्कृष्टता के जुनून के साथ अपनी शैक्षणिक यात्रा शुरू करने के लिए प्रेरित किया।

अपने संबोधन में उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सिद्धांतों और तकनीकों में महारत हासिल करने के अलावा, समस्या- समाधान कौशल, विश्लेषणात्मक सोच और रचनात्मकता को विकसित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। ये ऐसे गुण हैं जिनका अनुसंधान उद्योग और समग्र समाज में अत्यधिक महत्व है। आरजीआईपीटी संचालक मण्डल के अध्यक्ष तथा आईसीटी मुम्बई के कुलपति आचार्य अनुरुद्ध बी.पंडित ने ऊर्जा के सदुपयोग में इंजीनियरिंग के विभिन्न विभागों के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए आरजीआईपीटी द्वारा प्रदान किए जाने वाले वैकल्पिक पाठ्यक्रमों को रेखांकित किया।विशिष्ट अतिथि श्री कुनाल जैन ने विद्यार्थियों को अपने इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम से जुड़े मूलभूत विषयों के अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई और मशीन लर्निंग जैसी तीव्र गति से विकसित हो रही तकनीकों के साथ स्वयं को अनुकूलित करने की आवश्यकता पर जोर देने के साथ, छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक आचार्य हरीश हिरानी ने किया।इस अवसर पर संस्थान के समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले आचार्य चंचल कुण्डु के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# घरेलू विवाद ने ली खौफनाक शक्ल : पत्नी ने पति को नशीला पदार्थ खिलाया-चाकू से किया हमला, प्राइवेट पार्ट काटा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र में रविवार तड़के पति-पत्नी के विवाद ने भयावह मोड़ ले लिया।आरोप है कि दूसरी पत्नी ने पति को पहले नशीला पदार्थ पिलाया,फिर चाकू से कई बार वार करने के बाद उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया।

गंभीर हालत में घायल को एम्स रायबरेली में भर्ती कराया गया है। पीड़ित अंसार अहमद 38 वर्ष की पहली शादी करीब 14 साल पहले अयोध्या जिले के इटौंजा निवासी साबितुल से हुई थी। संतान न होने पर उसने हारीमऊ निवासी नाजनीन बानो से दूसरी शादी की। परिजनों के अनुसार शुरुआत में दोनों पत्नियों के बीच सब ठीक रहा, लेकिन नाजनीन जल्द ही पहली पत्नी को तलाक देने का दबाव बनाने लगी। अंसार के मना करने पर दोनों के बीच अक्सर झगड़े होने लगे।

घटना की रात नाजनीन घर आई और बहस शुरू हो गई। तड़के करीब तीन बजे उसने पानी में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर अंसार को पिला दिया। थोड़ी देर बाद जब वह अर्ध-बेहोश हो गया,तो नाजनीन ने चाकू से उसके पेट और शरीर के अन्य हिस्सों पर कई वार किए। इसके बाद उसने आंखों और घावों पर लाल मिर्च पाउडर डाला,और फिर प्राइवेट पार्ट काट दिया। अंसार की चीख सुनकर उसका भाई सूफियान कमरे की ओर भागा, लेकिन दरवाजा बंद था। आवाज देने पर नाजनीन ने दरवाजा खोला और धक्का देकर बाहर भाग निकली।

अंदर पहुंचने पर परिजनों ने देखा कि फर्श पर खून फैला था,और अंसार लहूलुहान हालत में पड़ा था। उसे तुरंत जगदीशपुर ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताकर एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और आरोपी नाजनीन को हिरासत में ले लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष राघवेंद्र यादव के अनुसार आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पूछताछ जारी है। इस घटना के बाद गांव में दहशत और चर्चा का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि दोहरी शादी और आपसी अविश्वास ने रिश्ते को हिंसा में बदल दिया। परिजन इस वारदात से सदमे में हैं। और पीड़ित की हालत को लेकर चिंतित हैं।सीओ मुसाफिरखाना अतुल सिंह ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से खून से सना चाकू और लाल मिर्च पाउडर बरामद किया है।मामले की विस्तृत जांच जारी है,और आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

### चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** थाना ऊंचाहार क्षेत्र में बीती रात 09/10 अगस्त 2025 को संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना ऊंचाहार व एसओजी/ सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने एनटीपीसी शारदा नहर के पास दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान रोहित सरोज उर्फ गोविन्द उर्फ बौड़म पुत्र सदाशिव सरोज निवासी गुरौली का पुरवा थाना संग्रामगढ़, जनपद प्रतापगढ़ और मोनू सरोज पुत्र मुन्नालाल सरोज निवासी गोसाई का पुरवा मजरे पुरमई थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। दोनों ने भागने का प्रयास किया और पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में रोहित सरोज के दाहिने पैर में गोली लग गई।

# अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की प्रतीक थीं फूलनदेवी : इं. वीरेन्द्र यादव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार वीरांगना फूलन देवी पूर्व सांसद की जयंती कार्यक्रम समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में एक विचार गोष्ठी का आयोजन कर श्रद्धापूर्वक मनाया गया। फूलनदेवी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव ने कहा कि उन्होंने जुल्म व अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष किया वह निडर, स्वाभिमानी एवं दृढ़निश्चयी महिला थी।

आत्मसम्मान के लिए झुकने का नहीं लड़ने का विकल्प चुना जिसमें फूलनदेवी को जेल की सलाखों में कैद होना पड़ा।अन्याय एवं शोषण का शिकार हुई फूलनदेवी को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पूर्व



मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने उनकी सजा माफ कर उन्हें समाजवादी पार्टी से मिर्जापुर सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ाकर दो बार सांसद बनाया। पूर्व सांसद फूलन देवी ने जंगल के बीहड़ों से निकलकर देश की संसद में पहुंचकर शोषितों पीड़ितों की आवाज उठायी।

कार्यक्रम को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा आफताब अहमद, जिला महासचिव मो.अरशद खान, जिला उपाध्यक्ष राजेश मौर्या, सुरजीत सिंह, श्रवण चौधरी, संदीप शुक्ला, शिव नारायण सोनकर, राजेंद्र यादव, आलोक यादव, अरुण प्रताप यादव, जेपी यादव, राकेश यादव, इजहार ख़ान, नीलेश यादव, रेहान, रागीदीन बाजपेयी, फहीम अहमद, आशीष प्रजापति, सौरभ सिंह, विकास मौर्या, दीपू शुक्ला, राजीव गौतम, घनश्याम यादव, मो. कैफ, शैलेश लोधी, अहमद हसन, देवतादीन यादव आदि ने भी फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विचार व्यक्त किया।

# भाद्र मास के पहले रविवार पर गंगा में उमड़े श्रद्धालु : डलमऊ के विभिन्न घाटों पर हजारों भक्तों ने किया स्नान

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



डलमऊ रायबरेली में भाद्र माह के पहले रविवार को हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में स्नान कर आस्था का प्रदर्शन किया। सुबह से ही डलमऊ के सड़क घाट, पक्का घाट, रानी जी का शिवाला घाट, संकट मोचन घाट, महावीरन घाट, दीनशाह गौरा घाट और पथवारी घाट सहित अन्य घाटों पर भक्तों की भीड़ जमा रही।

सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सभी घाटों पर पुलिस बल तैनात रहा। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने नदी तट पर स्थित विभिन्न मंदिरों में पूजा-पाठ की और भगवान भास्कर (सूर्य) को अर्घ्य दिया। भाद्रपद महीने में रविवार को स्नान का विशेष महत्व माना जाता है।

इस अवसर पर भक्तों ने तीर्थ पुरोहितों को अन्न, धन और वस्त्र आदि का दान किया। गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नगर पंचायत द्वारा घाटों पर व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे।

डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड ने बताया कि भादो माह के रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को कोई समस्या न हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किया गया। तीर्थ पुरोहित निर्भय तिवारी के अनुसार, भाद्र माह के रविवार को गंगा स्नान करने और गरीबों को दान देने से सभी असाध्य रोग मिट जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस दिन भगवान सूर्य की पूजा करने से साधक को सूर्य देव की कृपा प्राप्त होती है।

### रायबरेली में 60 लाख की चोरी का खुलासा : पुलिस ने मुठभेड़ में दो आरोपी पकड़े

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** रायबरेली पुलिस ने ऑपरेशन लंगड़ा के तहत 60 लाख रुपये से अधिक की चोरी का खुलासा किया है। ऊंचाहार कोतवाली पुलिस ने अंतरजनपदीय चोर गिरोह के दो शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। जवाबी फायरिंग में आरोपी रोहित के पैर में गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरा आरोपी मोनू सरोज (निवासी गोपालपुर, प्रतापगढ़) मौके पर ही पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की लाइसेंसी रिवॉल्वर, एक देशी तमंचा, 315 बोर का कट्टा, 32 बोर की बंदूक और करीब 50 लाख रुपये मूल्य का सोना बरामद किया है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कबूल किया कि 22 जुलाई को मकान मालिक के बाहर रहने का फायदा उठाकर साथियों के साथ वारदात को अंजाम दिया था। चोरी का माल आपस में बांट लिया था। रायबरेली के एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि आरोपियों ने ऊंचाहार कस्बे में कई जगहों पर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। रायबरेली स्वॉट और सर्विलांस टीम के साथ ऊंचाहार कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एनटीपीसी के आगे मुठभेड़ की।

# 28 अगस्त तक चलेगा अभियान : जिला मलेरिया अधिकारी ने भी किया दवा का सेवन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

राष्ट्रीय फाइलेरिया उम्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद के आठ ब्लाक में सर्वजन दवा सेवन अभियान शुरू हुआ। अभियान का शुभारम्भ रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बेला भेला (राही) पर फाइलेरियारोधी दवा का सेवन कर किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जनपद को फाइलेरिया मुक्त करने के लिए जरूरी है कि सभी योग्य लाभार्थी फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करें। उन्होंने भी फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया है और वह पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चन्द्र यादव ने कहा कि यह अभियान जनपद के आठ ब्लाक- राही, खीरों, बछरावां, सलोन, जतुआटप्पा, हरचंदपुर, महाराजगंज और डीह में 28 अगस्त तक चलेगा। इन आठ ब्लाक में माइक्रोफाइलेरिया रेट एक से अधिक है। इन क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता जब भी घर पर दवा खिलाने आयें तो दवा का सेवन जरूर करें क्योंकि



फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी है जो कि ठीक नही होती है और इसके लक्षण पांच से 15 साल बाद दिखायी देते हैं। आईडीए अभियान साल में एक बार चलाया जाता है। लगातार तीन साल तक साल में एक बार दवा खाने से फाइलेरिया से बचाव संभव है। एक साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमारी से पीड़ित को छोड़कर सभी को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करना है। याद रखें कि फाइलेरिया से बचाव की दवा आशा कार्यकर्ता के सामने ही खानी है और खाली पेट नहीं खानी है। दवा खाने के बाद जी मिचलाना, सिर दर्द, चक्कर आना जैसी समस्यायें होती हैं घबराने की जरूरत नहीं है। यह खुशी की बात है कि शरीर में माइक्रोफाइलेरिया थे और इनके मरने के परिणामस्वरूप यह लक्षण दिखाई दिए। इस अवसर पर सभी ने फाइलेरिया उन्मूलन की शपथ ली। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम की मॉनिटरिंग पाथ और विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा मोबिलाइजेशन सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च(सीफॉर) व प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल (पीसीआई) द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा समुदाय में स्तर पर सीएचओ- पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) के नेतृत्व में जन जागरूकता फैला रहें हैं। जिसमें स्वास्थ्यकर्मियों, ग्राम प्रधानों, कोटेदारों जैसे स्थानीय हितधारक भी जुड़े हुए हैं।

इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी.एस. अस्थाना, सीएचसी अधीक्षक डॉ. राकेश यादव, वरिष्ठ प्रयोग शाला प्राविधिज्ञ राजेश कुमार मिश्रा मलेरिया निरीक्षक आतिफ खान, सहयोगी संस्था प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल (पीसीआई) और सीएचसी कर्मी मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपद के अन्य सात ब्लाक में भी दवा सेवन का कार्यक्र आयोजित हुआ। बछरावां में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार, खीरों एवं जतुआटप्पा में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार, हरचंदपुर और महाराजगंज में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शरद कुशवाहा, सलोन में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, डीह में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.एस.कोठार द्वारा स्थानीय जन प्रतिनिधियों के माध्यम से सीएचसी पर स्थापित बूथों पर कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया गया।

**पीएसपी सदस्यों ने भी लिया अभियान में हिस्सा**

ग्राम प्रधान बड़िया फुलवरिया कृष्ण मोहन तिवारी ने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर अभियान का शुभारम्भ किया और ग्रामीणों को भी फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया।

# बिठूर विधायक की अगुवाई में रानी लक्ष्मीबाई चौराहा से निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिठूर। आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस के पूर्व बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा की अगवाई में रानी लक्ष्मीबाई चौराहा बिठूर से विशाल एवं भव्य तिरंगा यात्रा निकल गई। तिरंगा यात्रा की शुरुआत चुंगी चौराहे पर स्थित रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा का माल्यार्पण कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, ग्रामीण जिला अध्यक्ष उपेंद्र पासवान, क्षेत्रीय विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने की। यह तिरंगा यात्रा चुंगी चौराहे से बिठूर कस्बा होते हुए नाना राव पेशवा पार्क पहुंची। यहां पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नाना साहब पेशवा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संबोधित करते हुए बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने कहा कि आज गौरव का क्षण है कि हम सभी लोगों के द्वारा तिरंगा यात्रा आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस के पूर्व निकल गई है। इस पवित्र भूमि पर खड़े होकर हम सभी एकता और अखंडता की शपथ लेते हैं। इसी कड़ी में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि यह भूमि नाना साहब एवं रानी लक्ष्मीबाई ऐसे ही ना जाने कितने अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की कर्मभूमि है। और आज यहां से यह तिरंगा यात्रा निकल गई है। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम के समापन की घोषणा कानपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष उपेंद्र पासवान द्वारा की गई। इस तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष पंडित कृष्ण मुरारी शुक्ला, पुष्कर शुक्ला, मनोज शुक्ला, शिवम दीक्षित, अर्पित दीक्षित, राशिद खान, शिवाजी पांडे उर्फ मामा, राजेश यादव, अशोक कुमार निषाद, मछ्छू इंजीनियर आकाश निषाद, मछ्छू निषाद, श्रीकांत त्रिपाठ,अमन सिंह, वैभव दीक्षित, धर्मेंद्र पाल, प्रमुख मौजूद रहे।

## निकला चेहल्लुम का जुलूस

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जैदपुर। नगर पंचायत जैदपुर में रविवार को हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले चेहल्लुम का सिलसिला क्षेत्र में शुरू हो गया है। इसी कड़ी में रविवार को थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मौथरी में चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया। जुलूस में अकीदतमंदों ने अपने कांधों पर ताजिया रखकर या हुसैन या हुसैन की सदाएं बुलंद कीं। ग्राम पंचायत मौथरी में चेहल्लुम चांद की 15 तारीख को ताजिया उठाए जाते हैं। इस परंपरा के अनुसार रविवार को दिन में ताजिया उठाए गए। इस अवसर पर ताजियादार अब्दुल सलाम, आसिफ, फुरकान, मैईनुद्दीन, हाजी अबरार, इरशाद और मोहम्मद मतीन सहित कई लोग मौजूद थे। जुलूस के दौरान जैदपुर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिए गांव में तैनात रही। सुरक्षा व्यवस्था में दरोगा हलीम बाबू, दरोगा नीरज, मिंटू सिंह, जय प्रकाश, सुनील यादव और महिला कांस्टेबल अनामिका तिवारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनी रही।

# युवक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव रतन पुरवा में युवक को गांव के ही युवक ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत बताया। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के रतन पुरवा मजरा मलांव निवासी गंगा प्रसाद (45) पुत्र महावली गांव के बाहर बने रतनगीर बाबा मंदिर की रोज सफाई करता है। रविवार सुबह भी वह रोज की तरह मंदिर में सफाई करने जा रहा था। बताते है कि इस दौरान गांव का ही राधे पुत्र रामेश्वर पीछे से पहुंचा और किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। राधे ने गंगा प्रसाद पर धारदार हथियार से वार कर दिया और मौके से फरार हो गया।जिससे गंगा प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे एंबुलेंस से नवाबगंज सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। घटना की जानकारी पर हसनगंज क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जांच पड़ताल की। मृतक की पत्नी ममता रक्षाबंधन पर अपने तीन बच्चों गौतम, साहिल, सूरज के साथ अपने मायके कुसुंभी गांव गई थी। घटना की जानकारी पर वह सीएचसी पहुंची। मौत होने की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ममता ने राधे के खिलाफ तहरीर दी लेकिन विवाद का कारण नहीं बता सकी। हसनगंज क्षेत्राधिकार अरविंद चौरसिया ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ चल रही।

# यूरिया खाद को लेकर किसानों में मचा हाहाकार, किसानों ने शुरु किया धरना प्रदर्षन

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सिरौलीगौसपुर। खाद की कमी से परेशान सैकड़ों किसान एक खाद की दुकान के सामने धरने पर बैठ गए। इसी बीच एक किसान ने अपने ऊपर डीजल डाल कर आग लगाने का प्रयास किया। जिसे वहां पर मौजूद पुलिस ने किसी तरह आग लगाने से रोंक लिया। घंटों चले प्रदर्शन के बाद तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा की उपस्थिति में पुलिस पहरे के बीच एक ट्रक खाद का वितरण किया गया। इन दिनों खाद के लिए केंद्रों के चक्कर काट रहे किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। रविवार को बदोसरांय थाना क्षेत्र के रसूलपुर स्थिति शिव फर्टीलाईजर की दुकान पर एक ट्रक खाद लदा ट्रक खडा होने की सूचना पर किसानों का जमावड़ा लग गया। एकत्रित किसान खाद पाने के लिए बदोसरांय कस्बे के निवासी कांग्रेस कार्यकर्ता राकेश पाण्डेय की अगुवाई में ट्रक के समीप ही धरने पर बैठ गए। किसानों के धरने में एक किसान ने खुद पर डीजल छिड़ककर आत्महत्या की कोशिश की। इस दौरान किसान को आग लगाने से बचाया गया। इसकी सूचना मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया।इसके बाद मौके पर तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा और बदोसराय कोतवाल संतोष कुमार ने मौके पर पहुंचकर किसानों से मामले की जानकारी ली। इसके बाद आक्रोशित किसानों को समझा बुझाकर खाद का वितरण शुरू कराया गया। किसानों का आरोप था कि एक ट्रक पर करीब 700 बोरी यूरिया खाद पहुंची थी, लेकिन उस खाद को वितरण न करके अन्य दूसरे ट्रक पर लादने का प्रयास किया जा रहा था। जिसके बाद किसान आक्रोशित हो गए। वहीं पर तिरपाल बिछाकर धरना प्रदर्शन करने लगे। सूचना के बाद शाम करीब 4 बजे तहसीलदार किसानों को मनाने में जुटे रहे। तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा व कोतवाल संतोष कुमार किसानों को मना ही रहे थे कि इतने में किसान त्रिभुवन वर्मा निवासी पीठापुर ने बोतल में ज्वलनशील पदार्थ लेकर आया और उनके सामने ही छिड़कर आग लगाने का प्रयास करने लगा। लोगों ने बोतल छीना और उसको पकड़ लिया। किसान पूरा खाद इसी क्षेत्र में वितरण करने की मांग पर अड़े हुए थे। वहीं तहसीलदार किसानों से बातचीत करते हुए काफी देर बाद खाद का वितरण शुरू कराया। किसान त्रिभुवन ने बताया कि नगराम खाद भंडार में तीन दिन से खाद लेने आते हैं पर खाद नहीं मिल रहा है। इससे मैं काफी परेशान हो गया हूं। अधिकारी खाद को लेकर बात नहीं कर रहे हैं। अगर खाद न मिला तो जान दे दूंगा। किसानों ने एक ऐसे ट्रक को रोका, जिसमें उनके क्षेत्र के लिए आई खाद को चोरी-छिपे दूसरे केंद्र पर भेजा जा रहा था। सुबह से किसान लाइन में लगे थे सैकड़ों किसान जब उन्हें जानकारी हुई खाद नही मिलेगी तो किसान ट्रक के पास धरने पर बैठे गए और कहने लगे कि जब तक उन्हें खाद नहीं मिलेगी, वे वहां से नहीं हटेंगे। राकेश पान्डेय ने बताया कि यह उर्वरक उनके क्षेत्र के लिए आई थी, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण इसे दरियाबाद भेजा जा रहा था। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस विरोध का किसी किसान यूनियन या संगठन से कोई संबंध नहीं है। किसान कृपाराम ने भी अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि वे कई दिनों से खाद के लिए चक्कर काट रहे हैं। किसान सत्यम वर्मा ने आरोप लगाया कि रामनगर विधानसभा क्षेत्र में खाद नहीं मिल रही है, जबकि दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र को खाद भेजी जा रही है। किसान चंदन सोनकर ने अधिकारियों से मांग की है कि खाद की जांच करवाकर उचित वितरण किया जाए। जिस क्षेत्र के लिए खाद आई है, वहीं इसका वितरण होना चाहिए।

## एसडीए व नायब तहसीलदार ने कमालपुर खोदन गौशाला निरीक्षण में फटकार लगाई



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर ब्लॉक अंतर्गत शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीर में कई मवेशी के मृत पड़े होने की फ़ोटो वायरल होने पर मुख्यविकास अधिकारी दीक्षा जैन ने सचिव को निलम्बित कर बिल्हौर एसडीएम को निरीक्षण के निर्देश गए थे। रविवार को बिल्हौर एसडीएम डॉ संजीव दीक्षित ने शिवराजपुर ब्लाक के कमालपुर खोदन की गौशाला में निरीक्षण कर ग्राम प्रधान कमलेश को जमकर फटकार लगाई है,शनिवार को गौशाला में जमीन पर मृत पड़े क ई मवेशी की तस्वीर सोशल मडिया पर जमकर वायरल हो गई थी,हरकत में अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से संबंधित सचिव राकेश झा को निलंबित कर दिया था, एसडीएम डॉ संजीव दीक्षित ने बताया कि गौशाला में 361 मवेशी है,4 बीमार पड़े जबकि शनिवार को एक की मौत हो चुकी है, बीमार मवेशियों को अलग रखकर खान पान हरे चारे के साथ उचित व्यवस्था बंदोबस्त किए जा रहे है,

बीमार मवेशियों को चिकित्सकों द्वारा लगातार इलाज जारी है जल्द ही उनको स्वास्थ्य अवस्था में लाया जाएगा, ग्राम प्रधान को गौशाला में साफ सफाई के कड़े निर्देश दिए है, खंड विकास अधिकारी बलराम ने बताया कि समय समय पर क्षेत्र की अन्य गौशालाओं में निरीक्षण कर उनकी हकीकत परखी जाएगी, अव्यवस्था मिलने पर संबंधित कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पशु चिकित्सा अधिकारी से प्रतिदिन गौशाला पहुंचकर रिपोर्ट करने को कहा है।

## सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में हुआ व्यापक सुधार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देशन में जिले के सभी अधिकारियों के प्रयासों से सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में गत माह के सापेक्ष व्यापक सुधार हुआ है। इस माह जनपद की विकास कार्यों में 09वीं रैंक है, जबकि गतमाह जनपद की रैंकिंग 47 थी। इसी प्रकार इस माह जनपद की राजस्व व विकास कार्यों की सम्मिलित रैंक 11वीं है, जबकि गतमाह 25 वीं रैंक थी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिले के सभी अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी अधिकारी और प्रयास करें, जिससे कि हमारा जनपद सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पा सके। उल्लेखनीय है कि सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों की 54 परियोजनाओं को ए ग्रेड मिला है। इसी प्रकार 08 परियोजनाओं को बी ग्रेड और 03 परियोजनाओं को सी ग्रेड प्राप्त हुआ है।

# नदी में डूबे युवक को गोताखोरों नदी से बरामद कर लिया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

पुरवा लोन नदी में दोस्तो के साथ रविवार दोपहर लगभग चार बजे नहाने गया 18 वर्षीय युवक गहराई में जाने से डूब गया।दोस्तो की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन ने खोजने का प्रयास किया।परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंगाघाट से गोताखोरों को बुला रेस्क्यू कराया। रेस्क्यू के बाद गोताखोरों ने युवक का शव नदी से बरामद कर लिया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। क्षेत्र के गांव अतरसई निवासी मजदूर बिंदालाल का 18 वर्षीय बेटा रूपेश गांव के ही दोस्त नंद गुल्ली, आकाश, महतो के साथ रविवार दोपहर लगभग चार बजे गांव के पास से निकली लोन नदी में नहाने गया था। रूपेश नहाते समय अचानक डूबने लगा।रूपेश को डूबता देख उसके दोस्त आनन फानन गांव पहुंचे रूपेश के परिजनों को डूबने की सूचना दी।सूचना पर परिजन गांव वालों के साथ मौके पर पहुंच ढूंढने का प्रयास किया।लेकिन पता ना चलने पर पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंचे कोतवाल अमरनाथ यादव ने गंगाघाट से गोताखोरों को बुलाया मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने नदी में रेस्क्यू अभियान चलाया।गोताखोरों ने रूपेश के शव को पानी से बरामद कर लिया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रूपेश की मौत से मां फूलमती, भाई रितेश बहन लक्ष्मी, पूजा, सत्या बेहाल रही।

कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि पानी में डूबने से मौत हो गई है। शव झाडी में फस गया था ।जिसे गोताखोरो ने निकाल लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिल्हौर सपा विधानसभा अध्यक्ष ने मनाई फूलन देवी की जयंती, उनके योगदान पर प्रकाश डाला

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर सपा विधानसभा अध्यक्ष इं विनय यादव के नेतृत्व में चौबेपुर में वीरांगना फूलन देवी की जयंती पर सभा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान विनय यादव ने फूलन देवी के जीवन, संघर्ष और समाज के वंचित वर्गों के लिए उनके योगदान पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य फूलन देवी के संघर्षपूर्ण जीवन को याद करना और समाज में उनके द्वारा उठाए गए जाति, अत्याचार और सामाजिक न्याय को फिर से सार्वजनिक विमर्श में लाना था। आयोजन में श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ नेताओं ने कहा कि फूलन देवी की कहानी वंचितों और दलितों के संघर्ष का इतिहास है, और उनके जीवन ने यह दिखाया कि ऐतिहासिक अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाना कितना महत्वपूर्ण है। इं विनय यादव ने अपने संबोधन में फूलन देवी के जीवन को केवल एक विवादित घटना के रूप में नहीं देखा, बल्कि उन्होंने उसे उस समय-काल के सामाजिक और आर्थिक असमानताओं के प्रतीक के रूप में पेश किया। उन्होंने कहा कि फूलन देवी ने जिस हिम्मत से अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई थी ।उनका जीवन राजनीति-सामाजिक रंगभूमि में एक स्पष्ट संदेश छोड़ता है। इतिहास के संघर्षशील चेहरों को याद रखना और उनके विचारों को वर्तमान सामाजिक विमर्श से जोड़ना आवश्यक है – खासकर उन नेताओं के लिए जो ग्रामीण और वंचित वर्गों के प्रतिनिधित्व का दायित्व समझते हैं। कार्यक्रम ने स्थानीय स्तर पर फूलन देवी की स्मृति को सम्मानित करने के साथ-साथ समाज में न्याय और समानता की बहस को भी जन्म दिया है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### जुलूस में न हो डीजे का प्रयोग- सौरभ श्रीवास्तव

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जैदपुर। रविवार को जैदपुर थाना परिसर के नवनिर्मित हॉल में पीस कमेटी की बैठक हुई है। क्योंकि इसी सप्ताह में दो दिन में चहेलुम, 15 अगस्त व जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। बैठक में क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव ने कहा की जुलूस में डीजी नही बजना चाहिए। क्योंकि डीजे बजाने पर रोक लगी हुई है। किसी भी जुलूस में कोई नई परंपरा नही होनी चाहिए। सभी लोग आपसी प्रेम के साथ त्यौहार को मनाए। जैदपुर कस्बे की पहचान आपसी भाईचारे के रूप में होती है। तो वह कायम रहना भी चाहिए। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि चहेलुम के जुलूस व 15 अगस्त दोनों एक दिन शुक्रवार भी पड़ रहें हैं। इस लिए सभी लोग समय का पालन करते हुए जुलूस निकालें जिससे किसी को कोई दिक्कत नही होने पाए। अगर किसी जुलूस में पहले से डीजे बजाया जाता था। उसकी अनुमति अगल से उपजिलाधिकारी से लेनी होगी। अनुमति के बिना कोई डीजे किसी भी जुलूस में नही बजेगा। इस मौके पर अतिरिक्त थाना प्रभारी निर्मल सिंह,एसएसआई सुरेश गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य हारून राईन, चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलमी, मक्की मिंया,पूर्व चेयरमैन रियाज अहमद, आलम चौधरी, राजनबक्सोर, सहित कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित थे।

### दबंगो ने साले और बहनोई पर किया जानलेवा हमला, गम्भीर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। मसौली। खेत मे लगी धान की फ़सल को देखकर बाइक से घर लौट रहे साले बहनोई को आधा दर्जन से अधिक दबँगो ने लाठी डंडा एव सरिया से प्रहार कर मरणसन्न कर दिया गंभीर से घायल साले बहनोई को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया जिसमे साले के सिर मे गंभीर चोट होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मसौली कटरा निवासी विजय कुमार पुत्र रघुनाथ अपने बहनोई संजय पुत्र रामचंद्र निवासी शुक्लाई शनिवार की देर शाम हनुमान मंदिर के निकट धान की फ़सल को देखकर घर वापस लौट रहा था कि अस्पताल के निकट पहले से घात लगाये बैठे चंदन, प्रदीप, संदीप पुत्रगण सुरेश, देशराज निवासी खोखवा पावर हाउस व दो अन्य लोगो ने बाईक को रोककर ताबड़तोड़ लाठी, डंडो से हमला कर दिया विपक्षी चंदन व प्रदीप ने लोहे की सरिया से हमला कर विजय कुमार को मरणासन्न कर दिया। बुरी तरह से लहुलुहान विजय को मरा समझ कर दबँग एलानिया धमकी देते हुए फरार हो गये। बुरी तरह से घायल बहनोई संजय घर पहुंच कर पुरी कहानी बताई परिजन दोनो घायलों को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया जहां से विजय को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घायल विजय के भाई अनुप की तहरीर पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### मसौली में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। मसौली। भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार क्षेत्र के विभिन्न गांवों एव कस्बों में परंपरागत रूप से मनाया गया सगी व मुंह बोली बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र के दो धागे बांधकर भाई-बहन के प्रेम को पुष्ट कर दिया। रक्षाबंधन त्यौहार पर सैकड़ों किलोमीटर चल करके सगी व मुंह बोली बहनों ने अपने भाइयों के यहां पहुंचकर रोली चंदन हल्दी अच्छत आदि से अपने भाइयों के टीका लगाकर उनकी कलाई में रक्षा सूत्र के दो धागे बांधकर उनकी सुख समृद्धि व लंबी उम्र की कामना किया वही भाइयों ने अपनी बहनों को यथा शक्ति उपहार आदि देकर उनकी जीवन पर्यंत रक्षा किए जाने का वचन दिया। त्यौहार में अमन चौन बने रहे जिसके लिए प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली ने ग्रामीण क्षेत्र मे जगह जगह जाकर बच्चो एव महिलाओं को उपहार देते हुए राखी बंधवाई इस दौरान जगह जगह पुलिस फोर्स गस्त के साथ मुस्तैद रही।

# पत्रकारिता में ईमानदारी और सुचिता जरूरी : बैजनाथ रावत

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

पत्रकारों की जिम्मेदारी समाज के प्रति बढ जाती है, क्युकि पत्रकार को देश का चौथा स्तम्भ कहा जाता है। यह बातें रविवार को एससी, एसटी आयोग के चेयरमैन बैजनाथ रावत ने विकास भवन रोड स्थित एक पत्रकार कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही। उन्होंने आगे कहा पत्रकार की छवि ईमानदार और शुचिता पूर्ण होनी चाहिए, वरना उनकी शुचिता पर सवाल खड़े होने लगते है। उन्होंने कहा पत्रकार को जनसमस्याओं की ओर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। क्युकि जनसामान्य को उनसे उम्मीदें जुड़ी होती है। पत्रकार को जनसरोकार से जुड़े मुद्दों, सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुचाना चाहिए। जिससे जनता सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। पत्रकारों को पूरी निष्पक्षता से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करना चाहिए। कार्यक्रम मे अयोध्या मंडल के अध्यक्ष अनिल कुमार ने पत्रकारों की एकता की बात कही उन्होंने कहा निर्दोष पत्रकारों की आवाज उठाने का यह बड़ा और राष्ट्रीय स्तर का मंच है। हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि हम अपनी ईमानदारी के लिए और पत्रकारिता के लिए सजग रहे। जिलाध्यक्ष पीयुष वर्मा ने सैकड़ों की संख्या में जिले और ग्रामीण अंचलों से आये, संगठन के प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और यूट्यूब चौनल से जुड़े पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार श्रीनिवास त्रिपाठी व अध्यक्षता डा. मतीन ने किया। इस मौके पर पसमांदा महाराज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन, भाजपा नेत्री शशि जायसवाल, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल वर्मा, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार अंकित मिश्रा, मुकेश मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार नितेश मिश्रा, रंजीत गुप्ता, मनीष सिह राहुल त्रिपाठी, मोहसिन मतीन सहित सैकड़ों की संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## धूल रहित थ्रेशर माडल तैयार का दूरदर्शी सोच का किया अविष्कार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



जापान मे भारत का नाम रौशन करने वाली बाराबंकी की बेटी की वैज्ञानिक सोच के चलते आज पूरे विष्व मे कम लागत वाला धूल रहित थ्रेशर माड्ल का एक बड़ा अविष्कार हुआ है। जिसको दिल्ली मे पेटेन्ट किया जा रहा है। ऐसी सोच रखने वाली बाराबंकी के ग्राम डलपुरवा की होनहार बेटी पूजा पाल की जितनी प्रशंसा की जाये वह कम है। उक्त विचार आदि शक्ति सेवा संस्थान के बैनर तले संरक्षक सरदार कंवर सिंह पीयूष के नेतृत्व मे बुद्धिजीवियो व समाजसेवियो ने होनहार छात्रा को उपहार स्वरुप किताबो को रखने के लिये एक अलमारी भेट की। इस मौके पर उपस्थित प्रधानाचार्य वी0पी सिंह ने परिवार की प्रशंसा करते हुये परिजनो को बधाई दी। और होनहार बालिका के छोटे भाईयो व बहनो के बेहतर शिक्षा दिलाये जाने का आश्वासन भी दिया। तो वही मौजूद पं0 प्रत्यूष कांत शुक्ला ने कहा कि ग्राम डलपुरवा की होनहार बालिका पूजा पाल ने न केवल कम लागत वाला धूल रहित थ्रेसर मॉडल तैयार कर एक दूरदर्शी सोच का आविष्कार किया है। कृषकों के स्वास्थ्य की दृष्टिकोण भी यह आविष्कार अत्यंत उपयोगी है। इस मौके पर एड्वोकेट सरदार भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की, रवि धीमान आदि मौजूद रहे।

### काली मंदिर से लाखों रुपए कीमत के घंटे चोरी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। हैदरगढ़। सीओ सर्किल अंतर्गत सुबेहा थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सराय गोपी अंतर्गत बलीपुर गांव में शुकुल बाजार इन्हौना सड़क मार्ग के किनारे प्रसिद्ध काली मंदिर में बीती 8 अगस्त की रात्रि अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए कीमत के पीतल के घंटे पार कर दिए इस घटना की जानकारी रक्षाबंधन वाले दिन नौ अगस्त को जब मां काली मंदिर में पूजा करने आये भगवान दास रैदास निवासी बलदूपुरवा जब मंदिर के गेट पर पहुंचे तो मंदिर में बंधे हुए घंटे नहीं पाये गये मंदिर में जिस आरी ब्लेड से घंटों के तार काटकर चोरी किए थे वह शिनाख्त भी छोड़ गए जब इस घटना की जानकारी सभी बलीपुर वालों को हुई तो सभी लोग हतप्रभ रह गए काली मंदिर में पूजा करने वाले प्रमोद गुप्ता, सबलू श्रीवास्तव, बिनोद कोटेदार, सत्यजीत, सुरेश कुमार सहित तमाम लोगों ने काली मंदिर में हुए लाखों रुपए कीमत के घंटे चोरी को लेकर सुबेहा थाने की पुलिस तथा सराय गोपी चौकी पुलिस से मंदिर में

## तिरंगा यात्रा में भाजपा विधायक ब्लॉक प्रमुख व कार्यकर्ताओं का दिखा जोश



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में रविवार को शिवराजपुर कस्बा काली मां के मंदिर से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई,यात्रा में सैकड़ों युवकों ने प्रतिभाग लेकर देश भक्ति गानों में झूमते नजर आए,15 अगस्त के पर्व पर भाजपा हर घर तिरंगा और तहसील के अलग अलग कस्बा गांवों में विशाल तिरंगा यात्रा निकाल रही है,

जिसमें सैकड़ों नवयुवक हिस्सा ले रहे,यात्रा में भारत माता की जय बोलकर देश भक्ति गानों पर झूमकर देश के प्रति बलिदान देने वाले जवानों को याद किया, यात्रा को काली मां के मंदिर पर से शुरू कर कस्बे भर में भ्रमण करते हुए ब्लॉक में स्वतंत्रता सेनानी गया प्रसाद कटियार के प्रतिमा पर विधायक ने पुष्प अर्पित माल्यार्पण कर यात्रा को समाप्त किया, तिरंगा यात्रा में बिल्हौर विधायक मोहित उर्फ राहुल बच्चा सोनकर, ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र प्रताप सिंह, समाजसेवी मोनू तोमर, दीपू शुक्ला, रवि गुप्ता, राज कुमार अग्रवाल, सचिन तिवारी, धीरेन्द्र तोमर, कृष्णा अवस्थी, मानू तिवारी, विनोद शुक्ला, अधिवक्ता मोनू कुशवाहा साथ सैकड़ों नवयुवक शामिल रहे।

## चौबेपुर थाना पुलिस ने अलग अलग जगहों से तीन चोरों को दबोचा



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में थाना चौबेपुर पुलिस ने अलग अलग जगहों से तीन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

चौबेपुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार राठौर ने बताया कि शिवराजपुर थाना क्षेत्र के हंसी नेवादा निवासी सौरभ यादव व महिपालपुर कोठी निवासी मान सिंह को दो चोरी की बाईक सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, वही दूसरा निबियाखेड़ा थाना संजेती निवासी जुम्मन को इंदलपुर जुगराज गांव निवासी दीपचंद्र के यहां से चोरी किए आभूषण और एक चोरी की बाईक के साथ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों को जेल भेज दिया है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# भारत के खिलाफ ट्रंप का टैरिफ वॉर, बातचीत से पहले दबाव बनाने की कोशिश

**यह साफ-साफ नजर आ रहा है कि टैरिफ की यह लड़ाई लंबी खिंचने वाली है। ऐसे में समय की यह मांग कि है भारत अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा करने के साथ-साथ अमेरिका को एक बड़ा झटका भी देने की तरफ बढ़े और यह वैश्विक स्तर पर सामूहिक प्रयासों से ही संभव हो सकता है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने पहले ही डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका देते हुए यह कह दिया है कि, वह टैरिफ पर बात करने के लिए ट्रंप को कॉल नहीं करेंगे। इसकी बजाय वह भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग जैसे नेताओं के साथ बातचीत करना चाहेंगे।**

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी धमकी के मुताबिक, भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। इस नए ऐलान के बाद भारत पर अब कुल मिलाकर अमेरिका ने 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जिद का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने दुनिया पर सबसे ज्यादा टैरिफ भारत पर थोप दिया है। ट्रंप के ऐलान के बाद दुनिया के दो देशों- भारत और ब्राजील पर सबसे ज्यादा टैरिफ (50 प्रतिशत) लग गया है। ट्रंप का यह फैसला अपने आप में कितना अजीब है कि रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीदने वाले देश चीन पर उसने सिर्फ 30 प्रतिशत का ही टैरिफ लगाया है, जबकि भारत पर 50 प्रतिशत थोप दिया है। ऐसे में अब सवाल यह उठ रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप के इस जिद भरे फैसले को कैसे देखा जाए क्योंकि अमेरिका इस बात को बखूबी समझता है कि भारत की कोई भी सरकार अमेरिका के दबाव में रूस के साथ अपने कारोबारी रिश्ते को खत्म नहीं कर सकती है। भारत रूस से तेल भी खरीदता रहेगा और व्यापारिक संबंध भी रखेगा। ऐसे में कई जानकारों का यह भी मानना है कि ट्रंप का यह फैसला बातचीत से पहले भारत पर दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा है। याद दिला दें कि, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते और टैरिफ को लेकर बातचीत लगातार जारी है और छठे दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल 25 अगस्त को भारत के दौरे पर आने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति के ऐलान के बाद, भारत ने बुधवार को ही इसका जवाब भी दे दिया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को ही अमेरिका के फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए बयान जारी कर कहा कि,÷हाल के दिनों में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने रूस से भारत के तेल आयात को निशाना बनाया है। हमने इन मुद्दों पर अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है, जिसमें यह तथ्य भी शामिल है कि हमारे आयात बाज़ार के कारकों पर आधारित हैं और भारत के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के समग्र उद्देश्य से किए जाते हैं। इसलिए, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत पर उन कार्यों के लिए अतिरिक्त शुल्क लगाने का विकल्प चुना है जो कई अन्य देश भी अपने राष्ट्रीय हित में कर रहे हैं। भारत ने अपने बयान में अमेरीकी फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए आगे स्पष्ट तौर पर कहा, हम दोहराते हैं कि ये कार्य अनुचित और अविवेकपूर्ण हैं। भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को स्वयं मोर्चा संभालते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सख्त संदेश देने का भी प्रयास किया।आईसीएआर पूसा में आयोजित एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। मेरे देश के मछुआरों के लिए, मेरे देश के पशु पालकों के लिए आज भारत तैयार है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**संसद में वही नेता दिशा दे सकते हैं, जो अपने निजी या दलगत हित से ऊपर उठकर राष्ट्रहित की सोच रखते हैं। जब तक संसद के सदस्य यह नहीं समझेंगे कि वे जनता के प्रतिनिधि हैं, न कि अपने दल के प्रचारक, तब तक दिशा भटकती रहेगी। विपक्ष लोकतंत्र की आंख है। लेकिन जब यह आंख केवल अंधविरोध में अंधी हो जाए, तो लोकतंत्र की दृष्टि धुंधली हो जाती है। विपक्ष को सद्बुद्धि दे सकता है, जनता का दबाव। जब जनता यह स्पष्ट रूप से जताए कि उसे रचनात्मक, नीति आधारित विपक्ष चाहिए न कि नारेबाज नेता, तब विपक्ष को भी सुधरना पड़ेगा। विपक्ष को आत्मचिंतन करना चाहिए कि क्या वह जनता की लड़ाई लड़ रहा है या केवल सत्तालोलुप राजनीति कर रहा है?**

# संसद संवाद की बजाय संघर्ष का अखाड़ा कब तक?



ललित गर्ग

**संसद में विवाद होना लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन वही विवाद अगर दिशा विहीन हो जाए, तो वह कमजोरी बन जाता है। आज जरूरत है कि संसद की गरिमा को पुनर्स्थापित किया जाए, विपक्ष अपनी भूमिका को गंभीरता से निभाए और सरकार भी अहंकार छोड़कर संवाद को अवसर दे। संसद यदि सचमुच लोक का मंदिर है, तो वहाँ केवल सत्ता की पूजा नहीं, लोकमंगल की बात होनी चाहिए।**

बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन पर संसद में गतिरोध जारी है, जिससे कामकाज बाधित हो रहा है। आज संसद का दृश्य सार्थक संवाद की बजाय किसी अखाड़े से कम नहीं लगता। बहस के स्थान पर बैनर, तख्तियां और नारों की गूंज सुनाई देती है। संसद जहां नीति निर्माण होना चाहिए, वहां प्रतिदिन कार्यवाही स्थगित हो रही है। यह विडंबना है कि जनप्रतिनिधि जिन मुद्दों को लेकर चुने जाते हैं, उन्हीं मुद्दों पर चर्चा की बजाय वे मेजें थपथपाने, वेल में उतरने और माइक बंद कराने में लगे हैं। संसद का हंगामा केवल दृश्य नहीं, एक राजनीतिक पतन की ओर संकेत करता है। जब एक ओर सरकार संवाद से बच रही है और दूसरी ओर विपक्ष केवल दिखावटी विरोध में लिप्त हंगामें बरपा रहा है, इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में देश की जनता के मुद्दे पीछे छूट रहे हैं। विपक्ष और सत्ता के बीच जारी इस टकराव में बहस के बजाय बहिष्कार और गतिरोध हावी हो चुका है। मानसून सत्र की शुरुआत उम्मीदों से भरी थी, नए विधेयकों, जनहित की बहसों और लोकतांत्रिक विमर्शों की। लेकिन यह सत्र भी पुराने ढर्रे पर चल पड़ा, विरोध, स्थगन, नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ता लोकतंत्र। विपक्ष बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा चाहता है। इसमें ईवीएम की पारदर्शिता, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही मणिपुर की स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, पेगासस जासूसी, किसानों की समस्याएं और हाल ही में आई बाढ़ एवं आपदा राहत जैसे मुद्दे भी विपक्ष के एजेंडे में हैं। लेकिन विपक्ष इन और ऐसे जरूरी मुद्दों पर चर्चा का माहौल बनाने की बजाय सरकार को घेरने की मानसिकता से ग्रस्त है। संसद की प्रासंगिकता तभी है जब उसमें देश की सच्चाइयों की प्रतिध्वनि हो और विपक्ष इसमें सकारात्मक भूमिका निभाये। गतिरोध के कारण दर्जनों विधेयक लंबित हैं, डेटा प्रोटेक्शन बिल, महिला आरक्षण बिल, वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा, कृषि कानूनों में संशोधन, आदि। ये सब विधेयक केवल कानून नहीं हैं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के जीवन से जुड़े ज्वलंत प्रश्न हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, विपक्ष सार्थक बहस से भाग रहा है या बहस में अड़ंगा डाल रहा है। सत्ता पक्ष भी कोई बीच का रास्ता निकालता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। दोनों की यह रस्साकशी देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य को कमजोर कर रही है। कोई भी पक्ष झुकने को तैयार नहीं दिख रहा। लेकिन, इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ रहा है। दोनों सदनों का कीमती वक्त हंगामे में जाया हो रहा है और यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। पिछले वर्षों में इस तरह की गतिविधियां आम हो गई हैं। विपक्ष चाहता है कि सरकार एसआईआर पर चर्चा कराए। लेकिन, सरकार नियमों का हवाला देकर कह रही है कि चुनाव आयोग स्वायत्त संस्था है और मामला सुप्रीम कोर्ट




**किरेन रिजिजू ने पिछले दिनों कहा था कि अगर विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहता है, तो देशहित में सरकार के सामने विधेयक पारित कराने की मजबूरी होगी। लेकिन, लोकतंत्र के लिए यही बेहतर होगा कि दोनों पक्ष सदन का इस्तेमाल रचनात्मक बहस के लिए करें।**

में लंबित है, इसलिए चर्चा नहीं हो सकती। जवाब में, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी 2023 की एक रूलिंग निकाल कर उपसभापति को पत्र लिख दिया है। दोनों पक्ष नियमों के सवाल पर अड़े हैं, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि ये नियम सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाए गए हैं, न कि कामकाज ठप्प कराने के लिए। मानसून सत्र शुरू होने के पहले ही अंदाजा था कि एसआईआर पर हंगामा होगा। इसके पीछे विपक्ष की अपनी आशंकाएं हैं। शुरुआत से ही यह प्रक्रिया विवादों में रही है। आधार और वोटर कार्ड को मान्य डॉक्युमेंट्स में शामिल न करने से लेकर बड़ी संख्या में लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर निकालने तक, इसमें कई पेच फंसे हैं। चुनाव आयोग ने संशोधित वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया है और इसमें 65 लाख नाम हटाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन लोगों की पूरी जानकारी मांगी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले दिनों कहा था कि अगर विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहता है, तो देशहित में सरकार के सामने विधेयक पारित कराने की मजबूरी होगी। लेकिन, लोकतंत्र के लिए यही बेहतर होगा कि दोनों पक्ष सदन का इस्तेमाल रचनात्मक बहस के लिए करें। आम नागरिक संसद से समाधान की उम्मीद करता है, न कि शोरशराबा। जब लाखों युवा रोजगार की बाट जोह रहे हैं, किसान कर्ज में डूब रहे हैं, और आमजन महंगाई से त्रस्त है, तब संसद में ठहाके नहीं, तकलीफों की चर्चा जरूरी है। यह सवाल अब बार-बार उठ रहा है कि क्या संसद केवल दिखावटी बन गई है? अगर सरकार विपक्ष को केवल बाधा मानकर चलती है और विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध करता है, तो लोकतंत्र की आत्मा मरती है। जैसाकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था, ÷संसद को ठप्प करना आसान है, लेकिन संसद को चलाकर देश की उम्मीदों को साधना ही असली लोकतंत्र है।÷ चुनाव आयोग एसआईआर की जरूरत को बता चुका है और शीर्ष अदालत ने भी उसे माना है। यह जरूरी भी है, क्योंकि भ्रष्ट वोटरों से चुनी जाने वाली सरकारें भी भ्रष्ट ही होती है। इसलिये चुनाव की इस विसंगति की सफाई होना जरूरी है, इस पर चर्चा की मांग को लेकर सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच गतिरोध बना हुआ है तो बातचीत से इसका हल निकालना होगा ताकि संसद का कामकाज सुचारुरूप से चल सके। लोकतंत्र में सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। लेकिन इसमें विपक्ष का सहयोग भी अपेक्षित होता है, दोनों को अपना यह दायित्व समझना चाहिए। संसद का हर सत्र, हर मिनट करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलता है। हर व्यवधान लाखों रुपये की बर्बादी है। यह नैतिक रूप से भी चिंताजनक है कि जनप्रतिनिधि बहस से अधिक हंगामे में समय गंवा रहे हैं। समाधान यही है कि सत्ता पक्ष विपक्ष की बात सुने, संवाद को प्राथमिकता दे। विपक्ष भी रचनात्मक विरोध करे, अनावश्यक बहिष्कार से बचे। लोकतंत्र बहस से ही मजबूत होता है, बहिष्कार से नहीं। वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा होनी चाहिए। जरूरी विधेयकों पर बहस होनी चाहिए। संसद को संकल्प का मंच बनना चाहिए, संग्राम का नहीं। जब तक संसद जनहित के सवालों पर गूंजेगी नहीं, तब तक लोकतंत्र अपंग ही रहेगा। जैसा कि डॉ. राधाकृष्णन ने कहा था-संसद केवल कानून बनाने का स्थान नहीं, यह राष्ट्र के विवेक की आवाज है।' लेकिन जब यह विवेक ही हंगामे में दब जाए, तो संविधान की आत्मा कराह उठती है। आज जरूरत है कि संसद को नई दिशा, नया दृष्टिकोण और नई मर्यादा मिले। संसद की गरिमा केवल आसनों से नहीं, आचरण से बनती है।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितिया 10:32 तक |
| नक्षत्रः | शतभिषा 12:50 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | अतिगंदा, 21:29 तक |
| सूर्योदयः | 05:51 |
| सूर्यास्तः | 18:59 |
| चंद्रमाः | कुम्भ राशि में |
| राहुकालः | 07:30-09:08 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:59-12:51 |

## जन एक्सप्रेस

**भारत ने भी ठाना !**

*ट्रंप की हर हरकत का ।*
*है चहुंओर विरोध ।।*
*अमरीका पर भारी ।*
*है पड़ना प्रतिशोध ।।*
*धीरे धीरे कमर ।*
*कस रही सरकार ।।*
*हों जल्द ट्रंप बेअसर ।*
*जारी जो प्रहार ।।*
*घिसा पिटा संवाद ये ।*
*होगा जल्द पुराना ।।*
*तू डाल डाल, हम पात पात ।*
*भारत ने भी ठाना ।।*
*ना मंशा है झुकने की ।*
*कर लो लाख अत्याचार ।।*
*दिन नहीं वो दूर ।*
*आनी तय बहार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# लंबे और घने बाल पाने के लिए गुलहड़ में मिलाकर बालों में लगाएं काले बीज

**अक्सर** लोग बालों के झड़ने और टूटने की समस्या से परेशान रहते हैं। ऐसे में बालों को लंबा और घना बनाए रखने के लिए कलौंजी और गुड़हल के फूल का इस्तेमाल किया जा सकता है। कलौंजी के बीज, जिनको काले बीज कहा जाता है। इसमें अच्छी मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं। वहीं, गुड़हल के फूल में भरपूर मात्रा में नेचुरल एंजाइम्स, विटामिन-सी, अमीनो एसिड और केराटिन होता है। इससे बालों को कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं।



**बालों की ग्रोथ को दे बढ़ावा:** कलौंजी और गुड़हल के हेयर मास्त का इस्तेमाल करने से स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देने, बालों की जड़ों को पोषण और ऑक्सीजन देने में मदद मिलती है, जिससे बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने में मदद मिलती है, जो बालों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

**स्कैल्प के इंफेक्शन से बचाव करे:** इस हेयर मास्क में एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी और विटामिन-सी के गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से स्कैल्प का इंफेक्शन से बचाव करने, खुजली को कम करने, जलन को कम करने और डैंड्रफ को रोकने में मदद मिलती है।

**बालों को झड़ने से रोके:** गुड़हल के फूल और कलौंजी हेयर मास्क में विटामिन-सी, आयरन, जिंक और हेल्दी फैट्स होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से कोलेजन के उत्पादन को बढ़ावा देने में मदद मिलती है, जिससे बालों को जड़ों से पोषण देने, बालों को झड़ने और पतले होने से रोकने में मदद मिलती है।

**बालों को सफेद होने से रोके:** गुड़हल के फूल और कलौंजी हेयर मास्क में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। इसको लगाने से बालों का ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाव करने, पोषण की कमी को दूर करने, मेलेनिन के उत्पादन को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। इससे बालों के नेचुरल रूप से काला बनाए रखने और सफेद होने से रोकने में मदद मिलती है।

**बालों को गहराई से दे पोषण:** इस हेयर मास्क में अच्छी मात्रा में ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड जैसे हेल्दी फैट्स होते है। इसको लगाने से बालों को गहराई से पोषण देने, स्कैल्प की ड्राईनेस को कम करने, बालों को कंडीशन करने, नेचुरल रूप से शाइनी और हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है। इससे बालों का किसी भी तरह के नुकसान से बचाव करने में मदद मिलती है।

### एक्सप्रेस विशेष

# मोबाइल खेल की हार, जीवन की हार क्यों बनी?



डॉ. सत्यवान सौरभ

**विद्यालयों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक विद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता होना अनिवार्य किया जाना चाहिए। पाठ्यक्रम में भावनात्मक शिक्षा, हार-जीत की समझ, आत्मसम्मान और आत्मरक्षा जैसे विषयों को स्थान दिया जाना चाहिए।**

**मोबाइल** खेलों की बढ़ती लत बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रही है। इंदौर में एक तेरह वर्षीय बालक ने ÷फ्री फायर÷ खेल में 3000 रुपये हारने के बाद आत्महत्या कर ली, जो बताता है कि आज की पीढ़ी में हार सहने की क्षमता घटती जा रही है। यह केवल एक खेल की हार नहीं, बल्कि संवादहीनता, अभिभावकों की अनदेखी और भावनात्मक असुरक्षा की परतें खोलती है। बच्चों को तकनीकी उपकरणों से पहले भावनात्मक समर्थन, शिक्षा तंत्र में मानसिक स्वास्थ्य और परिवार में संवाद की ज़रूरत है। हार को जीवन की समाप्ति नहीं, सीख बनने देना होगा। जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताबें, आँखों में सपने और जीवन में उमंग होनी चाहिए, उस उम्र में इंदौर के एक तेरह वर्षीय बालक ने आत्महत्या कर ली। कारण -एक मोबाइल खेल ÷फ्री फायर÷ में तीन हज़ार रुपये हार जाना। यह घटना केवल एक बालक की मृत्यु नहीं, बल्कि समाज की चुप्पी, माता-पिता की अनभिज्ञता और डिजिटल अंधकार की सच्चाई है। यह बालक सातवीं कक्षा का विद्यार्थी था। एक दिन पहले ही उसका जन्मदिन मनाया गया था। घर में मिठाई की खुशबू, गुब्बारों की चमक और मासूम हँसी की गूँज बाकी थी। लेकिन अगले ही दिन उसने अपने ही घर में फाँसी लगाकर जीवन

**माता-पिता को चाहिए कि मोबाइल में पालक नियंत्रण अनुप्रयोग, खेल समय सीमा, ऑनलाइन भुगतान रोकथाम, जैसे साधनों का प्रयोग करें। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि वे अपने बच्चों के जीवन में भागीदार बनें- उनसे बात करें, उनके साथ समय बिताएँ और उन्हें यह महसूस कराएँ कि वे केवल अंकों, उपलब्धियों या जीत से नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व से प्रिय हैं।**

समाप्त कर लिया। क्यों? क्योंकि उसने एक मोबाइल खेल में तीन हज़ार रुपये गँवा दिए थे, जो उसने अपनी माँ के बैंक खाते से ऑनलाइन निकाल कर खर्च किए थे। इस घटना ने बहुत गहरे सवाल खड़े किए हैं- क्या मोबाइल खेल केवल मनोरंजन हैं या वे हमारे बच्चों की मानसिक शांति और आत्मसम्मान को निगलते जा रहे हैं? क्या हम बच्चों को तकनीकी ज्ञान तो दे रहे हैं, पर मानसिक सहारा, संवाद और संस्कार नहीं? बाल मन अत्यंत कोमल और संवेदनशील होता है। जब हम बच्चों को बिना दिशा-निर्देश और निगरानी के मोबाइल फोन थमा देते हैं, तो हम उन्हें एक ऐसी आभासी दुनिया में छोड़ देते हैं जहाँ हार का मतलब केवल हार नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की समाप्ति बन जाता है। फ्री फायर, पबजी, बीजीएमआई जैसे युद्धक खेलों में हर क्षण जीतने का दबाव, प्रतिस्पर्धा की भावना और नकली पहचान की दौड़ बच्चों के मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव डालती है। इन खेलों में हर %विजय% एक नकली आनंद देती है और हर पराजय एक गहरे दुःख का कारण बनती है। बच्चों को यह अनुभव नहीं हो पाता कि यह केवल एक खेल है, असली जीवन नहीं। जब वे इन खेलों में हारते हैं, तो वे इसे अपने जीवन की हार मान लेते हैं। यही हुआ अक्लंक के साथ। माता-पिता की भूमिका इस पूरी घटना में सबसे महत्वपूर्ण है। माता-पिता बच्चों को मोबाइल देते समय यह समझने में असफल हो जाते हैं कि वह उपकरण केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि आज की पीढ़ी के लिए संपूर्ण संसार बन चुका है। बच्चा जब मोबाइल पर खेल में हारता है, और उस पर?कार पड़ती है, तो वह डबल आघात सहता है – एक हार का और दूसरा उपेक्षा का। बालक की माँ ने जब उसे डांटा, तो वह उसके लिए सामान्य माँ की झिड़की नहीं थी, वह उसके लिए स्वयं के मूल्यहीन होने की मुहर थी। हम भूल जाते हैं कि बालक केवल हमारे शब्द नहीं, हमारे भाव भी ग्रहण करते हैं। माता-पिता यदि संवाद के स्थान पर केवल डाँट और आदेश देंगे, तो बच्चे डर और अपराधबोध में जीने लगते हैं। आज हर घर में मोबाइल है, पर क्या हर घर में भावनात्मक संवाद है? क्या माता-पिता दिन में पाँच मिनट भी यह पूछते हैं कि बेटा, तुम कैसा महसूस कर रहे हो? क्या स्कूल में कोई शिक्षक बच्चों से यह पूछता है कि तुम्हें कोई बात मानसिक रूप से परेशान तो नहीं कर रही? हम परीक्षा में अंकों पर ध्यान देते हैं, पर बच्चे के मन में उठते तूफानों पर नहीं। मोबाइल खेलों के माध्यम से बच्चों में जो मानसिक विकृति उत्पन्न हो रही है, वह केवल मनोरंजन की बात नहीं रह गई है। यह अब मानसिक स्वास्थ्य का गंभीर संकट बन चुकी है। इन खेलों में लगातार खेलने से मस्तिष्क में डोपामिन नामक रसायन का उत्सर्जन होता है, जो आनंद की अनुभूति कराता है। लेकिन यह आनंद क्षणिक होता है, और उसकी लत लग जाती है। बच्चा फिर वास्तविक जीवन में संतोष नहीं पाता, और आभासी दुनिया में ही अपनी पहचान खोजने लगता है। इन खेलों में जब पैसे भी जुड़ जाते हैं, तो स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। एक बार मोबाइल में बैंक खाता या भुगतान माध्यम जुड़ जाए, तो बच्चा जाने-अनजाने में हजारों रुपये खर्च कर देता है। माता-पिता को इसकी जानकारी तब होती है जब नुकसान हो चुका होता है।

# हमारे देश की एकता का प्रतीक है तिरंगा : महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज

- जनपद के थाना बरखेड़ा में तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा क्षेत्र
- ग्राम नवादा महेश से जिरौनिया तक गूंजे देशभक्ति के नारे, सैकड़ों लोग हुए शामिल

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**





स्वतंत्रता दिवस से पूर्व बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र देशभक्ति के जज्बे से सराबोर हो उठा। रविवार को ग्राम नवादा महेश से ग्राम जिरौनिया तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगे की लहराती पताकाएं और देशभक्ति के नारों ने पूरे क्षेत्र में जोश और गर्व का माहौल बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी प्रवक्तानंद जी उपस्थित रहे। यात्रा का शुभारंभ ग्राम नवादा महेश से हुआ। यह यात्रा ग्राम मूसेपुर मुसरहा, बर्रामऊ, रम्पुरा नत्थू और पौटाकलां होते हुए ग्राम जिरौनिया में संपन्न हुई। रास्ते भर प्रतिभागी हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् जैसे नारों से गगनभेदी उद्घोष कर रहे थे। ग्रामीण घरों से बाहर निकलकर प्रतिभागियों का स्वागत करते रहे, वहीं बच्चों में तिरंगा लहराने का खास उत्साह देखने को मिला।इस अवसर पर स्वामी प्रवक्तानंद जी ने कहा÷तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता और बलिदान का प्रतीक है। राष्ट्र की रक्षा और सम्मान के लिए हर नागरिक को सदैव तत्पर रहना चाहिए। स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के त्याग को स्मरण कर हमें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने युवाओं से समाज में भाईचारा और देशभक्ति की भावना को निरंतर प्रबल करने की अपील की।

### आयोजन में जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका

तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू वाल्मीकि, मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, किसान मोर्चा महामंत्री नागेंद्र प्रताप सिंह, बरखेड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल, पूर्व अध्यक्ष अशोक गंगवार, संजीव गंगवार, दीपक सूर्यवंशी, अमित गंगवार, अमित कुशवाहा सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा का प्रतीक है। इसका केसरिया रंग साहस और बलिदान की भावना दर्शाता है, सफेद रंग शांति और सत्य का प्रतीक है, जबकि हरा रंग विश्वास और समृद्धि का संदेश देता है। अशोक चक्र हमें निरंतर प्रगति और न्याय की ओर अग्रसर रहने की प्रेरणा देता है। तिरंगा यात्राएं केवल देशभक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि यह सामाजिक एकजुटता का संदेश भी देती हैं। गांव-गांव, शहर-शहर में ऐसी यात्राएं लोगों को जोड़ती हैं, युवाओं में राष्ट्रप्रेम जगाती हैं और आने वाली पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों से परिचित कराती हैं।

# दुबहा गांव में जलभराव से आवागमन बाधित, अधिकारियों ने दिए समाधान के निर्देश

- पंपिंग सेट से निकाला जाएगा पानी, बरसात के बाद बनेगा पक्का रास्ता

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



तटवर्ती गांव दुबहा में कुछ घरों के रास्तों पर जलभराव ने ग्रामीणों की आवाजाही को कठिन बना दिया है। इस समस्या की जानकारी मिलने पर तहसील एवं ब्लॉक बीसलपुर के अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने कल पंपिंग सेट लगाकर पानी निकालने और बरसात के दौरान वैकल्पिक रास्ता दुरुस्त कराने की योजना बनाई है।आज ब्लॉक प्रमुख बीसलपुर अशोक शर्मा, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष शरद पाल, भाजपा जिला महामंत्री आयुष मिश्रा और जिला पंचायत सदस्य शिव स्वरूप गंगवार मौके पर पहुंचे। उन्होंने जलभराव की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई करने को कहा। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के पानी के ठहराव से कई घरों तक जाने वाला रास्ता खराब हो गया है। पीलीभीत सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने भी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बरसात के बाद इस रास्ते का निर्माण जिला पंचायत या क्षेत्र पंचायत से कराया जाए।किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने इस मामले में तहसील प्रशासन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, अभी वर्षा और बाढ़ का काफी समय बाकी है, ऐसे में किसी भी स्थान पर जलभराव होने पर प्रशासन को गंभीरता से समाधान करना चाहिए। तटवर्ती गांवों के लिए शासन पहले ही बाढ़ चौकियां और बचाव के निर्देश दे चुका है, ऐसे में किसी भी चौकी का निष्क्रिय रहना जनविरोधी है। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से अपील की कि किसी भी तरह की बाढ़ या जलभराव की समस्या आते ही तत्काल इसकी सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय रहते समाधान हो सके।

# बाढ़ से निपटने को प्रशासन सतर्क, प्रभारी मंत्री ने दिए सख्त निर्देश

- जनपद में 07 कंट्रोल रूम, 32 बाढ़ चौकी और 500 राहत किट तैयार, मॉक ड्रिल पूरी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



रविवार को गांधी सभागार में प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख की अध्यक्षता में बाढ़ तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद के बाढ़ संभावित क्षेत्रों, नदियों के जलस्तर, तटबंधों की स्थिति और बचाव इंतजामों की विस्तार से समीक्षा की गई।अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ने बताया कि जनपद में बाढ़ का मुख्य कारण दूनी, वनवसा और नानक सागर बैराज से छोड़ा जाने वाला अत्याधिक पानी तथा पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में लगातार होने वाली बारिश है। वर्तमान में नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है और अब तक अत्यधिक वर्षा नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि बाढ़ से बचाव के लिए 07 कंट्रोल रूम, 32 बाढ़ चौकी, 34 शरणालय, 67 नाविक, 90 गोताखोर और मेडिकल टीमें तैनात हैं। सभी तहसीलों में मॉक ड्रिल पूरी हो चुकी है। ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, कोटेदार, एएनएम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें राहत चौपाल आयोजित कर रही हैं। एनडीआरएफ स्कूल-कॉलेज में जनजागरूकता कार्यक्रम चला रही है और सचेत ऐप से अलर्ट भेजे जा रहे हैं।

मुख्य चिकित्साधिकारी आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि मेडिकल टीम, आवश्यक दवाएं, क्लोरीन की गोलियां, ब्लीचिंग पाउडर और एंटी लार्वा दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। बाढ़ संभावित क्षेत्रों में दो मोबाइल मेडिकल वैन तैनात हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि पशुओं के सुरक्षित स्थानों का चिन्हांकन और चारे की व्यवस्था पूरी हो चुकी है। सिंचाई विभाग के अनुसार 13 में से 12 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और तटबंधों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध हैं। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि 500 राहत किट तैयार हैं, जबकि शासन से मिलने वाली अनुमन्य किट का वितरण बाढ़ पीड़ितों को किया जाएगा। नेटवर्क न होने वाले इलाकों में वायरलेस सेट लगाए गए हैं। प्रभारी मंत्री ने तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि दवाओं की किसी भी स्थिति में कमी नहीं होनी चाहिए, बड़ी नावों का प्रबंध सुनिश्चित हो, पशुओं के लिए भूसा-चारा और सुरक्षित ठिकानों की व्यवस्था रहे। खाद्य किट और भोजन वितरण में कोई कमी न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ड्यूटी स्थल पर मौजूद रहें, ग्राम प्रधानों के संपर्क में बने रहें और स्थानीय विधायक को स्थिति से अवगत कराते रहें। बैठक में महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानन्द, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता, खंड विकास अधिकारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बदनाम लस्सी की बर्फी और हुई बदनाम बर्फी में कीड़ा निकालने पर मचा बवाल




- रक्षाबंधन पर मिठाई विवाद से शहर में तनाव, जांच रिपोर्ट पर टिकी निगाहें
- भाकियू टिकैत और व्यापारियों में आमना-सामना, खाद्य विभाग ने लिए नमूने

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

रक्षाबंधन जैसे पवित्र और पारिवारिक त्यौहार पर शहर में एक मिठाई को लेकर हुआ विवाद तनाव का कारण बन गया। मामला आसाम चौराहा स्थित 'बदनाम स्वीट्स' से खरीदी गई बर्फी में कीड़ा मिलने के आरोप से जुड़ा है।भाकियू टिकैत के जिला उपाध्यक्ष दशरथ सिंह ने आरोप लगाया कि उन्होंने रक्षाबंधन के दिन अपने घर के लिए पांच किलो बर्फी खरीदी थी, लेकिन पैकेट खोलते ही उसमें कीड़ा दिखाई दिया। उनका कहना है कि यह न केवल उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है, बल्कि त्योहार की भावना को भी ठेस पहुँचाता है। शिकायत मिलते ही भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह कहलो समेत संगठन के पदाधिकारी मौके पर पहुँच गए और दुकान स्वामी पर मानक-विहीन व मिलावटी मिठाई बेचने का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। दूसरी ओर, स्थानीय व्यापारियों ने एकजुट होकर दुकान स्वामी का समर्थन किया और आरोपों को सिरे से नकार दिया। दुकान स्वामी ने मामले को प्रतिष्ठान को बदनाम करने की साजिश बताया और कहा कि वर्षों से ग्राहकों का उन पर भरोसा रहा है। आरोप बिना ठोस प्रमाण के उनकी साख को नुकसान पहुँचाने के लिए गढ़े गए हैं।

स्थिति तब बिगड़ी जब दोनों पक्षों में बहस और आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए। हालात को संभालने के लिए सुनगढी एसओ पवन कुमार पांडे और सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर मौके पर पहुँचे। प्रशासन की मौजूदगी में खाद्य विभाग की टीम ने बर्फी के साथ-साथ पनीर और छेना के नमूने लेकर लैब जांच के लिए भेज दिए। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि दोनों पक्ष अपनी-अपनी बात पर अड़े हुए थे, लेकिन नमूना लेने के बाद माहौल शांत हो गया। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो यह तय करेगी कि मिठाई में वास्तव में कीड़ा था या नहीं।त्योहार की वह मिठास, जो भाई-बहन के रिश्ते की मजबूती का प्रतीक है, इस विवाद के चलते कड़वाहट में बदल गई है। शहरवासी अब सच और अफवाह के बीच की दूरी खत्म होने का इंतजार कर रहे हैं।

# फूलन देवी के संघर्ष से मिलती है समाज में समानता और भाईचारे की प्रेरणा : नफीस अहमद अंसारी

- सपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद की जयंती पर किया नमन, आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



पूर्व लोकसभा कैंप कार्यालय में समाजवादी पार्टी द्वारा पूर्व सांसद वीरांगना फूलन देवी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की।सभा के दौरान जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि फूलन देवी ने अपने संघर्षमय जीवन से समाज के कमजोर, वंचित और शोषित वर्ग के अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की और अन्याय के खिलाफ डटकर लड़ीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे उनके साहस और संघर्ष से प्रेरणा लेकर समाज में समानता और भाईचारे को मजबूत करें। सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा, फूलन देवी की जयंती पर हम उनके योगदान को याद करते हैं और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का प्रयास करते हैं। जिला उपाध्यक्ष रूपराम कश्यप ने कहा कि फूलन देवी एक प्रेरणा हैं और उनकी जयंती पर हमें समाज के लिए काम करने का संकल्प लेना चाहिए। सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने की अपील की। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर और सपा नेता सतेन्द्र मौर्या ने भी उनके योगदान को स्मरण करते हुए समाज सेवा का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, प्रदेश सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य असलम जावेद अंसारी, सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, जिला उपाध्यक्ष रूपराम कश्यप, हाजी अकबर अहमद अंसारी, जिला प्रवक्ता अमित पाठक एडवोकेट, 127 विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट, धनपति वर्मा एडवोकेट, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव सतेन्द्र मौर्य, युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष निरंजन कुमार गंगवार, 129 विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष संजय सिंह यादव सहित गोविंद पांडेय एडवोकेट, सरदार अहमद अंसारी, सद्दाम हुसैन, महेश कश्यप, भगवानदीन वर्मा, दिनेश कुमार वर्मा, सुमित कुमार पाल, संजीव कुमार वर्मा, आशीष भारती, महेश कुमार वर्मा, अशोक वर्मा, मो. वसीम समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़क धंसने से आवागमन बाधित, ग्रामीणों में रोष

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** जनपद खीरी के ब्लॉक मितौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत परसेहरा मजरा गरगटिया में गांव के पास सड़क धंस जाने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है ।ग्रामीणों का आरोप है कि घटना के दो दिन बीत जाने के बावजूद न तो ग्राम प्रधान और न ही पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान दे रहे हैं। सड़क धंसने से राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो वे डीएम से शिकायत

### रोडवेज बस चालक ने मोपेड में टक्कर मारी महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** गोला रोड पर ईट भट्ठा के पास बिक्की चालक को रोडवेज बस ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे उस पर पीछे बैठी महिला और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको एम्बुलेंस से इलाज के लिए मोहम्मदी सीएचसी पर भर्ती कराया गया महिला की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया एम्बुलेंस से ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।गांव दिलावरपुर मजरा शिवनगरा निवासी रामलखन ने बताया वह अपनी पुत्री मंजू देवी को 2 बजे करीब मोहम्मदी से बिक्की पर बैठा कर गांव शिवनगरा ले जा रहे थे हाईवे पर ईट भट्ठा के पास पहुंचते शाहजहांपुर डिपो की आ रही बस चालक ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिस एंबुलेंस से सीएचसी मोहम्मदी में भर्ती कराया डॉक्टर ने इलाज के बाद हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया एंबुलेंस से ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई है घटना के बाद बस चालक मौका पाकर भागने लगा राहगीरों ने उसका पीछा करते हुए गोमती मोड पर घेराबंदी कर खड़े हो गए चालक ने अपने को घिरता देख कर मौका पाकर वाहन छोड़कर भाग निकला पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश शुरू की है। घायल का इलाज कर छुट्टी दे दी गई है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### दस साल की अटूट राखी की डोर

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव एवं समाजसेवी नफीस अहमद अंसारी ने भाई-बहन के रिश्ते में सौहार्द और आपसी विश्वास की अनूठी परंपरा को आगे बढ़ाया। मोहल्ला सुनगढ़ी निवासी रेनू मिश्रा पिछले 10 वर्षों से उन्हें राखी बांधती आ रही हैं। इस बार भी उन्होंने 10वीं बार यह पवित्र रस्म निभाई। जानकारी देते हुए नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि ़बहन-भाई का रिश्ता केवल खून का ही नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, विश्वास और सम्मान का भी प्रतीक होता है। रेनू मिश्रा मेरे लिए सगी बहन के समान हैं और पिछले एक दशक से हम इस परंपरा को निभा रहे हैं। यह सिलसिला आगे भी यूं ही चलता रहेगा। रक्षाबंधन का यह पर्व भाई-बहन के अटूट रिश्ते, प्रेम और सुरक्षा के वचन का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके सुख, समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती हैं, वहीं भाई जीवन भर बहन की रक्षा का संकल्प लेते हैं। नफीस अहमद अंसारी और रेनू मिश्रा का यह संबंध न केवल व्यक्तिगत भावनाओं को दर्शाता है, बल्कि समाज में सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे का भी संदेश देता है।

### बाबूराम पासवान के निर्तत्वभ मे निकाली गई तिरंगा यात्रा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** रविवार को स्वतंत्रता दिवस और आपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर असम हाईवे पर स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से विधायक बाबूराम पासवान के नेतृत्व में विशाल तिरंगा बाइक यात्रा निकाली गई। विधायक बाबूराम के संबोधन के बाद पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से यात्रा का शुभारंभ किया गया। इसमें सैकड़ो बाइक शामिल रहीं। सभी बाईकों पर तिरंगा झंडा फहरा रहा था। आगे चल रही गाड़ी पर भक्ति गीत बज रही थे। पीछे लोग भारत माता की जय के नारे लगाते हुए चल रहे थे। गेस्ट हाउस से तिरंगा यात्रा कोतवाली रोड से कस्बे में पहुंची। स्टेशन रोड होते हुए माधोटांडा कस्बा होकर जमुनिया से कलीनगर होते हुए यात्रा वापस पूरनपुर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पहुंचकर समाप्त हो गई। इसमें जगह-जगह से लोग शामिल हुए और यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान विधायक बाबू राम पासवन चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, सहकारी गन्ना समिति के अध्यक्ष नितिन दिक्षित, भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, संजय मिश्रा, धनंजय मिश्रा, जितेंद्र सिंह, बलीउल्लाह खान आदि सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### गैर जनपद स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह हुआ

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** क्षेत्राधिकारी कार्यालय में तैनात मुख्य आरक्षियों के गैर जनपद स्थानांतरण होने पर विदाई दी गई। सीओ अरुण कुमार सिंह ने मुख्य आरक्षी पवन सिंह, राहुल कुमार और जितेंद्र कुमार का कार्यकाल जनपद में समाप्त होने पर उनकी कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए गैर जनपद में स्थानांतरण होने पर भावभीनी विदाई दी है ।इस मौके पर कार्यालय स्टाफ समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### अगर स्मार्ट मीटर नहीं बदलवाया तो काट देंगे बिजली

**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी।** विद्युत विभाग के प्राइवेट ठेकेदार के द्वारा स्मार्ट मीटर ना लगने पर व्यापारी को धमकी देते हुए कहा अगर मीटर नहीं नहीं बदलवाया तो तुम्हारी लाइन काट देंगे इस पर व्यापारी और ठेकेदार के बीच वाद-विवाद हो गया ।इस मामले की जानकारी जैसे ही व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता को मिली वह अपने पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और मामले को शांत करते हुए ठेकेदार को समझाया कि जब तक विद्युत उपभोक्ता आपके स्मार्ट मीटर से संतुष्ट न हो जाए तब तक आप इसके लिए पुराने मीटर के साथ नया मीटर लगाकर उसे संतुष्ट करवाओ और जब उपभोक्ता संतुष्ट हो जाए उसके बाद मीटर बदले जाएं इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता, महामंत्री जसवीर फ्लोरा ,युवा अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ,प्रमोद अग्रवाल ,मो. आरिफ खां राजकुमार, रमेश निषाद, जितेंद्र सिंह और अक्कु समेत अनेको व्यापारी मौजूद रहे।

# 06 जोड़े पति पत्नी महिला थाने से सुलह समझौते से विदा होकर गये

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

रविवार 10 अगस्त 2025, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रद्धा सिंह, उपनिरीक्षक शिल्पी शुक्ला द्वारा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में काउंसलरों के सहयोग से 10 परिवारिक विवादों में सुलह का प्रयास करके 06 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराने का सराहनीय कार्य किया गया है।बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष महिला थाना श्रद्धा सिंह व उप निरीक्षक शिल्पी शुक्ला, काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरा विधि स्वयं सेवक श्रीमती अल्पना वर्मा के द्वारा दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 10 शिकायती प्रार्थनापत्रों में काउंसलरों के सहयोग से 06 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है, एक ऐसा मामला थाना कोतवाली सदर के ग्राम सेहरूआ की रहने वाली का काउन्शलरों के सामाने प्रस्तुत जिसमें पति-पत्नी के मध्य पति द्वारा शराब पीकर मार पीट करने का विवाद था, दोनों के चार बच्चे भी हैं, पति द्वारा भविष्य में शराब न पीने का वादा करने पर पत्नी विदा होकर गयी है,

जिसमें 04 मामले जिसमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था उन्हें सोचने समझने के लिए दोनों पक्षों की सहमति से समय दिया गया है। सुलह से विदाई करने में उप निरीक्षक योगेन्द्र प्रताप सिंह,महिला आरक्षी सारिका चौहान, महिला आरक्षी बबली पवार का काफी सराहनी सहयोग रहा है।

# हो रहा फ्रॉड-ऑनलाइन समान खरीदने से बचे

- आनलाइन शापिंग पर अराजकतत्व की नजर फंस सकता है पूरा परिवार

**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी**



आनलाइन सामान खरीदने से बचें नहीं तो अराजकतत्व पूरे परिवार को फसा सकता है जी हां यह तो एक फ्राड से खुलासा हुआ रक्षाबंधन के त्योहार पर महिलाओं ने गिफ्ट देने के लिए आनलाइन सूट आडर किया था लेकिन डिलिवरी ब्वाय ने पैकिंग के अंदर कचरा भरा था जो उस महिला को देने पहुंचा गनीमत रही कि उस महिला ने लेने से पहले ही शक हुआ और डिलीवरी ब्वाय से खोलने के लिए कहा डिलीवरी ब्वाय ने खोलने से मना कर दिया उसके बाद शक यकीन में बदल गया महिला ने उस पैकिंग पोलोथी को वीडियो बनाते हुए खोला तो देखकर हैरान रह गई और डिलीवरी ब्वाय से पैसे वापस करने के लिए कहा लेकिन डिलिवरी ब्वाय पैसे न देकर भागने के लिए जैसे ही बाइक घुमाई तमाम लोगों ने पकड़ कर पुलिस को बुला लिया और पैसे वापस कराए गए। अराजकतत्व की नजर इन फ्राड के चक्कर में कहीं पूरा परिवार ने फस जाए। जो डिलीवरी ब्वाय आपकों सामान देने आ रहा है बिना जाने समझे परखे कोई भी सामान ऑर्डर का अपने घर के अंदर ले जाने से पहले यह सोचले कि कहीं कोई आपकों फसाने की साजिश तो नहीं रच रहा। अगर कोई भी दुश्मन आपकों अगर फसाने व पकडवाने के लिए इनका सहारा ले लेता है तो बड़ी ही आहानी से आप अपराध के बेताज बादशाह बन जाएगे।जो कम्पनी फ्राड कर सकती है वह कुछ अराजकतत्व से मोटा नजराना लेकर किसी को भी फसा सकती है आप भी हशियार हो जाओ और अपने नजदीकी बाजारो से अच्छे से मोल भाव कर अच्छा कपड़ा खरीदे इन आनलाइन फ्राड से भी बचें और कपने परिवार को भी बचाए।

# शाहजहांपुर की पुलिस ने पंडित नामक दुकानदार को पलिया चौकी के सामने से उठाया

**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी**



नगर में उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया जब एक वंचित व्यक्ति को बाहरी पुलिस पकडने पहुंची सक्सेना हास्पीटल के पास मुखबिरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गलत व्यक्ति को पकड़ लिया तभी पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने पंडित नामक दुकानदार का पता बताया कहा कि आपसे कोई गलती हो गई हम नहीं हमारे पडोस में रह रहे पंडित छोले समोसे वाला होगा पुलिस को जैसे ही पता लगा कि जिसको पकड़ा है वह यह नहीं है तो फौरन टीमे जानकारी लगते ही पलिया पुलिस चौकी के पास पहुंचे और कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर निवासी अरविंद को किराए के खोखे से बरामद कर लिया और अपने कार में बैठा लिया पलिया थाने में हाजरी लगाते हुए अपने साथ लेकर रवाना हो गई।आस पास के लोगो ने बताया है कि किसी बड़े अपराध को अंजाम देकर फरार चल रहे करीब एक दर्जन अपराधियों को धरपकड़ के चलते यह कार्रवाई की गई।वही आस-पास के लोगों में भी डर का माहोल बना हुआ है पास पड़ोसियों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी के पडोस में अरविंद व पिता कमलेश अगर कोई भी अपराधिक घटनाएं करते या फिर समलित पाए जाते हैं तो उनके आस-पास के लोगों से कोई भी लेना देना नहीं होगा यही नही कोई भी गलत घटनाओं और अपराध में सम्मिलित होता है तो सिर्फ जिम्मेदार किराए पर देने वाले खोखा स्वामी सुंदर पुत्र मनोज ही हो जो बिना कुछ जानकारी के बाहरियों को बिना पुलिस की जानकारी के किराएदारों को दे रहे हैं। आस-पास के दुकानदारों का इन लोगों से कोई लेना-देना नहीं है। अगर इन लोगों द्वारा कोई भी घटनाएं घटित होती है तो सिर्फ खोखा स्वामी और पनाहगाह होंगे आस पास के लोगों से इनका दूर दूर तक कोई वास्ता नहीं है। जानकारों का कहना है कि पलिया पुलिस को भी बाहरियों पर सतर्कता दिखाते हुए जांच कर उनकी व उनके द्वारा किए गए।

# विधायक के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंजा महराजगंज

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**



हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया के नेतृत्व में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता, व्यापारी, महिला, युवा और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। हाथों में तिरंगा थामे लोग राष्ट्रभक्ति के नारों से नगर को गूंजा रहे थे। यात्रा समाधि स्थल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ समाप्त हुई। इस अवसर पर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा की तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम, बलिदान और गौरव का प्रतीक है। इसकी शान और सम्मान बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से देशहित को सर्वोपरि मानकर प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि एकता और राष्ट्रप्रेम ही भारत की असली ताकत है और ऐसे आयोजनों से युवाओं में देशभक्ति और जिम्मेदारी की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री ओम प्रकाश पटेल, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, प्रमुख प्रतिनिधि विवेक गुप्ता, अमरनाथ पटेल, अरुणेश शुक्ला, सानन्द पटेल, डॉ. शांति शरण मिश्रा, डॉ. सूरज सिंह, आकाश श्रीवास्तव, पप्पू वर्मा, महेंद्र गुप्ता, अश्विनी तिवारी, डॉ. आशीष मिश्रा, पंकज कसौधन, अजय पटेल, सन्नी अग्रहरी, गोविंद जायसवाल, रत्नेश पांडेय, गौतम तिवारी, डॉ. फरीदा इरम, वंदना त्रिपाठी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## एसपी ने रोडवेज पर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

रक्षाबंधन के अवसर पर यात्री सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एसपी विक्रांत वीर ने रोडवेज बस स्टैंड का निरीक्षण किया। त्योहार के कारण बस अड्डे पर उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों की बारीकी से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने बस स्टैंड परिसर, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, बस पार्किंग, प्रवेश व निकास द्वारों की सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस और यातायात कर्मियों को यात्री सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए। महिला यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एसपी ने महिला पुलिस बल की सक्रिय तैनाती, सतर्क गश्त और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैनी नजर रखने के आदेश दिए। उन्होंने यात्रियों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और मौके पर समाधान के निर्देश भी दिए।

## जनता दर्शन: सीएम योगी ने दिया आश्वासन

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार शाम गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं, सरकार उनकी भरपूर आर्थिक मदद करेगी। उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। सीएम योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया कि किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार शाम गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की।

मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए। एक महिला की गुहार पर उन्होंने अफसरों को उक्त महिला को जमीन का पट्टा देने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे।

सीएम योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी।

# राजस्थान के युवक से लूट मामला: शक के दायरे में आया चौकी इंचार्ज निलंबित

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



आरोप है कि पांच अगस्त को इलाके से कार सवारों ने उसे अगवा कर 90 हजार रुपये लूट लिए थे। लूट की वारदात को सीसीटीवी कैमरे से बचते हुए बदमाशों ने अंजाम दिया। मामले में अगले दिन बदमाशों ने चार लाख रुपये लेकर फिर बुलाया था। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसपी सिटी अभिनव त्यागी से की थी।

राजस्थान के युवक से लूट के प्रकरण में शक के दायरे में आए चौकी इंचार्ज नौसड़ शुभम श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है। इस लूट कांड के बाद चौकी इंचार्ज मुंबई रवाना हो गए थे। चौकी इंचार्ज पर बिना अनुमति गैर प्रदेश जाने का आरोप भी है। इस प्रकरण में चौकी इंचार्ज समेत तीन पुलिसकर्मी जांच के दायरे में हैं।

मामले की जांच सीओ को सौंपी गई है। जल्द ही दो अन्य पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई हो सकती है। बेलीपार इलाके में पिछौरा गांव का रविशंकर राजस्थान में काम करता है। उसने वहीं पर घर बना लिया है। इधर वह किसी काम के सिलसिले में गांव आया था। आरोप है कि पांच अगस्त को इलाके से कार सवारों ने उसे अगवा कर 90 हजार रुपये लूट लिए थे। लूट की वारदात को सीसीटीवी कैमरे से बचते हुए बदमाशों ने अंजाम दिया। मामले में अगले दिन बदमाशों ने चार लाख रुपये लेकर फिर बुलाया था। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसपी सिटी अभिनव त्यागी से की थी। इसके बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कार और बाइक सवार पांच अज्ञात के खिलाफ राजघाट थाने में केस दर्ज कर लिया। लूट करने वालों ने खुद को पुलिस के क्राइम ब्रांच का बताया था। उसी दिन से चौकी इंचार्ज समेत तीन पुलिसकर्मियों के मोबाइल भी बंद थे। इस वजह से उनकी भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई। बाद में पता चला कि तीनों पुलिस वाले जीडी में रवानगी दर्ज कर किशोरी को बरामद करने के नाम पर मुंबई चले गए। इसकी अनुमति नहीं ली गई थी। अब मामले का संज्ञान लेते हुए एसएसपी राजकरन नय्यर ने चौकी इंचार्ज को निलंबित कर विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि दो सिपाही भी साथ गए हैं, उन पर भी जल्द कार्रवाई संभव है। शक के दायरे में आए चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया गया है ताकि विवेचना प्रभावित न हो सके। साथ ही मामले की जांच सीओ को सौंपी गई है।

## छेड़खानी के आरोपियों पर धमकी देने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

क्षेत्र एक गांव में बृहस्पतिवार रात शौच करने गई ननद-भाभी से चार पहिया वाहन सवार मनचलों ने अश्लीलता की। विरोध पर पति समेत तीनों की पिटाई कर दी गई। पीड़िता का आरोप है कि मनचले पति की दुकान में जाकर दोबारा तोड़फोड़ कर फिर से मारने-पीटने के लिए दौड़ा लिया। पीड़िता ने आरोपियों पर धमकी देने का आरोप लगाया है।

खुखुंदू क्षेत्र के एक गांव की ननद-भाभी बृहस्पतिवार की रात करीब आठ बजे गांव के बाहर शौच करने गई थीं। इसी बीच चार पहिया वाहन चालक समेत पड़ोसी गांव के कुछ युवक आकर ननद से छेड़खानी करने लगे।

बीच-बचाव करने भाभी पहुंची तो उनसे भी छेड़खानी। पीड़िता ने बताया कि मनचले धमकी दे रहे हैं। प्रभारी थानेदार सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में पड़ा मिला डीजे संचालक का शव, हत्या की आशंका

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**



बंजरिया गांव के निवासी हीरालाल शर्मा उर्फ बिकाऊ(35) पुत्र केदार शर्मा अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। वह अपने गांव के चौराहे पर एक टेंट हाउस में काम करता था और खुद का डीजे चलाता था। शनिवार रात 11:30 बजे के करीब वह अपनी प्लेटिना मोटरसाइकिल से घर से निकला और देर रात तक वापस नहीं लौटा।

थाना क्षेत्र के बंजरिया गांव में रविवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में धान के खेत में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बंजरिया निवासी हीरालाल शर्मा के रूप में हुई। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष तरकुलवा मृत्युंजय राय ने शव को कब्जे में ले लिया। इसकी सूचना उन्होंने उच्चाधिकारियों को दी। इसके कुछ देर बाद पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर, सीओ संजय कुमार रेड्डी डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार, बंजरिया गांव के निवासी हीरालाल शर्मा उर्फ बिकाऊ(35) पुत्र केदार शर्मा अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। वह अपने गांव के चौराहे पर एक टेंट हाउस में काम करता था और खुद का डीजे चलाता था। शनिवार रात 11:30 बजे के करीब वह अपनी प्लेटिना मोटरसाइकिल से घर से निकला और देर रात तक वापस नहीं लौटा।

पत्नी और परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। रविवार को शव खेत में सोहनी करने निकले लोगों ने बंजरिया-पगरा मार्ग पर ब्रह्म स्थान के समीप एक बाइक को सड़क के बीचोंबीच देखा। वहां से लगभग 100 मीटर की दूरी पर एक धान खेत में पेट के बल हीरालाल का शव पड़ा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उसका एक दांत टूटा हुआ था और नाक और मुंह से खून निकला था। मृतक की पत्नी ने पुलिस के अधिकारियों से बताया कि रात 11:30 बजे उनके मोबाइल फोन पर कॉल आई थी, जिसके बाद वे घर से बाहर निकले थे। उसने अपने पति की हत्या कर शव को खेत में फेंक देने का आरोप लगाया है।

इस घटना को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चा चल रही है। कुछ लोग किसी साजिश की आशंका जता रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था, जिसे लेकर हीरालाल बराबर परेशान रहता था। इस संबंध में एसपी विक्रांत वीर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद असलियत का पता चलेगा। फिलहाल पुलिस परिजनों की तहरीर और जांच के विभिन्न पहलुओं पर कार्रवाई कर रही है।

# नेपाल में भारी बारिश...बड़हलगंज में दिखने लगा असर- डूबने लगी किसानों की फसल

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



देर शाम प्रशासन प्रशासन ने बगहा, ज्ञानकोल समेत बाढ़ से प्रभावित सभी गांवों में भोजन का वितरण कराया। सरयू और राप्ती नदी का जलस्तर बीते पांच दिनों से लगातार बढ़ रहा है। बीते 24 घंटे में सरयू का जलस्तर बरहज में 15 सेमी बढ़ा है। शनिवार शाम पांच बजे तक नदी खतरे के निशान से 95 सेमी ऊपर बह रही थी।

नेपाल में एक सप्ताह से हो रही बारिश के कारण सरयू नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नदी में हर दिन तीन लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है। शनिवार शाम चार बजे नदी बरहज में खतरे के निशान से 95 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गई। बीते 24 घंटे में 15 सेंटीमीटर पानी चढ़ा है।इसके अलावा राप्ती नदी में भी एक सेंटीमीटर की बढ़त हुई है। सरयू व राप्ती का जलस्तर बढ़ने की वजह से बड़हलगंज इलाके के ज्ञानकोल गांव के चारों तरफ पानी भर गया है। वहीं राप्ती नदी का पानी डेरवा से बैरिया खास जाने वाली सड़क पर लखनउरी के साथ ही सूबेदार नगर के पास ओवरफ्लो होने लगा है।

देर शाम प्रशासन प्रशासन ने बगहा, ज्ञानकोल समेत बाढ़ से प्रभावित सभी गांवों में भोजन का वितरण कराया। सरयू और राप्ती नदी का जलस्तर बीते पांच दिनों से लगातार बढ़ रहा है। बीते 24 घंटे में सरयू का जलस्तर बरहज में 15 सेमी बढ़ा है। शनिवार शाम पांच बजे तक नदी खतरे के निशान से 95 सेमी ऊपर बह रही थी। जबकि यही नदी अयोध्या में खतरे के निशान से 56 सेमी ऊपर है। राप्ती नदी का जलस्तर कभी नीचे तो कभी ऊपर हो रहा है। बर्डघाट में नदी का जलस्तर शनिवार की शाम को खतरे के निशान से 1.54 मीटर नीचे था। शाम को नदी के जलस्तर में एक सेंटीमीटर की बढ़त दर्ज गई। वहीं रोहिन लाल निशान से दो मीटर और गोर्रा लगभग डेढ़ मीटर खतरे के निशान से है।

**देर शाम को उपलब्ध कराया गया भोजन**

**गोरखपुर।** गोला तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बगहा, ज्ञानकोल आदि में बाढ़ से प्रभावित लोगों के मध्य गर्म पका भोजन वितरित किया गया। सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर की दृष्टिगत तहसील द्वारा सामुदायिक रसोई स्थापित कर प्रभावित लोगों को गर्म पका भोजन उपलब्ध कराया गया।

## श्रीलंका के पर्यटकों ने बुद्ध प्रतिमा के समक्ष नवाया शीश

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

कुशीनगर में श्रीलंकाई पर्यटकों ने शनिवार को सूर्योदय से सूर्यास्त तक बुद्ध से जुड़े दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। ऐतिहासिकता और प्राचीनता से रू-ब-रू हुए। पूरा माहौल बुद्ध के उपदेशों से गुंजायमान हो रहा था। प्रतिमा को शीश नवाया और विश्व शांति और कल्याण की कामना की। श्रीलंका के पर्यटकों का दल मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में लेटी बुद्ध प्रतिमा का दर्शन किए। प्रतिमा को शीश नवाया और विश्व शांति और कल्याण की कामना की। श्रीलंका के पर्यटकों का दल मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में लेटी बुद्ध प्रतिमा का दर्शन किए। बुद्ध वंदना के साथ चीवर चढ़ाया। उत्खनित पुरावशेषों का अवलोकन किया और उनके महत्व को भी जाना।

# एक किलोमीटर के लिए 20 रुपये किराया वसूल रहे ऑटो चालक

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**



नगर क्षेत्र में किराए का निर्धारण न होने से ऑटो और ई-रिक्शा चालक लोगों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। करीब एक किलोमीटर का सफर करने पर भी किराया 20 रुपये तक वसूल रहे हैं। इसे लेकर अक्सर यात्रियों और ई-रिक्शा चालकों के बीच बहस होती है। सबकुछ जानते हुए भी जिम्मेदार मौन हैं।

इन दिनों सड़क पर यात्री वाहन से सफर करने वाले मुसाफिर परेशान हैं, क्योंकि वाहन मालिक मनमुताबिक किराया वसूल कर रहे हैं। नगर के बेलवा चुंगी और सब्जी मंडी से रोडवेज की दूरी करीब एक किलोमीटर है। वहीं जटहां रोड से रोडवेज की दूरी करीब दो किलोमीटर होगी। बावली चौक से रोडवेज की दूरी साढ़े से पांच किलोमीटर है। इस दूरी का ऑटो चालकों की तरफ से लोगों से मनमाना किराया वसूला जा रहा है। यदि कोई बावली चौराहे, सब्जी मंडी से रोडवेज तक करीब एक किमी दूरी तय करता है तो उससे यह लोग 20 रुपये, वहीं तिलक चौक से रोडवेज तक 10 रुपये, वहीं बावली से रोडवेज 20 से रुपये तक भाड़ा वसूल रहे हैं।

वहीं अगर किसी ई-रिक्शा से अगर आपने चौक से ब्रस्थान तक कोई सामान मंगाया या भेजा तो उसका 200 रुपये तक वसूला जा रहा है। इसे लेकर अक्सर चालकों और यात्रियों के बीच नोकझोंक होती है। जगदीशपुर कॉलोनी के सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। एक तो इनके द्वारा जगह-जगह ऑटो और ई-रिक्शा को रोककर जाम लगाया जाता है दूसरे लोगों से मनमाना किराया वसूला जाता है। वहीं जटहां रोड के व्यापारी शिव मोहन गुप्ता ने बताया कि ऑटो और ई-रिक्शा चालक रेट फिक्स न होने के कारण जो बोल देते हैं मानते नहीं हैं।

# आय प्रमाण पत्र बनवाने में परेशानी, तहसील से नहीं लग पा रही रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**




तमकुहीराज तहसील में आय-निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए क्षेत्र के आवेदकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आय-निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए 10 दिन से लोग आवेदन किए हैं, लेकिन तहसील स्तर के अधिकारियों के पोर्टल पर लंबित है। अधिकरियों द्वारा आवेदनों को अपने अधीनस्थ के पास अग्रसारित नहीं करने से समय पर रिपोर्ट नहीं लग पा रही है। जिससे युवाओं को आवेदन करने में दिक्कत हो रही है। विभिन्न शिक्षण संस्थाओं व प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन करने के लिए आय-निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। युवाओं का आरोप है कि उनके द्वारा ऑनलाइन आय-निवास के लिए आवेदन किया जा रहा है, लेकिन रिपोर्ट नहीं लग पा रही है। आवेदक रामबाबू प्रसाद, मुहम्मद कसीर अहमद, आशीष यादव, जहांआरा खातून, अंकिता गुप्ता, फिरोज अहमद, सबरुन निशा आदि ने बताया कि वह सभी छात्र हैं और शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश व प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन करने के लिये आय-निवास प्रमाण पत्र के दस पूर्व ऑनलाइन किये हैं। तहसीलदार तमकुहीराज सुनील कुमार सिंह ने बताया कि हमारे आईडी पर पड़े आवेदन को जल्द ही अग्रसारित कर दिया जायेगा।

## गौरी बाजार रेलवे स्टेशन पर मिला बुजुर्ग का शव

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

गौरी बाजार रेलवे स्टेशन पर शनिवार की सुबह 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। उसकी पहचान गोरखपुर जनपद के चौरीचौरा थाना क्षेत्र के कोल्हुआ निवासी ओमप्रकाश गौंड के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची जीआरपी देवरिया ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, ओम प्रकाश गाजियाबाद की एक फैक्टरी में सुरक्षा गार्ड था। जीआरपी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया ट्रेन से कटकर हुई मौत का मामला प्रतीत हो रहा है। आधार कार्ड से उसकी पहचान की गई।

# यूनिवर्सिटी चौराहे पर दर्दनाक हादसा: शहर के बीच में डंपर की 'एंट्री', स्कूटी सवार महिला को मारी टक्कर- मौत

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



महिला की पहचान खोराबार निवासी अन्नपूर्णा (56) के रूप में हुई। वह पति हरिशंकर प्रजापति के साथ इलाज के लिए जा रही थी। पति पोस्ट ऑफिस में कर्मचारी हैं। उन्हें भी हल्की चोट आई है। हादसे के बाद मौके पर नाराज लोगों का कहना था कि ये ट्रैफिक और पुलिस विभाग की लापरवाही से हादसा हुआ है। किसी भी शहर में डंपर के प्रवेश का समय शहर और यातायात नियमों पर निर्भर करता है।

यूनिवर्सिटी चौराहे के पास रविवार की सुबह 11:30 बजे के करीब एक डंपर ने स्कूटी सवार दंपती को टक्कर मार दी। इसमें महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

वह पति हरिशंकर प्रजापति के साथ इलाज के लिए जा रही थी। पति पोस्ट ऑफिस में कर्मचारी है। उसे भी हल्की चोट आई है। हादसे के बाद चौराहे पर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने रास्ते को खुलवाया। हादसे के बाद लोगों के बीच डंपर को लेकर खासी चर्चा हो रही थी। लोगों का कहना था कि ये ट्रैफिक और पुलिस विभाग की लापरवाही से हादसा हुआ है। किसी भी शहर में डंपर के प्रवेश का समय शहर और यातायात नियमों पर निर्भर करता है। आमतौर पर, भारी वाहनों, जैसे डंपर, को शहर में सुबह 7:00 बजे से 10:30 बजे तक और शाम 5:00 बजे से 11:00 बजे तक प्रवेश की अनुमति नहीं होती है। यह समय शहर के व्यस्त घंटों के दौरान यातायात को कम करने के लिए निर्धारित किया गया है। ऐसे में दोपहर एक बजे शहर के बीच चौराहों को पार करते हुए यूनिवर्सिटी चौराहे तक डंपर किसी अनुमति से आया? अगर यातायात और जनसुविधा को देखते नियमों के तहत ही डंपर आता तो ये हादसा नहीं होता और एक जान नहीं जाती।

# जनपद कारागार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार

■ मुस्लिम महिलाओं ने भी भाइयों की कलाइयों में बंधीं राखी

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**



जनपद के जिला कारागार में रक्षाबंधन का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अपने भाइयों से मुलाकात करने के लिए 596 महिलाएं एवं उनके साथ 206 बच्चे भी आये कारागार में निरूद्ध 342 पुरुष बंदियों की बहनों ने अपने बंदी भाईयों की कलाई पर राखी बांधी। इसके अतिरिक्त कारागार में बंद 7 महिला बंदियों से उनके 12 भाइयों ने भी राखी बंधवाने जनपद कारागार पहुंचे जेल में बंद अपने भाइयों व बहनों से मिलने पर भावुक हो गए जेल में बंद अपने भाइयों से मुलाकात करने आने वाली बहनों ने अपने-अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर राखी बांधकर मिठाई खिलाई तथा ईश्वर से उनके लंबी उम्र और जेल से रिहा होने तथा खुशहाली के लिए प्रार्थना की जेल प्रशासन ने सुबह 07:30 बजे से ही मुलाकात करवानी शुरू कर दी जो अपराह्न 3 बजे तक चलती रही। मुलाकातियों की सुविधाओं के लिए अलग-अलग सिप्टो में लोगों की मुलाकात करवाई गई। शासन द्वारा मिले दिशा-निर्देशों के अनुसार भारी भीड़ को देखते हुए पुरुष मुलाकातियों पर जेल प्रशासन ने रोक लगाया था सिर्फ जिस पुरुष की बहने जेल में बंद थी उन्हीं को मुलाकात करवाने की प्रशासन से अनुमति दी गई थी जेलर आलोक सिंह ने बताया कि मुलाकातियों के भारी संख्या को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे जिसके लिए बंदी रक्षों के अलावा जनपद पुलिस के जवान भी लगाए गए थे बंदियों एवं बंदिनियों के बहनों व भाईयों के लिए शुद्ध पेयजल व बैठने की व्यवस्था कारागार प्रशासन द्वारा की गई थी कारागार में रक्षाबंधन का पर्व सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कारापाल, आलोक सिंह, उप कारापाल, तेजवीर सिंह व सूर्यभान सरोज, कनिष्ठ सहायक, अनूप कुमार गोंड, हेड वॉर्डर, राजीव यादव व उनके साथ कारागार के अन्य स्टाफ भी उपस्थित थे।

## बसों और ट्रेनों में दिखी भीड़, सड़कों पर जाम

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

शनिवार को सुबह से हो रही बारिश से मौसम तो सुहाना हो गया परन्तु रक्षाबंधन मनाने के लिए घर जानें वालों की ट्रेनों और बसों में भारी भीड़ रही। सड़कों पर वाहनों की आवाजाही अधिक होने से शहर में जगह जगह लंबा जाम लग गया। वाहन रेंगते हुए नजर आए। रक्षा बंधन पर बसों व ट्रेनों में सीट न मिलने पर यात्रियों को खड़े होकर भी सफर करना पड़ा। इस दौरान बहनों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। रोडवेज अफसरों के दावे के अनुसार न तो अतिरिक्त बसें दौड़ती दिखीं न ही बसों के फेरे बढ़े। घंटों यात्री बसों का इंतजार करते रहे। लंबी दूरी के साथ ही स्थानीय मार्गों पर भी बसों में पहले से ही काफी भीड़ होने से सीट के लिए मारामारी रही। कानपुर-दिल्ली मार्ग पर सबसे ज्यादा यात्रियों की भीड़ रही।उधर रेलवे स्टेशन पर भी दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर चलने वाली ट्रेनों में भी जगह नहीं रही। सभी प्रमुख ट्रेनों में यात्रियों को कंफर्म टिकट नहीं मिली। इससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली से अलीगढ़ आने वाली सभी ईएमयू पैसेंजर ट्रेनों में इतनी भीड़ थी कि दरवाजों पर भी यात्री लटके हुए थे।

## देवीपाटन मंदिर पर कन्या पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | तुलसीपुर बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के तहसील मुख्यालय तुलसीपुर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगर में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पर्व के अवसर पर बहने भाइयों को टीका कर आरती उतारकर भाइयों को रक्षाबंधन बाध कर मुँह मीठा कराया। भाइयों ने भी सतत उनकी रक्षा का वचन दिया। रक्षाबंधन के अवसर पर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए तथा प्रसाद ग्रहण किया।

जानकारी के अनुसार 9 अगस्त को देवीपाटन मंदिर पर रक्षाबंधन के उपलक्ष में आयोजित भंडारे का महंत मिथलेश नाथ योगी ने पारंपरिक तरीके से माता पाटेश्वरी का पूजा-अर्चना कर मां के चरण में भोग लगाया तथ सभी के लिए सुख शांति समृद्धि की कामना की। उन्होंने कन्याओं का चरण पाखर कर, चुनरी भेंट कर टिका लगाया तथा दक्षिणा भेंट किया। भंडारे का प्रसाद ग्रहण के करने के लिए बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि शासन प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी एवं श्रद्धालु शामिल हुए। प्रसाद ग्रहण करने में क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, बलरामपुर सदर विधायक पलटू राम, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, भाजपा नेत्री शेरावाली शुक्ला, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह, राकेश सिंह, पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष बृज गोपाल पांडे, अरुण देव आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की, जन्मेजय सिंह, प्रोफेसर डॉ एस एन सिंह, रितेश द्विवेदी, मनीष तिवारी, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, एएसपी विशाल पांडे, उपजिलाधिकारी राकेश कुमार जयंत, सीओ बृज नंदन राय, प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे, मंदिर चौकी प्रभारी राकेश कुमार पाल, अरुण गुप्ता, पंकज सिंह, श्याम तिवारी, कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव, रिंकू सिंह, मनीष सिंह, राधेश्याम चौरसिया सहित बड़ी संख्या श्रद्धालु मौजूद रहे।

## दबंगों के ऊपर कार्रवाई ना होने पर पीड़ित ने एएसपी से लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर**

जनपद के थाना अहिरौली क्षेत्र के मरथुआ सरैया गांव निवासी सन्तराम वर्मा ने अपनी बीमार बेटी के इलाज के लिए रखे रुपये जेब से निकलने और जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए अपर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित संतराम वर्मा पुत्र कोलई ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम करीब 6~30 बजे वह अकबरपुर से बनगांव होते हुए अपने गांव लौट रहे थे। तभी बनगांव डिहवा स्थित एक पेट्रोल पंप के पास गांव के ही आयुष वर्मा पुत्र देवी शंकर व रोहित वर्मा पुत्र स्वर्गीय फतेह बहादुर वर्मा ने पहले गाली-गलौज और धमकी दी। इसके बाद जब वह आगे बढ़े तो अखंड प्रताप सिंह के खेत के पास दोनों ने उनकी बाइक रोककर मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि यह हमला वीरबल वर्मा पुत्र रमाशंकर की साजिश के तहत हुआ, जिसने कथित रूप से तीन हजार रुपये फिरौती देकर हमला करवाया?? है। संतराम ने यह भी बताया कि हमलावरों ने उनकी जेब से इलाज के लिए रखे पांच हजार रुपये भी निकाल लिए और मौके से फरार हो गए। शोरगुल सुनकर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद हमलावर भाग निकले। पीड़ित ने उसी रात लगभग आठ बजे अकबरपुर कोतवाली में लिखित तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने से आहत होकर उन्होंने शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# महाराणा प्रताप जनजातीय छात्रावास में मनाया गया रक्षाबंधन का त्यौहार

■ वनवासी छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर बांधी राखी

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित वनवासी कल्याण आश्रम के सेवा समर्पण संस्थान द्वारा संचालित महाराणा प्रताप जनजातीय छात्रावास में शनिवार को रक्षाबंधन त्यौहार हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। रक्षाबंधन के अवसर वनवासी छात्राओं ने छात्रों के कलाई पर राखी बांधी।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वनवासी कल्याण आश्रम बलरामपुर इकाई के अध्यक्ष एमएलके पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंगल बाबू व सभासद राघवेंद्र कांत सिंह मंटू मौजूद रहे। कार्यक्रम आश्रम के संगठन प्रमुख सचिन जी द्वारा आयोजित किया गया।



जानकारी के अनुसार 9 अगस्त को रमना पार्क स्थित सेवा समर्पण संस्थान द्वारा संचालित महाराणा प्रताप जनजातीय बालक छात्रावास में राखी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्रावास में निवास कर रहे दो दर्जन से अधिक छात्रों को नव सृजित महाराणा प्रताप जनजातीय बालिका छात्रावास की छात्राओं ने राखी बांधकर उन्हें बहन का स्नेह प्रदान किया, बदले में छात्रों ने बहनों की रक्षा का वचन दिया। संगठन प्रमुख सचिन जी ने बताया कि छात्रावास में निवास कर रहे बच्चों को घर से दूर रहने की कमी ना हो इसके लिए सभी त्योहार पारंपरिक तरीके से मनाया जाता है उन्होंने बताया कि इस वर्ष किराए पर बालिका छात्रावास भी प्रारंभ कर दिया गया है जिसमें इस समय लगभग एक दर्जन थारू जनजातीय परिवार की छात्राएं रहकर अपनी पढ़ाई पूरी कर रही हैं। बालक तथा बालिका छात्रावास में बलरामपुर जिले के अलावा श्रावस्ती, बहराइच व लखीमपुर जिले की जनजातीय परिवार की छात्र-छात्राएं निवास करके शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य डॉ राजीव रंजन सभी छात्रों को रक्षाबंधन त्यौहार की बधाई देते हुए कहा कि जनजातीय परिवार हमारे समाज के प्रमुख अंग है इनके शिक्षा दीक्षा को लेकर सरकार भी गंभीर है और हम लोग भी पूरी तरह से सजग है। उन्होंने बालिका छात्रावास शुरू करने के लिए संगठन प्रमुख को बधाई भी दी।

आश्रम के कोषाध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि मंगल बाबू ने छात्र-छात्राओं को रक्षाबंधन त्यौहार के इतिहास तथा धार्मिक महत्व के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान आश्रम के प्रचार प्रमुख अखिलेश तिवारी हुआ आमंत्रित अतिथि आकाशवाणी दूरदर्शन के जिला संवाददाता रामकुमार व रविन्द्र के अलावा छात्राओं में मीरा, माधुरी, आंचल, सुनीता, मीना, रेखा, आरती व सुमन तथा छात्रों में प्रिंस, रोहित, अंश, परमदीप गोविंद कुमार, हिमांशु, निलेश, दुर्गेश कुमार, शिवम, समीर राणा, मोहित कुमार, पीयूष राना, सुनील, गोपाल राना, आयुष, विवेक चौधरी, अनीस, विंद सिंह व विकास मौजूद रहे।

## बजाज समूह के अध्यक्ष को मिला 'सर्वोत्तम नागरिक सम्मान' 2025

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**




बजाज फाउंडेशन के अध्यक्ष शिशिर बजाज को मुंबई के प्रतिष्ठित होटल सहारा स्टार में आयोजित एक भव्य समारोह में बजाज फाउंडेशन के चेयरमैन और बजाज समूह के वरिष्ठ मार्गदर्शक शिशिर बजाज को 'सर्वोत्तम नागरिक सम्मान -2025' से सम्मानित किया गया।

उन्हें यह सम्मान मिलने पर बजाज ग्रुप के अधिकारियों कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन की उपस्थिति में आयोजित इस सम्मान समारोह में महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति श्रीराम शिंदे तथा सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार द्वारा अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ सम्मान मूर्तियों का सत्कार किया गया।सर्वोत्तम नागरिक सम्मान, मेघा श्रेय फाउंडेशन और श्रीमती सीमा सिंह द्वारा उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने समाज में अपने निःस्वार्थ समर्पण और सेवा के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दिया है और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में मिसाल कायम की है। इस वर्ष के समारोह में पद्मविभूषण डॉ. अनिल काकोडकर, पद्मभूषण डॉ. विजय भटकर, पद्मश्री डॉ. शंकर महादेवन, फिल्म निर्देशक इम्तियाज अली, पद्मभूषण अनुपम खेर और पद्मश्री विजेंदर सिंह जैसे कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे। सम्मान प्राप्त करने के बाद शिशिर बजाज ने कहा कि हमारे मूलभूत सामाजिक प्रयास 1926 से शुरू हुए, जब मेरे दादाजी जमनालाल बजाज ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को समर्थन देने के लिए बजाज समूह की स्थापना की। उन्होंने बताया कि 1932 में उत्तर प्रदेश में हमारी पहली शुगर फैक्ट्री स्थापित की गई, जिसका उद्देश्य भारत को चीनी उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना था। तब से समूह ने व्यवसाय और सीएसआर दोनों क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण और भारतीय गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उत्कृष्ट कार्य किया है। बजाज चीनी मिल उतरौला यूनिट इकाई प्रमुख राकेश यादव ने बताया कि बजाज फाउंडेशन जनहित के अनेक सराहनीय कार्य फाउंडेशन के अध्यक्ष शिशिर बजाज के दिशा निर्देश में कर रहा है।

## पायनियर पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शनिवार को रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जानकारी के अनुसार 9 अगस्त को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में 'रक्षाबन्धन' का त्योहार मनाया गया। रक्षाबन्धन त्योहार के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा० एम०पी० तिवारी के नेतृत्व में तथा विद्यालय के उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय की संरक्षता में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। प्रबन्ध निदेशक नें बच्चों को बताया कि रक्षा बन्धन का त्योहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्योहार भाई-बहनों को स्नेह की डोर से बांधता है।

इस दिन बहन अपने भाई के मस्तक पर टीका लगाकर रक्षा सूत्र को बांधती है जिसे राखी कहते है। राखी कच्चे सूत वस्तु से लेकर रंगीन कलावे, रेशमी धागे तथा सोने या चाँदी जैसी मँहगी वस्तु तक की हो सकती है। रक्षा बन्धन के दिन बहने भगवान से अपने भाईयों की तरक्की के लिए प्रार्थना करती है। रक्षा बन्धन के दिन भाई अपनी बहन को राखी के बदले कुछ उपहार देते है।

इस त्योहार के दिन सभी परिवार एक हो जाते है और राखी, उपहार और मिठाई देकर अपना प्यार साझा करते है। भारत की सीमा पर तैनात हमारे सैनिक आतंकवादियों और पाकिस्तान की सेना से मोर्चा लेते हुए भले शहीद हो रहे हो लेकिन इस देश की बेटियाँ सीमा पर तैनात सैनिक भाइयों की रक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती रहती है। रक्षा बन्धन पर्व पर सैनिक भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए सैकड़ों बहने लाइन लगाकर खड़ी रहती है हर किसी के चेहरे पर खुशी के साथ गर्व साफ झलकता है। बहनें सैनिक भाइयों की कलाई पर राखी बांध कर उनके देश सेवा के जज़्बे को सलाम करती है तथा ईश्वर से उनकी लम्बी उम्र की मनोकामना करती है। विद्यालय में भाई को बहनों द्वारा राखी बाँधने, भाषण, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राखी बाँधने में प्राइमरी




ग्रुप में कक्षा-नर्सरी से कक्षा-12 तक सभी छात्राओं ने अपनी कक्षा के छात्रों को राखी बाँध कर उन्हे मिठाइँया खिलाई तत्पश्चात सभी छात्रों ने अपनी कक्षा की छात्राओं को विभिन्न प्रकार के उपहार दिये। भाषण प्रतियोगिता में अभ्युदय, प्रज्ञा, अयान, पारूल, अक्षत, मोहनी, अहमद, सुशांत, आयुष्मान, यशवी, कोमल एवं शिवांस आदि छात्र-छात्राओं ने रक्षाबन्धन के त्योहार के बारे मे अपना-अपना विचार प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् सांस्कृति कार्यक्रम के अन्तर्गत समूह नृत्य नर्सरी एवं यू0के0जी0 के छात्राओं में गीत-तेरी मेरी यारी सबसे प्यारे भइया नामक गीत पर सानवी, श्रुतिका, आराध्या, आयुशी, हादिया, तान्या, अफाफ, आदिती, अरवी, माधुरी, आदि ने बहुत ही मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसी क्रम में कक्षा-1 की छात्र-छात्राओं में गीत- कच्चे धागों का रिश्ता नामक गीत पर देवांसी, आयुष्मान, श्रद्धा, मानस, अभ्युदय, आर्यन, रितिका, अल्तमस, रिया, सर्वग्य, वैष्णवी, अनुभव एवं यशिका कक्षा-2 के छात्राओं में गीत-भाई तो खूब झगड़ते नामक गीत पर रितुविजा, प्रेरणा, सरवानी, परिधि, रश्मि, मिसिका, हलाता, आराध्या, कक्षा-4 से गीत-मेरी राखी की डोर कभी न हो कमजोर नामक गीत पर नितिका, प्रथमेश, आव्या, विराट, आशी, श्रेया, निखिल, अवन्तिका, अनमोल, श्रृष्टि, सूर्यांस तथा कक्षा-6 से गीत-मेरी राखी का मतलब है प्यार भइया नामक गीत पर प्रार्थना, आस्था, सिद्धी, आलिया, पलक, मानवी, प्राख्या, अनुष्का ने बहुत ही सुन्दर समूह नृत्य प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। इसी क्रम में एकल गायन गीत-मैं रहूँ न तेरे बिना में कक्षा-7 की छात्रा नैनसी ने बहुत महमोहक गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने रक्षा बन्धन पर्व पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाएँ उपस्थित रहे।

## खाद की लाइन में लगे 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

### शासन-प्रशासन के दावों की खुली पोल

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में खाद के लिए लाइन में लगे एक बुजुर्ग की मौत हो गई। वह शुक्रवार सुबह बगैर खाए पिये खाद के लिए घर से निकल गए थे। खाद की दुकान के बाहर काफी देर तक लाइन में खड़े रहे, जिसके बाद वह गश खाकर गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 8 अगस्त को श्रीदत्तगंज के शफीउर्रहमान (70) उर्फ बड़कऊ पुत्र लल्लन शुक्रवार सुबह पांच बजे ही बगैर कुछ खाये पिये ही घर से खाद के लिए निकल गए थे। श्रीदत्तगंज बाजार स्थित एग्रीकल्चर जक्शन की दुकान पर खाद के लिए लाइन में लग गए। इसी दौरान उनकी तबियत बिगड़ गई और वह गश खाकर गिर गए। गिरते ही उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र सिकंदर ने बताया कि खाद के लिए इनके पिता कई दिनों से चक्कर लगा रहे थे। कई दिन उन्हें खाद बिक्रेता के यहां से खाली हाथ लौटना पड़ा था। वृद्ध की हुई मौत से लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि लम्बे समय से जिले में खाद की कमी है। खाद आपूर्ति व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो रहा है। जिला प्रशासन ने मामले में जांच के आदेश दिये हैं। जिला कृषि अधिकारी उपेन्द्र खरवार ने बताया कि अभी उन्हें जानकारी नहीं मिली है। पूरी जानकारी मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल की बेटियों ने एसएसबी जवानों की कलाई पर बांधी राखी

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने शुक्रवार को सशस्त्र सीमा बल के जवानों के कलाई में राखी बांधकर उनकी बहनों की कमी को पूरा किया।

जानकारी के अनुसार 8 अगस्त को रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर डिवाइन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने एसएसबी जवानों के कलाई पर राखी बांधकर बहन का फर्ज निभाया। बच्चों की बुनियादी शिक्षा की मजबूती की बात हो या फिर सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों में बच्चों की सहभागिता हो सदैव डिवाइन स्कूल आगे रहा है। डिवाइन स्कूल के बच्चों की उत्कृष्ट शिक्षा जहां उनकी पहचान बनी है वहीं दूसरी तरफ सामाजिक सरोकारिता के तहत देश की रक्षा करने वाले सशस्त्र सीमा बल के जवानों को रक्षाबंधन




के पावन पर्व पर कलाई में राखी बांधकर उनके दीर्घायु की कामना की है। डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आशीष उपाध्याय की अगुवाई में सशस्त्र सीमा बल कैंप जाकर बेटियों ने जवानों की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें देश की रक्षा का संकल्प दिलाते हुए दीर्घायु की कामना की है। बेटियों के हाथों जवानों की कलाई पर राखी बांधते ही जवान भावुक होते उन्होंने कहा कि आज राखी जैसे पर्व पर बहनों की कमी इन बच्चों ने पूरी कर दी। जवानों ने बेटियों को शुभकामनाएं देते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहते हुए उनके रक्षा का संकल्प लियाहै। विद्यालय प्रबंधक आशीष उपाध्याय ने कहा कि यह ऐसा पल होता है, जहां बहनों की कमी हर भाई को खलती है। इस कमी को हमने नजदीक से महसूस करते हुए जवानों के साथ बेटियों के हाथों राखी त्यौहार मनाते हुए उन्हें खुशी देने का प्रयास किया है।

हम सभी का नैतिक कर्तव्य है कि अपनी खुशियों के साथ-साथ बॉर्डर पर हम सब की रक्षा करने वाले जवानों की खुशी का ख्याल रखें उनके खुशी से ही हम सभी की स्वतंत्रता और खुशी सुरक्षित रह सकती है। विद्यालय की महिला अध्यापकों के साथ छात्रों ने जवानों को राखी बांधकर उनका मुंह मीठा कराया है। इस दौरान विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकायें शामिल रहे।

## व्यापारियों ने वस्त्र वितरण कर मनाया कैबिनेट मंत्री का जन्मोत्सव

**जन एक्सप्रेस | तुलसीपुर बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय पर रविवार को आबकारी एवं मत्स्य निषेध मंत्री उत्तर प्रदेश शासन नितिन अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल बलरामपुर जिलाध्यक्ष अनिल कुमार लाठ द्वारा निर्धन असहाय बेबस लोगों को वस्त्र वितरण कर सबके साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया गया।

जानकारी के अनुसार 10 अगस्त को तुलसीपुर नगर के व्यापारी, समाजसेवी एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष अनिल कुमार लाठ ने बताया कि प्रदेश सरकार में मंत्री नितिन अग्रवाल का 44 वां जन्मदिन बड़े ही धूम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शामिल गरीब असहाय बेसहारा लोगों को वस्त्र वितरण जनप्रतिनिधियों ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की, ब्लॉक प्रमुख हेमंत जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख महिपाल चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी परिवारों को जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों के साथ मिलकर केक काट कर मंत्री नितिन अग्रवाल का जन्मदिन धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता अरुण देव आर्य बब्लू, रवि अग्रवाल, रिक्की सरदार, पंकज कनोडिया, हिमाशु जिंदल, निकेत अग्रवाल, चन्द्रमणि त्रिपाठी, सुनील अग्रवाल, डब्लू सोनी, अमित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# बीडीओ परसरामपुर की आंख में पट्टी!

## क्लिक में हाजिरी, क्लिक में मजदूरी–मैदान में सिर्फ भ्रष्टाचार?




■ मनरेगा में फोटो–फर्जीवाड़ा, बीडीओ परसरामपुर की नाक के नीचे मची लूट

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

गरीब मजदूरों का पसीना बहा कर पेट पालने वाला मनरेगा अब भ्रष्टाचारियों की जेब भरने का जरिया बन गया है। ब्लॉक परसरामपुर में मनरेगा योजना के तहत फोटो-हाजिरी के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा हो रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा है। परशुरामपुर ब्लाक के भटानिया गांव में मनरेगा में भ्रष्टाचार की खुले आम लूट मची है। यहां भ्रष्टाचारियों ने भ्रष्टाचार करने का नया तरीका खोजकर फोटो से ही हाजिरी लगा कर गरीबी के हक पर डाका डाल रहे है। गाँवों में रोजगार देने की सबसे बड़ी योजना मनरेगा अब भ्रष्टाचारियों के लिए कमाई का नया जरिया बनती जा रही है। सरकार ने पारदर्शिता लाने के लिए मोबाइल ऐप से फोटो लेकर हाजिरी लगाने का नियम बनाया, लेकिन जमीनी हकीकत में यह सिस्टम फर्जीवाड़े का हथियार बन गया है। स्थानीय स्तर पर शिकायतें हैं कि मनरेगा के काम में असली मजदूर के बजाय पुराने या सेट किए गए फोटो अपलोड कर हाजिरी लगा दी जाती है। कई मामलों में तो काम पर मौजूद ही नहीं रहने वाले मजदूर की फोटो भेजकर उपस्थिति दर्ज कर दी जाती है और मजदूरी उठा ली जाती है। मज़दूर बताते हैं कि फोटो लेने का समय तय होने के बावजूद, मेट और ठेकेदार अपने मोबाइल से फोटो खींचकर बाद में अपलोड कर देते हैं। वहीं, नेटवर्क न होने का बहाना बनाकर बाद में एंट्री की जाती है, जिससे वास्तविक कार्य स्थल और समय का कोई मेल नहीं बैठता। गाँव के गरीब और जरूरतमंद मज़दूर, जो रोज़गार के भरोसे काम पर आते हैं, उन्हें कई बार हाजिरी सिस्टम में ग़ैर-हाज़िर दिखा दिया जाता है। इसका सीधा असर उनकी मजदूरी पर पड़ता है, जबकि रिकॉर्ड में सबकुछ 'सही' दिखाया जाता है।

### आखिर कब तक गरीबों के हक पर डाका! कब जगेगा प्रशासन?

गाँव के लोग कहते हैं जब ब्लॉक का मुखिया ही सो रहा है, तो गरीब का हक कौन बचाएगा? अब देखना यह है कि क्या प्रशासन जागेगा, या मनरेगा का यह फर्जीवाड़ा गरीबों की उम्मीदों को यूं ही कुचलता रहेगा।

इस संबंध में बीडीओ परशुरामपुर विनोद कुमार सिंह के सीयूजी नंबर 94544 64719 पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नॉट रीचबल था।



फर्जीवाड़ा! फोटो से फर्जी अटेंडेंस लगाता हुआ रोजगार सेवक वीरेंद वर्मा

### जनप्रतिनिधियों और बीडीओ परसरामपुर के कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में ?

बीडीओ परसरामपुर विनोद कुमार सिंह व ग्राम प्रधान आरती के कार्य कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि एन एम एम एस ऐप से ली गई फोटो का जीपीएस और टाइमस्टैम्प मिलान किया जाए तो जिम्मेदारों की भ्रष्टाचार की कलई खुल जाएगी। सरकार ने इस व्यवस्था को 'पारदर्शिता' के नाम पर लागू किया था, लेकिन भ्रष्ट तंत्र ने इसे गरीबों के हक की लूट का नया रास्ता बना दिया है। सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस फोटो–हाजिरी घोटाले पर अंकुश लगाएगा या फिर यह भी फाइलों में दब जाएगा?

### फोटो से घोटाला, फोटो से शोहरत! बीडीओ परशुरामपुर का डबल खेल

ब्लॉक परशुरामपुर में मनरेगा योजना के तहत फोटो–हाजिरी के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा चल रहा है। मजदूरों का आरोप है कि असली काम करने वालों को हाजिरी से गायब दिखा दिया जाता है, जबकि पुराने या फर्जी फोटो अपलोड कर कागज़ों में सब कुछ ठीक दिखाया जाता है। सबसे हैरानी की बात यह है कि जिस ब्लॉक में गरीबों का हक छीना जा रहा है, उसी ब्लॉक के बीडीओ साहब मीडिया में अपनी फोटो खिंचवाने में सबसे आगे रहते हैं। कार्यक्रम हो या निरीक्षण, कैमरे के सामने आने का कोई मौका ये नहीं छोड़ते। ग्रामीण तंज कसते हैं — गरीब की मजदूरी बचाने में बीडीओ साहब उतने एक्टिव नहीं जितने अख़बार में फोटो छपवाने में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बीडीओ परशुरामपुर की मौजूदगी में ही यह फोटो–फर्जीवाड़ा पनप रहा है।

### ग्रामीणों का आरोप- फोटो से लगाई जा रही है हाजिरी, मनरेगा में भ्रष्टाचार चरम पर!

परसरामपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत भटिनिया गाँव के कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत चल रहे कार्यों में भारी अनियमितताएँ हो रही हैं। उनका कहना है कि मजदूरों की वास्तविक उपस्थिति के बजाय सिर्फ फोटो खींचकर हाजिरी दर्ज की जा रही है, जबकि मौके पर कई बार मजदूर काम पर मौजूद ही नहीं होते। ग्रामीणों के मुताबिक, इस तरह की फर्जी हाजिरी से सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है और गरीब मजदूरों को उनका सही मेहनताना नहीं मिल पा रहा है। एक ग्रामीण ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, हमारे यहाँ कई लोग काम पर नहीं जाते, लेकिन फोटो भेजकर हाजिरी लगा दी जाती है। भुगतान भी उन्हीं के खातों में चला जाता है।

### मनरेगा में भ्रष्टाचार! बीडीओ की भूमिका पर गंभीर सवाल

ग्राम पंचायत भटनिया, विकासखंड परसरामपुर में मनरेगा योजना के तहत हो रहे फोटो–हाजिरी घोटाले ने प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय मजदूरों और ग्रामीणों का आरोप है कि यह फर्जीवाड़ा बीडीओ की नाक के नीचे लंबे समय से चल रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर अब तक कोई कार्यवाही शून्य है। मजदूरों का कहना है कि काम के वास्तविक समय पर उनकी फोटो नहीं ली जाती, बल्कि पुरानी या पहले से खींची गई तस्वीरों को मोबाइल ऐप पर अपलोड कर हाजिरी दर्ज की जाती है। इससे असली मजदूरों को मजदूरी से वंचित कर दिया जाता है और फर्जी नामों पर भुगतान हो जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार बीडीओ कार्यालय में शिकायत दी, लेकिन हर बार मामले को टाल दिया गया। इससे यह संदेह और गहरा हो गया है कि कहीं बीडीओ की मौन स्वीकृति या मिलीभगत से तो यह खेल नहीं चल रहा। ग्रामीणों कहते है कि बीडीओ की भूमिका की निष्पक्ष जांच हो और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# ट्रेन की चपेट में आने से दो युवको की मौत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जिले के जलालपुर क्षेत्र के जलालगंज रेलवे स्टेशन के होम सिग्नल के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची जीआरपी की टीम ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर, घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। जानकारी की मुताबिक, लालपुर गांव निवासी अभिषेक सोनकर साहिल उर्फ गब्बर (24) पुत्र सुरेंद्र सोनकर तथा सूरज सोनकर (19) पुत्र दीपचंद सोनकर की शनिवार की देर रात शटल एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने मौत हो गई। राहगीरों ने मौके पर पहुंचकर देखा को दोनों के शव डाउन लाइन के ट्रैक पर पड़े थे। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। जीआरपी ने शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया। दोनों युवक जलालगंज रेलवे क्रॉसिंग स्थित बाजार गए थे। देर होने पर फोन किया गया तो पांच मिनट में घर पर आने की बात कही थी। इसके कुछ ही देर बाद दो युवकों की ट्रेन से कटकर मौत होने की सूचना मिली।

परिजनों का आरोप है कि युवकों की हत्या करके ट्रैक पर सुलाया गया है। आरोप लगाया कि शरीर पर गोली और चाकू के निशान हैं।

इस संबंध में पूछे जाने पर जीआरपी प्रभारी सुनील गौड़ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि दोनों की मौत कैसे हुई है।

घटना में मृतक अभिषेक सोनकर साहिल उर्फ गब्बर एक स्कूल में हुए विवाद को लेकर हुई छात्रा की मौत में आरोपी था, जो जमानत पर था।

# संघर्षों से भरा नारी सशक्तिकरण का प्रतीक है फूलन देवी का जीवन: राकेश मौर्य

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



सपा की पूर्व सांसद वीरांगना फूलन देवी की जयंती रविवार को नईगंज स्थित सपा सांसद के कैम्प कार्यालय में पूर्वाहन काल पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में मनाई गई।

उपस्थित सपाजनों ने वीरांगना फूलन देवी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित कर उनके जीवन पर चर्चा किया गया। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि जालौन जिले के गोरहा गांव में पिता देवी दीन मल्लाह एवं माता मुला देवी के परिवार में फूलन देवी का जन्म 10 अगस्त 1963 को हुआ। उनका पूरा जीवन उनका संघर्षो से भरा रहा।

वहीं नारी सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। एक समय ऐसा भी आया जब उन्हें बीहड़ों में भी भटकना पड़ा। अन्याय, अत्याचार, यातनाएं और 11 वर्षो की जेल यातना के बाद नेताजी मुलायम सिंह यादव ने उन्हें जेल से बाहर निकाला और लोकसभा का सम्मानित सदस्य बनाया।

आज हम जहां फूलन देवी जी के संघर्षों को याद करते हैं वहीं नेताजी मुलायम सिंह यादव को भी नमन करते हैं।

गोष्ठी को पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, हिसामुद्दीन शाह, वरिष्ठ नेता दीपचंद राम, सुशील श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष गण श्यामबहादुर पाल, लालचंद यादव लाले, मालती निषाद, वीरेंद्र यादव, रामू मौर्य, मनोज मौर्य, गुलाब यादव, दीपक विश्वकर्मा, धीरज बिंद, कृपाशंकर निषाद, सुनील, वासुदेव यादव, प्रभाकर मौर्य अन्य उपस्थित रहे। गोष्ठी का संचालन ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

# जर्रो गांव बारिश के पानी से डूबा आवागमन जगजीवन प्रभावित

■ आसपास के गांव में बारिश के पानी का बढा दबाव, जल निकासी की नहीं कोई व्यवस्था परेशानी झेल रहे ग्रामवासी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जिले के करंजाकला ब्लाक अन्तर्ग जर्रो गांव में बारिश का पानी लबालब भर गया। जिसके चलते जूनियर माध्यमिक विद्यालय से लेकर दर्जनो घर पानी में डूब गए। पूरी तरह से आवागमन जनजीवन प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों के सामने समस्याएं खड़ी हो गई हैं। बता दें कि मल्हनी बाज़ार के जर्रो गांव करीब ढाई हजार जनसंख्या वाली घरो की आबादी है। जिसमें लगातार बारिश के चलते पूरा गांव लबालब पानी भर गया है। दर्जनों लोगों के घरों में पानी घुस गया है। वहीं जूनियर माध्यमिक विद्यालय परिसर में भी लबालब पानी भर गया है। पूरी तरह से आवागमन जनजीवन प्रभावित हो गया है। ग्रामीणो को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आवागमन घुटने तक पानी से हो रहा है। लोग परेशान हैं पानी निकालने के लिए कवायद में जुटे हैं। गांव में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है जर्रो गांव मे बारिश होने पर यह समस्या पैदा हो गई है। वहीं प्रधानप्रतिनिधी सुनील कुमार यादव का कहना है कि कुहिया कडैला तिवारी का पूरा, खजुरा गांव का बारिश का पानी जर्रो की तरफ आता है, इसके साथ नहर की पानी भी इन गांव से होकर जर्रो में आ गया है। जिसके चलते गांव डूब गया है। पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। हालांकि प्रधान रामवृक्ष बनवासी पानी निकालने की तैयारी में जुट गए हैं। गांव के सभी रास्ते पानी में डूब गए। इसके अलावा हवलदार दालसिंगार जिलेदार समेत दर्जनों लोगों का घर भी पानी में पूरी तरह से डूब गया है।

### किसी भी जनप्रतिनिधी ने जल निकासी की नहीं कराई व्यवस्था



जौनपुर ग्राम प्रधान रामवृक्ष वनवासी ने कहा है कि लोगों के खेतों से जेसीबी के जरिए खुदाई करने के पानी निकलवाने की तैयारी चल रही थी लेकिन लोग खेतों में खुदाई कराने को तैयार नहीं है। आज तक कोई जनप्रतिनिधि यहां पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं कराया। जिसके चलते बारिश में ग्रामीणों को जल भराव की समस्या झेलनी पड़ती है।

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का नगर पालिका अध्यक्ष ने किया उदघाटन



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने सीएमओ कार्यालय में किया।

उद्घाटन के साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, सीएमओ डॉ राजीव निगम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ए के चौधरी, जिला मलेरिया अधिकारी राजेश चौबे और उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों ने एल्वेंडजोल और डीईसी की दवा खाकर फाइलेरिया उन्मूलन का शपथ लिया।

डीएमओ राजेश चौबे ने बताया कि यह अभियान रविवार से 28 अगस्त तक कुल 10 कार्य दिवसों में चलेगा।

इस दौरान 0 से 2 वर्ष के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से ग्रसित रोगियों को छोड़कर सभी लोगों को स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर फाइलेरिया की दवा का सेवन कराएंगे।

बताया कि दो से पांच वर्ष के बच्चों को डीईसी और एल्बेंडाजोल की एक-एक गोली दी जाएगी। छह से चौदह साल के किशोरों को डीईसी की दो और एल्बेंडाजोल की एक गोली मिलेगी। पंद्रह वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन और एल्बेंडाजोल की एक गोली दी जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान को सफल बनाने के लिए टीमें कार्य कर रही हैं। इसके अलावा पर्यवेक्षकों की भी नियुक्ति की गई है। बताया कि वह स्वयं भी निरीक्षण कर अभियान की निगरानी कर रहे हैं।

# करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद जिले के जलालपुर थाना अंतर्गत रासीपुर गांव में शनिवार शाम विद्युत करंट लगने से 17 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई। 12वीं की कक्षा के इस प्रतिभाशाली छात्र की मौत के बाद से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। घर की महिलाओं का रो-रो कर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी अधिवक्ता धर्मेंद्र यादव का पुत्र हर्षित यादव घर में पढ़ाई कर रहा था। इस दौरान वह मोबाइल चार्जर लगा रहा था। तभी वह अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ गया। कुछ देर बाद जब परिजनों ने उसे देखा तो तत्काल शहर के एक निजी चिकित्सालय ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को घर लाया गया और राजेपुर रामेश्वर घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। हर्षित दो भाइयों में बड़ा था। घटना के बाद मां अनीता देवी सहित परिवार के अन्य सदस्य रो-रोकर बेसुध हो गए। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण अधिवक्ता साथी के लोग सांत्वना देने पहुंच गए।

# गोला बाजार में शनिदेव की मूर्ति स्थापित



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

खेतासराय नगर पंचायत खेतासराय के गोलाबाजार स्थित शिव मंदिर में शनिदेव की मूर्ति स्थापित की गई।

इस मौके पर मुख्य यजमान जय स्वामीनारायण राधेश्याम जायसवाल के साथ सैकड़ो की संख्या में भक्त उपस्थित रहे। इसके पहले बीती शाम नगर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पुराना गल्ला मंडी गोला बाजार से शुरू हुई शोभायात्रा मुख्य चौराहा, प्राचीन काली मंदिर के साथ नगर भ्रमण के बाद विधि विधान से पुनः शिवमंदिर में पहुंचा। यहां विधि विधान के साथ नगर वासियों के बीच भक्तों ने पूजन अर्चन किया। इसके बाद शनि देव की मूर्ति की स्थापना की गई। विशाल रथ पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान रथ पर मुख्य यजमान के रूप में जय स्वामीनारायण राधेश्याम जायसवाल विराजमान रहे। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु साथ साथ चल रहे थे। देर शाम शनि देव की मूर्ति स्थापना के बाद प्रसाद स्वरूप भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें धर्म रक्षक मनीष गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार जायसवाल मुन्नू डॉ.अमलेंद्र गुप्ता, आचार्य कृष्ण मुरारी मौर्य, डॉ.गजेंद्र पाण्डेय, भाजपा नेता रूपेश गुप्ता, बृजनाथ जायसवाल, विवेक जायसवाल अन्य उपस्थित रहे। सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस फोर्स साथ-साथ चल रही थी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### शिकायत का पन्ना फाइलों में दबा, सड़क पर बिखरा कूड़ा

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** इस बार बारिश होने से शहर से गांव तक जगह–जगह कूड़ा, गंदगी और जलभराव की समस्या बढ़ गई है। इससे लोग परेशान हैं। मौसम में बदलाव के कारण वार्डों में मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। मुख्यालय परिसर की नालियां में कई दिनों से जाम है। इससे बदबू के साथ–साथ मुख्यालय क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। शिवपुरी कॉलोनी, तड़कापुर टेढ़वा में भी यही हाल है। जीआईसी इंटर कॉलेज के सामने बीएलजे खेल मैदान में बारिश का पानी लगा है। नगर पालिका एक महीने से जमे पानी को अभी तक नहीं निकाल पाई है। तड़कापुर टेढ़वा में तालाब के चारों ओर कूड़े का ढेर लगा है। स्थानीय निवासी चंद्रशेखर सोनकर, कोलई बनवासी व मैना देवी ने बताया कि सभासद व नगर पालिका को कई बार लिखित व मौखिक रूप से समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोग बुखार, बदन दर्द, जुकाम और खांसी से से पीडित हैं।

### जरगो नदी में फिसलकर डूबने से वृद्ध की मौत

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** बकियाबाद गांव में रविवार की सुबह शौच के लिए जाते समय लालसा सिंह पटेल (70) जरगो नदी में फिसलकर गिर गए। नदी में डूबने से उनकी मौत हो गई। करीब डेढ़ घंटे बाद उनका शव बाहर निकाला गया। लालसा सिंह पटेल सुबह साढ़े सात बजे घर से खेत की ओर शौच के लिए निकले थे। रास्ते में पुलिया के पास उनका पैर फिसल गया। वह जरगो नदी में गिर गए। पानी अधिक होने के कारण उसमें डूब गए। थोड़ी देर बाद गांव के कुछ लोग उधर से आ रहे थे तब वृद्ध का शव दिखाई देने पर परिवार के लोगों को सूचित किया। वह खेती कर जीवन यापन करते थे। बहू प्रेमलता ने थाने में तहरीर दी है। चुनार कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि वृद्ध की नदी में डूबकर मौत हो गई।

### दंपती पर कुल्हाड़ी से हमला चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** संतनगर थाना क्षेत्र के समसदिया गांव में शुक्रवार की देर रात दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने दंपती पर कुल्हाड़ी से हमला करके घायल कर दिया। दूसरे पक्ष के दो लोगों को हल्की चोट लगी है। मामले में पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। समसदिया गांव में शुक्रवार की देर रात नौ बजे पुरानी रंजिश में दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इस कदर बढ़ा की देखते ही देखते कुल्हाड़ी और लाठी चलने लगे। कुल्हाड़ी के हमले में गोपी यादव (50) और पत्नी पूनम (47) घायल हो गई।

# अब तक मिले डेंगू के 12 मरीज, हॉटस्पॉट पर भी गंदगी का अंबार

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर**



जनपद में इस साल अब तक डेंगू के 12 मरीज मिले हैं। इसमें जुलाई में 10 तो अगस्त के पहले सप्ताह में अब तक दो मरीज मिले हैं। जो मंडलीय अस्पताल में भर्ती हैं। संभावित मरीजों की संख्या 50 से अधिक है। इस बार बारिश अधिक होने के कारण मुहल्लों में जगह-जगह जलभराव हुआ है। पिछले साल डेंगू के मरीजों की संख्या कम थी। नगर क्षेत्र में गंदगी का हाल देखकर आशंका है कि इस बार मरीजों की संख्या बढ़ेगी। विंध्यपुरी कॉलोनी में दो साल पहले सबसे ज्यादा मरीज मिले थे। वहां भी इस बार नगर पालिका का कूड़ा प्रबंधन में फेल है। दो साल पहले 2023 में जिले में डेंगू से पीड़ित दो हजार लोग बीमार थे। इसमें कई लोगों की मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों की मानें तो 466 मरीज मिले थे और अस्पताल में कोई मौत नहीं हुई थी। वहीं, साल 2024 में डेंगू के 207 मरीज मिले। इस बार अगस्त महीने तक 12 मरीज मिल चुके हैं।

डेंगू के लिए छह बेड का एक वार्ड बनाया गया है। अभी एक मरीज भर्ती है। 40 बेड के वार्ड को डेंगू वार्ड बनाया जाएगा। मरीज बढ़ने वहां भर्ती किए जाएंगे।

### अलग–अलग हादसे में दो महिला सहित चार घायल

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** अलग–अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे में चार लोग घायल हो गए हैं। सभी को सीएचसी राजगढ़ में भर्ती कराया गया है। इसमें तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया। राजगढ़ थाना क्षेत्र के ददरा पहाड़ी निवासी शकुंतला (45) व जीरावती देवी (55) ऑटो से एक रिश्तेदार के घर जा रहीं थीं। रास्ते में पिकअप ने टक्कर मार दिया। इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों को सीएचसी राजगढ़ में भर्ती कराया गया। दोनों की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना में दीपू अग्रहरि (32) निवासी बुद्धिपुरा गाजीपुर रक्षाबंधन पर अपने ससुराल सोनभद्र जिले के करमा थाना क्षेत्र के सहदैइया बैंडाड आए थे। रविवार की सुबह राजगढ़ के नदीहार बाजार घूमने आए थे। वापस जाते समय मैजिक ने टक्कर मार दिया।

# इटायें परगना गोपालपुर सरकारी जमीन अवैध तरीके से पट्टा हो गया ग्रामीण ने 200 की संख्या में किया विरोध प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर आराजी नंबर 349 स्थित ग्राम- इटायें परगना गोपालापुर तहसील मड़ियाहू जो कि होलिका दहन का स्थान है तथा उसमे भगवान शिव का मंदिर बना हुआ है जिस पर सोनी पत्नी अवधेशकुमार चौहान, मन्ना पत्नी चंदन चौहान प्रीती भारती पत्नी कपिलदेव अवैध तरीके से मकान तामीर कर रहे हैं। व्यक्ति उपरोक्त धनाड्य कई मकानाल के मालिक तथा दु?कानदार व अच्छी खासी जमीन जायदाद वाले व्यक्ति है। गलत तरीके से अपना आवासीय पट्टट्टा कराकर भूमि उपरोक्त पर मकान तामीर करना चाहते है। हम सभी ग्रामवासी उक्त मकान को रोकना चाहते है। क्योंकि वह सार्वजनिक मुनिह तथा उसमें होलिका दहन होता है। तथा साथ ही उसमें भागवान शिव भी मंदिर बना है। यदि ये गलत तरीके से आवासीय पट्टट्टा भी लिये हाँ तो भी वह गलत है। जिसके वावत् पूरे गांव को कोई सूचना नहीं है। ग्रामसभा व ग्रामसना कमेटी द्वारा कोई प्रस्ताव नहीं पारित किया गया है। सारी कार्यवाही फरती है। पूरे गांव की भलाई को देखते हुये अविलब व्यक्ति उपरोक्त द्वारा किये जा रहे भवन निर्माण कार्य को रोका जाना आवश्यक है। उपरोक्त मामले की जानकारी दि0-01.08 2025 को समस्त ग्राम वासियों द्वारा जिलाधिकारी आदेश दिए जाने के बाद भी कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। आ0नं0-349 स्थित ग्राम इटायें परगना गोपालापुर त0 मडियाहूँ, जिला जौनपुर में किये जा रहे अवैध निर्माण कार्य का रोके यदि कोई आवासीया पट्टा जो अवैध तरीके से है, पट्टे किया गया है ग्राम प्रधान अब्दुल रईश खान उर्फ बबलू ने बताया इसका जानकारी मुझे नहीं है जो कि मैं ग्राम प्रधान हूं मुझे बिना सोचने का अवैध तरीके से जमीन को पट्टा करवा दिया गया जिसका जानकारी जब निर्माण कर होने लगा तब मुझे पता चला यह जमीन तो मैं किसी को पट्टा भी नहीं किया हूं एसडीम मड़ियाहूं और लेखपाल के मिली भगत से 2023 में आबादी जमीन को जो की सरकारी था उसको पट्टा कर दिया गया। जब ग्राम प्रधान अब्दुल रईश उर्फ बबलू ने बताया यहां पर होलिका दहन होता था हमने किसी को अभी तक सरकारी जमीन को पट्टा नहीं किया हूं इस पर उचित कार्रवाई किया जाए हम कई बार जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री पोर्टल शिकायत किया हूं मौके पर कोई अधिकारी जांच करने के लिए नहीं आया जिसको जमीन पट्टा किया गया है वह बहुत जमीन और पक्का मकान दो ताला का है उनको जमीन भला क्यों दिया जाए जांच करके इस पर उचित कार्रवाई किया जाए ग्राम प्रधान का कहना है। ग्रामीण 200 की संख्या में जमीन पर पट्टा करने का विरोध जताया अगर इस पर जिलाधिकारी कार्रवाई नहीं करवाते हैं तो हम लोग मुख्यालय पर डीएम को फिर से ज्ञापन सौंपेंगे। ग्रामीण कभी कहना है जिसको दो ताला का मकान हो पैसा हो जमीन हो उसको सरकारी जमीन किस बेस पर पट्टा किया गया इस पर जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया गया है जिलाधिकारी ने तत्काल एसडीएम को जांच करने का निर्देश दिया अभी तक कोई जांच नहीं हुआ होलिका दहन की जमीन पर अवैध तरीके से निर्माण क्यों हो रहा है ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।



रिश्ते में उम्र के अंतर पर बोलीं फातिमा सना शेख, कहा-

# लड़का 10 साल बड़ा हो तो भी...

**फातिमा** सना शेख अपनी दो फिल्मों आप जैसा कोई और मेट्रो इन दिनों को लेकर चर्चा में रही हैं। फिल्म आप जैसा कोई में उन्होंने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो अपने से बड़े उम्र के व्यक्ति के साथ प्यार में पड़ जाती हैं। हाल ही में उन्होंने कहा है कि किसी भी रिश्ते में उम्र कोई दिक्कत नहीं है।

संवेदनाएं एक जैसी होनी चाहिए उम्र के मामले पर बोलते हुए फातिमा सना शेख ने बातचीत में कहा अगर रिश्ते में दोनों की भावनाएं मेल खाती हैं तो इससे फर्क नहीं पड़ता है कि कोई लड़का मुझसे 10 साल बड़ा है। भावनाओं का स्तर एक जैसा होना चाहिए। उम्र में फर्क वाली चीज तो सदियों से होती आ रही है।

### फातिमा ने अपने आपको बताया खुशकिस्मत

फातिमा सना शेख ने रहना है तेरे दिल में के अभिनेता आर माधवन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बताया मैं बहुत खुशकिस्मत हूं। मैं लोगों से बताती हूं कि मुझे एक ऐसा किरदार मिला जिसमें मैं उनके साथ रोमांस कर रही हूं। हालांकि फिल्म में बहुत सही तरीके से रोमांस कर रही थी क्योंकि यह अच्छी तरह लिखा गया था। हमारी केमिस्ट्री एकदम प्राकृतिक थी।

### निर्देशक जैसे हैं आर माधवन

फातिमा सना शेख ने आर माधवन के बारे में आगे कहा वह एक काबिल अभिनेता हैं। वह अपने आप में एक निर्देशक भी हैं। जब भी मैंने फिल्म में कुछ न करने का कारण दिया, तो उन्होंने मेरा उत्साह बढ़ाया। फिल्म में दोनों के अभिनय की सराहना की गई है। फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को ओटीटी पर रिलीज हुई थी। इसमें फातिमा सना शेख और आर माधवन ने मुख्य किरदार निभाया है।

विवेक सोनी ने इसका निर्देशन किया है। फिल्म में एक अध्यापक के बारे में दिखाया गया है जो बड़ी उम्र के होते हैं और उनकी शादी नहीं होती। इसी तरह से एक लड़की की भी शादी नहीं होती है। दोनों किसी तरह मिलते हैं और दोनों में प्यार हो जाता है। फिल्म दोनों के रिश्ते के आस-पास घूमती है।



## बारिश वाले गानों का हमारी फिल्मों में हमेशा एक खास मुकाम रहा है: जान्हवी कपूर

**बॉलीवुड में बारिश सिर्फ मौसम नहीं, एक एहसास रही है – कभी मोहब्बत का जरिया, कभी यादों का पुल, तो कभी दिल को छू जाने वाला सिनेमा। ब्लैक एंड व्हाइट दौर की रोमांटिक क्लासिक्स से लेकर आज के हाई-डेफिनिशन विज़ुअल्स तक, बारिश ने हर दौर की कहानियों में एक खास जगह बनाई है।**

जान्हवी कपूर के लिए उनकी आने वाली फिल्म परम सुंदरी का नया गाना भीगी साड़ी उस सपने जैसा है जिसे हर बॉलीवुड दीवाना जीना चाहता है। उन्होंने कहा- बारिश वाले गानों का हमारी फिल्मों में हमेशा एक खास मुकाम रहा है। इनमें एक जादू है, जो कभी पुराना नहीं होता। मैंने बचपन से ऐसी कई आइकॉनिक सीन देखे हैं जो बारिश में फिल्माए गए, और अब भीगी साड़ी के ज़रिए उस विरासत का हिस्सा बनना किसी सपने जैसा है। जब हमने यह गाना शूट किया, तो ऐसा लगा जैसे किसी पुराने बॉलीवुड ख्वाब में जी रही हूं – बारिश में नाचना, हर बीट को महसूस करना, हर इमोशन को जीना वो एक जादुई अनुभव था। भीगी साड़ी में दिल को छू लेने वाली धुन, खूबसूरत लोकेशंस और जान्हवी की दिलकश अदाओं का संगम है। साड़ी में उनकी रोमांटिक मौजूदगी पुराने दौर की याद दिलाती है – लेकिन एक नए, मॉडर्न अंदाज़ के साथ। परम सुंदरी जहाँ ग्लैमर, जज़्बात और दिल से जुड़ी कहानियों का वादा कर रही है, वहीं भीगी साड़ी पहले से ही फैंस के दिलों को भिगो रही है – बॉलीवुड के आइकॉनिक रेन सॉन्स की लिस्ट में अपनी जगह पक्की करती हुई। अगर आप चाहें, मैं इसके लिए एक इंस्टाग्राम कैप्शन या मीडिया हेडलाइन भी बना सकती हूँ!

# आने वाले दिनों में एआइ फिल्म स्टार बनाएगा



बॉलीवुड में इन दिनों चर्चित फिल्म रांझणा का क्लाइमैक्स एआइ से बदलकर तमिल में री-रिलीज किए जाने को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। फिल्म के निर्देशक आनंद एल राय और खुद एक्टर धनुष इस पर अपनी नाराजगी जता चुके हैं। अब जाने-माने फिल्म लेखक-गीतकार जावेद अख्तर ने खासचीत के दौरान इस मुद्दे पर अपनी राय रखी।

जावेद अख्तर का कहना है, जब आप (निर्माता) किसी को फिल्म बनाने को देते हैं तो उसे आर्टिस्टिक आजादी देनी चाहिए। उसमें नहीं दखल देना चाहिए। वो बात सही नहीं है। वहीं, एआइ के प्रभाव के बारे में उन्होंने कहा, एआइ तो आएगा, अभी तो वह अपने पालने में हैं, बाद में क्या होगा, वो मैं सोच भी नहीं सकता। ऐसी-ऐसी बातें होंगी जो हम सोच भी नहीं सकते। एआइ से स्टार बनेंगे, जिनका कॉपीराइट कंपनीज के पास होगा और अगर वो स्टार हिट हो गए, तो वो कंपनी दूसरे फिल्ममेकर्स को उन किरदारों को लोन पर देगी, जो असल में हैं ही नहीं।

**सुरक्षा के लिए कानून बदलेंगे**

जावेद अख्तर का कहना है, जैसे जैसे तकनीक बदलती है, उनसे सुरक्षा के लिए कानून भी बदलता है, तो एआइ से सुरक्षा के लिए भी कानून बदलेंगे। पहले शब्दों और म्यूजिक का कॉपीराइट होता था, अब आवाज का भी होगा क्योंकि अब आवाज भी चुराई जा सकती है। आप लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार की आवाज में आज गाना बना सकते हैं, तो आवाज, चेहरे सबका कॉपीराइट आएगा, कानून बदलेगा। अब रांझणा के साथ जो हुआ है, आगे डायरेक्टर कॉन्ट्रैक्ट साइन करते वक्त क्लॉज रखेगा कि आप ये चीजें नहीं कर सकते।

**एआइ की गर्लफ्रेंड उसे छोड़कर नहीं गई**

हालांकि, लेखन के मामले में जावेद अख्तर एआइ को इंसानी दिमाग से काफी पीछे मानते हैं। वह कहते हैं, क्रिएटिव मामलों में एआइ अभी हमसे मुकाबला नहीं कर सकता है। उस मामले में हमारी बराबरी करने में उसे बहुत वक्त लगेगा, क्योंकि एआइ की मां बचपन में नहीं गुजरी थीं। एआइ की गर्लफ्रेंड ने उसे छोड़कर किसी और से शादी नहीं कर ली थी, उसके किसी अमीर रिश्तेदार ने उसे बेइज्जत नहीं किया था, तो अभी एआइ का डेटा बहुत मामूली है। हमारे डेटा से मुकाबला करने में उसे बहुत वक्त लगेगा।

# तेहरान के इश्क़ बुखार में एलनाज़ नोरौज़ी ने लगा दी हॉटनेस की आग


## स्टाइल का तड़का और पावर का झटका!

एलनाज़ नोरौज़ी सिर्फ तेहरान में नज़र नहीं आ रहीं – वो सीधा कहर बनकर टूटी हैं! इस थ्रिलर में उनका ताज़ा तड़कता-भड़कता गाना 'इश्क़ बुखार' है एक धुआँधार एलान – कि अब एलनाज़ न सिर्फ तैयार हैं, बल्कि सीधे बी-टाउन की लाइमलाइट में घुस चुकी हैं! पहले भी अपने काम से दिल जीत चुकी एलनाज़, अब इस गाने में दिखा रही हैं वो तेवर जो हर फ्रेम को बना देता है फुल-ऑन ब्लॉकबस्टर। पहली झलक से ही एलनाज़ लगती हैं एकदम हस्ल, कौन है ये? टाइप गॉर्जियस – बोल्ड भी, एलिगेंट भी, और ग्लैमरस तो पूछो मत! उनके एक्सप्रेशन्स हों या किलर मूव्स – हर बीट पर एलनाज़ का कब्ज़ा है।स्टाइलिंग एकदम ऑन पॉइंट, एनर्जी हाई-वोल्टेज, और स्क्रीन तो जैसे जल उठी हो!

### हमेशा फिल्मों की फैन रहीं हूं

एलनाज़ कहती हैं मैं हमेशा Maddock की फिल्मों की फैन रही हूं, और अब खुद उसका हिस्सा बनना एकदम सपना सा लग रहा है! लेकिन ये गाना सिर्फ कोई और डांस नंबर नहीं है – ये उनके फिल्म प्रमोशन पावर की भी झलक है –और इंडस्ट्री को अब वो नज़र आ रही हैं।

'इश्क़ बुखार' – है हाई एनर्जी, बोल्ड और पूरी तरह से विज़ुअल ट्रीट! और जब एलनाज़ ने पहली बार ये ट्रैक सुना, तो तुरंत दिल दे बैठीं – ऐसा मेरे साथ जल्दी नहीं होता, वो मानती हैं। लुक, कोरियोग्राफी, वाइब – सब कुछ है डिजाइन किया गया एक नई, दमदार एलनाज़ को दुनिया के सामने लाने के लिए। एक्टिंग और वर्सेटिलिटी तो उनकी पहचान रही है, पर अब जो कॉन्फिडेंस और स्टाइल में तड़का आ गया है – वो सीधा उन्हें खींच ला रहा है बॉलीवुड के बिग लीग में! शायद तेहरान सिर्फ शुरुआत है – एलनाज़ नोरौज़ी का सुपरस्टार बनने का टाइम अब शुरू हुआ है!



## तमन्ना भाटिया का खुलासा

# बोल्ड और इंटिमेट सीन की शूटिंग के पीछे के बताए राज



तमन्ना भाटिया अपनी अकादारी और अपने बेहतरीन डांस के लिए प्रसिद्ध हैं। तमन्ना ने फिल्मों में बोल्ड सीन न करने के नियम को तोड़ते हुए इंटिमेट सीन के बारे में खुलकर बात की। साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय से सभी के दिलों में खास जगह बना चुकीं तमन्ना भाटिया ने पहले अपनी किसी भी फिल्म में लिप-लॉक सीन नहीं करती थीं। लेकिन फिल्म लस्ट स्टोरीज में उन्होंने इस नियम को तोड़ा और कई बोल्ड सीन देकर चर्चा में आईं। हाल ही में फिल्मों में अपने इंटिमेट सीन को लेकर तमन्ना ने खुलकर बातचीत की। एक खबर के अनुसार, तमन्ना ने बताया कि पहले वह फिल्मों में बोल्ड और इंटिमेट सीन करने से बचती थीं, क्योंकि उन्हें लगता था कि इससे वह खुद को सीमित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बोल्ड सीन पूरी तरह से बनावटी होते हैं और हर सीन को बहुत सावधानी से कोरियोग्राफ किया जाता है। सेट पर एक इंटिमेसी कोच मौजूद रहता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सब कुछ ठीक हो। पुरुष सह-कलाकारों को विशेष निर्देश दिए जाते हैं कि वे कुछ खास जगहों को न छुएं। तमन्ना ने यह भी कहा कि ऐसे सीन को बहुत सटीकता से फिल्माया जाता है, जैसे कोई डांस कोरियोग्राफी हो। सेट पर मौजूद हर व्यक्ति नियमों का पालन करता है और हर कदम को पहले से तय किया जाता है।

### तमन्ना का करियर और वर्कफ्रंट

तमन्ना भाटिया ने मुख्य रूप से तेलुगु, तमिल और हिंदी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 2005 में हिंदी फिल्म चांद सा रोशन चेहरा से अभिनय की शुरुआत की। तमन्ना जल्द ही एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ हॉरर फिल्म वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट में नजर आएंगी। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज हो सकती है।

# कोलंबिया में शुरू हुई विक्रांत मैसी की 'व्हाइट' की शूटिंग



**एक्टर** विक्रांत मैसी ने अपनी नई फिल्म 'व्हाइट' की शूटिंग कोलंबिया (साउथ अमेरिका) में शुरू कर दी है। इस फिल्म में वह आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी सच्ची घटनाओं पर आधारित है। यह उस शख्स की कहानी है, जिसकी आस्था ने 52 साल पुराने सिविल कॉन्फ्लिक्ट के माहौल में बदलाव लाया। इस संघर्ष में कई बार शांति की कोशिशें नाकाम रहीं, हजारों लोग मारे गए और लोगों की उम्मीद टूट गई थी। फिल्म व्हाइट का डायरेक्शन मोंटू बस्सी कर रहे हैं। वहीं इसको सिद्धार्थ आनंद, महावीर जैन और पीसक्राफ्ट पिक्चर्स प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसमें कोलंबिया और दुनिया भर के कलाकार और टेक्निकल टीम शामिल हैं। विक्रांत मैसी ने एक्टिंग करियर की शुरुआत 2007 में टीवी सीरियल 'धूम मचाओ धूम' से की थी। इसके बाद उन्होंने 'धरम वीर' (2008), 'बालिका वधू' (2009-2010) और 'कुबूल है' (2013) जैसे शो में काम किया। फिल्मों में उन्होंने 2013 में 'लूटेरा' से शुरुआत की और 'दिल धड़कने दो' (2015) में सपोर्टिंग रोल किया। उनका बड़ा ब्रेक 2017 में फिल्म 'अ डेथ इन द गंज' से मिला। इसके बाद विक्रांत ने 'मिर्जापुर' (2018), 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' (2018-2019) और 'क्रिमिनल जस्टिस' (2019) जैसी वेब सीरीज में काम किया। उन्होंने 'छपाक' (2020), 'हसीन दिलरुबा' (2021) और 'लव हॉस्टल' (2022) में भी एक्टिंग की। 2023 में आई बायोग्राफिकल फिल्म '12वीं फेल' सुपरहिट रही और इसके लिए उन्हें हाल ही में बेस्ट एक्टर के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला।

साभार एजेंसी

# सबको छोड़कर जिंदगी की नई शुरुआत करना चाहती हैं श्रुति हासन



इन दिनों श्रुति हासन साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'कूली' को लेकर चर्चा हैं। इसी फिल्म की चर्चा के बीच श्रुति ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जिंदगी की नई शुरुआत करने की बात की है। इस पर यूजर्स ने एक्ट्रेस को कई तरह की सलाह दे डाली है। साउथ के चर्चित एक्टर कमल हासन की बेटी और एक्ट्रेस श्रुति हासन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें लिखा है, 'कई बार मन होता है कि सबको छोड़कर एक नई जिंदगी शुरू करूं। लेकिन फिर मन में आवाज उठती है, खुद पर भरोसा रखो और डटे रहो।' इस पोस्ट को एक वीडियो के साथ श्रुति हासन ने शेयर किया, जिसमें वह फाइट सीन्स कर रही हैं। श्रुति के फैन पेज ने पहले यह वीडियो साझा किया था,जिसे श्रुति ने भी पोस्ट किया है। इस पोस्ट पर यूजर्स ने, श्रुति के फैंस ने भी रिएक्शन दिया है। एक्ट्रेस को जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है।


### यूजर्स ने क्या दी श्रुति हासन को सलाह

यूजर्स ने श्रुति हासन की पोस्ट पर ही कमेंट करके उन्हें जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है। एक यूजर लिखता है, 'श्रुति, आपके मन में उठ रहे दर्द का अहसास हमें भी है। लेकिन उस आवाज पर भरोसा करें, जो आपको जिंदगी में डटे रहने के लिए कहती है। यही प्यार है, इससे ही आप हीलिंग की तरफ आगे बढ़ेंगी। आप जितना दिख रही हैं, उससे कहीं ज्यादा मजबूत हैं। आपकी खूबसूरत, जिंदगी की कहानी के कई चैप्टर अभी लिखे जाने बाकी हैं। इसलिए इंतजार ना करें। आज ही आगे बढ़ने का एक कदम उठाएं।'

एक अन्य यूजर ने श्रुति को पहाड़ों पर जाकर वक्त गुजारने की सलाह दी। वह कहता है, 'नई शुरुआत करें। पहाड़ों पर जाएं। धीरे-धीरे जिएं, भीड़-भाड़ से दूर रहें। अपनी सोल (आत्मा) के लिए आप इससे ज्यादा खूबसूरत काम कुछ नहीं कर सकते हैं।' कुछ यूजर्स ने श्रुति के जैसा ही महसूस करने की बात भी कही है।

# करोड़ों के फ्लैट में कूड़े के ढेर के पास रहने को मजबूर

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



कालातीत हुई शिखर एनक्लेव सोसायटी में प्रशासक की नियुक्ति नहीं होने से सोसायटी की व्यवस्था अब प्रभावित होने लगी है। साफ सफाई, बिजली और सुरक्षा जैसे मूलभूत और आवश्यक सेवाओं पर असर पड़ना शुरू हो गया है। ज्ञात हो कि वसुंधरा, सेक्टर 15 की शिखर एनक्लेव सोसाइटी में एओए की पूरी कार्यकारिणी द्वारा 14 जुलाई 2025 को अपना इस्तीफ़ा डिप्टी रजिस्ट्रार गाजियाबाद को दे दिया था । इसके साथ ही डिप्टी रजिस्ट्रार से वैकल्पिक व्यवस्थाओं को यथाशीघ्र बहाल करने लिए निवेदन किया था जिससे मूलभूत आवश्यकताओं पर प्रभाव नहीं पड़े। इसके बाद भी प्रशासनिक उदासीनता लगातार सोसायटी पर भारी पड़ रही है । पूर्व कार्यकारिणी के इस्तीफे के बाद सफ़ाई कर्मियों को सैलरी नहीं मिल पा रही है । जिसके कारण सफ़ाई कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं और सोसायटी में कूड़े का ढेर लगता जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से सफाईकर्मी परिसर में आ तो रहे हैं परंतु काम नहीं कर रहे। इस हड़ताल की वजह से सोसाइटी में साफ सफाई नहीं हो रही है। जगह-जगह पर गंदगी का अंबार लग रहा है। गंदगी से परेशान सोसाइटी के निवासियों का गुस्सा भड़क रहा है। कूड़ा नही उठने की वजह से घरों के बाहर भी कूड़े का ढेर लग रहा है । जिसकी वजह से गंदगी हो रही है और अब सोसाइटी निवासियों को संक्रमण बीमारी फैलने का खतरा सताने लगा है। पूर्व कार्यकारी सचिव बी0सी0 लोहानी ने बताया कि 14 जुलाई को कालातीत एओए की पूरी कार्यकारिणी द्वारा अपना इस्तीफ़ा डिप्टी रजिस्ट्रार को देने से ठीक एक दिन पहले निवासियों ने मीटिंग कर सर्वसम्मति से पाँच सदस्यीय टीम को शिखर एन्क्लेव की व्यवस्था सौंपी थी परन्तु इसके बावजूद भी निवासियों की समस्याओं का कोई हल नहीं निकल पा रहा है। ठीक यही हाल सुरक्षा गार्डों का भी हैं । उन्हें भी वेतन नहीं मिल पा रही है। ऐसे में जल्द ही सिक्योरिटी गार्डों के भी हड़ताल पर जाने की संभावना बन रही है। अब इस सोसाइटी का भविष्य क्या होगा इसके लिए यहाँ निवास करने वाले सभी लोग परेशान है। लोगों ने अब सूबे के मुखिया से शिकायत की है जिसका संज्ञान लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय ने डिप्टी रजिस्ट्रार को प्रशासक नियुक्त करने के लिए आवश्यक क़दम उठाने के लिए कहा है। सोसाइटी के पूर्व कार्यकारी ट्रेजरॉर सुरेंदर पठानिया ने बताया कि सोसाइटी के कॉमन एरिया के बिजली के बिल भी जमा नहीं किए जा रहे जिस कारण बिजली विभाग द्वारा कभी भी बिजली काटी सकती है।

# आतंकियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर मारा था: राजनाथ सिंह

■ हमने उन्हें कर्म देखकर मारा, हमारा संकल्प है जो हमें छेड़ेगा, उसे छोड़ेंगे नहीं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रायसेन/मंडीदीप



पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह से ऑपरेशन सिंदूर चलाया, उसकी चर्चा लगातार जारी है। एक दिन पहले वायुसेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अहम खुलासे किए। अब केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इस ऑपरेशन को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जिस तरह से आतंकी हमला हुआ, कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि धर्म पूछकर मारा जाएगा। हमने भी ठान लिया था कि हम उनका धर्म पूछकर नहीं मारेंगे बल्कि कर्म देखकर मारेंगे और इसलिए उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचाया गया। राजनाथ सिंह ने इस दौरान रामायण के एक वृतान्त का भी जिक्र किया।

### जब राजनाथ सिंह ने किया सीता-हनुमान का जिक्र

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब सीता जी का रावण ने अपहरण कर लिया था और वो लंका में थीं। तब हनुमान जी वहां पहुंचे। उन्होंने माता सीता का हाल जाना, इसी दौरान रावण के सैनिकों ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की। इस पर हनुमान ने वहां जमकर उत्पात मचाया। इसके बाद जब वे सीता जी के पास पहुंचे, तो उन्होंने बहुत विनम्रता से पूछा, %हे हनुमान! आपने यह क्या किया? आपने लंका में इतना उत्पात क्यों मचाया? आपने इतने लोगों को क्यों मारा? इस पर हनुमान जी बहुत विनम्रता से बैठे और हाथ जोड़कर सीता जी से कहा, हे माता, जिन मोहि मारा, तिन माई मारे। जिन्होंने हमारे लोगों को मारा, हमने उन्हें ही मारा।

### एमपी दौरे पर रक्षामंत्री की खरी-खरी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को नेक्स्टजेन रोलिंग स्टॉक फैक्ट्री बीईएमएल रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग (ब्रह्मा) के भूमि पूजन समारोह के लिए मध्य प्रदेश के रायसेन में थे। इस दौरान उन्होंने रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता और आर्थिक प्रगति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अब हम वे हथियार बना रहे हैं, जो पहले हम विदेशों से खरीदते थे। आज हम रक्षा क्षेत्र में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारी सरकार बनी, तब उनकी दूरदर्शिता के कारण हमने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य रखा। आज हम न केवल अपने पैरों पर खड़े हैं, बल्कि रक्षा क्षेत्र में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। अब हम वे हथियार बना रहे हैं, जो पहले हम विदेशों से खरीदते थे। भारत का रक्षा निर्यात आज लगभग 24,000 करोड़ रुपए सालाना तक पहुंच गया है, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

### 'धर्म पूछकर नहीं, कर्म देखकर किया हिसाब'

ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि पहलगाम में कुछ आतंकवादियों ने पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी थी। आतंकियों ने मान लिया था कि भारत शांत होकर बैठ जाएगा, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री का संकल्प था कि हम इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि धर्म पूछकर मारा जाएगा। हमने भी ठान लिया था कि हम उनका धर्म पूछकर नहीं मारेंगे बल्कि कर्म देखकर मारेंगे और इसलिए उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचाया गया।

### दुनिया को राजनाथ ने दे दिया साफ संदेश

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि हम किसी को छेड़ते नहीं, लेकिन अगर कोई हमें छेड़े, तो हम उसे छोड़ते भी नहीं। बीईएमएल की नई परियोजना के महत्व का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि आज जिस यूनिट का शिलान्यास हो रहा है, वह भविष्य में न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी, बल्कि छोटे और बड़े उद्योगों को भी प्रोत्साहन देगी। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार, कौशल प्रशिक्षण और तकनीकी दक्षता का लाभ मिलेगा।

# पुष्कर शर्मा का लगातार दूसरा शतक, अब जर्सी टूर के सिलेक्शन पर टिकी निगाहें



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

एनपीसीए लीग के सातवें मुकाबले में रुआरका स्पोर्ट्स क्लब ने गारा स्पोर्ट्स क्लब को 28.3 ओवर में हराते हुए शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के नायक रहे पुष्कर शर्मा, जिन्होंने लगातार दूसरा शतक लगाकर न केवल टीम को जीत दिलाई बल्कि जर्सी टूर के सिलेक्शन की दौड़ में भी खुद को मज़बूती से खड़ा कर दिया। रुआरका स्पोर्ट्स क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया। गारा स्पोर्ट्स क्लब ने निर्धारित 50 ओवर में 254 रन बनाए। रुआरका की ओर से नीतीश ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि पुष्कर शर्मा ने गेंद से भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने 10 ओवर में सिर्फ़ 32 रन देकर 2 मेडन फेंके और गारा के कप्तान राजीव सुथरिया का अहम विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुआरका टीम की शुरुआत आक्रामक रही। पहले ही ओवर में पुष्कर ने 22 रन बटोरे, जिसमें 4 चौके और 1 छक्का शामिल था। उन्होंने महज़ 53 गेंदों में 106 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 13 चौके और 5 छक्के शामिल थे। उनके आउट होने के बाद सत्यलक्ष ने ज़िम्मेदारी संभालते हुए नाबाद 101* रन बनाए और टीम को 28.3 ओवर में जीत दिला दी।

### सेलेक्टर्स की नज़र मुझ पर बनी रहे: पुष्कर

मैं जर्सी टूर के सिलेक्शन को लेकर कुछ भी तय मानकर नहीं चल रहा। मेरा उद्देश्य सिर्फ़ एक है हर मैच में ज़्यादा से ज़्यादा रन बनाना ताकि सेलेक्टर्स की नज़र मुझ पर बनी रहे। मैं भगवान का शुक्रिया अदा करता हूँ, उन्हीं के आशीर्वाद से ये सब संभव हो पाया। साथ ही इंडिया फ़र्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का भी धन्यवाद करता हूँ जो मेरा स्पॉन्सर है। पुष्कर की इस निरंतरता और ऑलराउंड परफॉर्मेंस ने उन्हें आने वाले बड़े टूर्नामेंट्स और संभावित जर्सी टूर के लिए एक मजबूत दावेदार बना दिया है। क्रिकेट विशेषज्ञों की नज़र अब उनके अगले प्रदर्शन पर टिकी है।

# नगर निगम के कुप्रबंधन से जनजीवन नारकीय

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



नगर निगम गाजियाबाद के कुप्रबंधन ने शहरवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भी आम जनता, खासकर बहनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सड़कों पर जलभराव, कचरे के ढेर, और बदहाल सफाई व्यवस्था ने त्योहार के उत्साह को फीका कर दिया। शहर के कई इलाकों जैसे राजेंद्र नगर, कवि नगर, मोहननगर , इंदिरापुरम, वसुंधरा , खोड़ा और वैशाली में बारिश के बाद सड़कों पर पानी जमा हो गया, जिससे आवागमन में जनता को भारी दिक्कत हुई। बहनें अपने भाइयों के घर राखी बांधने के लिए समय पर नहीं पहुंच सकीं। स्थानीय निवासीयों ने बताया, ÷सड़क पर इतना कीचड़ और पानी था कि ऑटो वाले ने गंतव्य तक जाने से मना कर दिया। राखी का त्योहार खुशी का दिन होता है, लेकिन नगर निगम की लापरवाही ने सब खराब कर दिया। नगर निगम की नालियों की सफाई और कचरा प्रबंधन की कमी भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी। मोहन नगर और इंदिरापुरम में कचरे के ढेर सड़कों पर बिखरे रहे, जिससे दुर्गंध और बीमारियों का खतरा बढ़ गया। जनता की माने तो नगर निगम को कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। रक्षाबंधन जैसे खास दिन पर भी शहर की हालत बद से बदतर रही।नागरिकों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र नाथ ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जनता सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगी।नगर निगम के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बारिश और कर्मचारियों की कमी के कारण समस्याएं बढ़ी हैं, लेकिन जल्द ही स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। हालांकि, शहरवासियों का कहना है कि ये वादे सिर्फ खोखले हैं और हर साल एक ही कहानी दोहराई जाती है।रक्षाबंधन जैसे पवित्र त्योहार पर भी गाजियाबाद की जनता को नगर निगम की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ा, जिससे लोगों में भारी रोष है। जनता की समस्याओं को लगातार सोशल मीडिया से लेकर निगम कार्यालयों में पहुंचाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता अमित किशोर ने निगम प्रबंधन की आलोचना करते हुए निगम की कार्यप्रणाली में सुधार लाने की नसीहत दिया है। ज्ञात हो कि अमित किशोर को निगम आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा पेशेवर शिकायतकर्ता बताकर एक मामले में अपनी भारी किरकिरी कराई थी।

# शहर में धूमधाम के साथ निकली कजली महोत्सव शोभायात्रा

■ ऐतिहासिक झांकियां महिलाओं बच्चों के लिए बनी रही आकर्षण का केंद्र

जन एक्सप्रेस । महोबा



महोबा मुख्यालय में ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव की शोभा यात्रा की शुरुआत शहीद स्थल मैदान से हर वर्ष प्रारंभ होती है फिर नगर पालिका परिषद गेट पर बने स्वागत द्वार में यात्रा को रोककर फूल माला पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाता है तथा उद्घाटन समारोह कार्यक्रम की शुरुआत की जाती है जिसमें उद्घाटन के समय मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक राकेश गोस्वामी विशिष्ट अतिथि एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ,नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया ,अध्यक्ष कॉपरेटिव बैंक चक्रपाणि त्रिपाठी, डीएम गजल भारद्वाज एसपी प्रबल प्रताप सिंह अपर एसपी वंदना सिंह सहित समाजसेवियों जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सभी के द्वारा फीता काटकर शोभायात्रा को आगे बढ़ाया शोभा यात्रा में महिलाएं तथा बेटियां अपने सिर पर कजली रखकर चंदेल कालीन कीरत सागर तट पर कजरिया विसर्जन करने के लिए जाती हुई देखी गई वहीं डीजे बैंड बाजा हाथी घोड़ा ऊंट कार्टून के अलावा मनोरंजन के लिए कई कलाकारों द्वारा कलाकारी का प्रदर्शन किया सूत्रों द्वारा बताया जाता है की दिल्ली के राजा पृथ्वीराज चौहान अपने बेटे का विवाह राजा परमाल की बेटी राजकुमारी चंद्रावल से करना चाहते थे जो कि राजा परमाल अपनी बेटी चंद्रावल का विवाह दिल्ली नरेश के पुत्र से नहीं करना स्वीकार कर रहे थे। जिसको लेकर दिल्ली नरेश पृथ्वीराज चौहान ने अपने सैनिकों सहित महोबा में आकर चढ़ाई कर दी यह बात कन्नौज में निवास कर रहे हैं वीर शिरोमणि वीर आल्हा ऊदल को जब पता चली तो उन्होंने वीर भूमि पहुंच कर मोर्चा संभाला एवं लड़ाई के दौरान पृथ्वीराज चौहान को पराजय का सामना करना पड़ा और उनके कई सैनिक युद्ध में मारे गए युद्ध में राजा परमाल का बेटा सूरज सिंह का भी निधन हो गया पृथ्वीराज चौहान पारस पथरी नौलखा हार भी लूटकर ले जाने की फिराक पर था लेकिन वीर शिरोमणि के सामने एक नहीं चली युद्ध समापन के अगले दिन रक्षाबंधन कजली महोत्सव मनाए जाने की परंपरा चली आ रही है उसी दिन कजरियों का विसर्जन होता है कजली महोत्सव शोभा यात्रा में वीर योद्धा हाथी पर सवार आल्हा घोड़े पर सवार उदल की झांकी एवं महारानी चंद्रावल का डोला सखियों के साथ रानी मल्हना व मछला रानी ताला सैय्यद गुरु गोरखनाथ तपस्या करते हुए वीर आल्हा ऊदल की आराध्य देवी मां बड़ी चंद्रिका मां छोटी चंद्रिका की झांकियां स्कूली छात्र-छात्राओं के अलावा कई प्रकार की झांकी महिलाओं बच्चों पुरुष वर्ग के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रहे कजली महोत्सव तथा मेले का आनंद उठाने के लिए जनपद हमीरपुर बांदा चित्रकूट जालौन कानपुर झांसी औरैया इटावा अलीगढ़ बुलंदशहर मध्य प्रदेश के छतरपुर सतना मैहर पन्ना के अलावा कई जनपदों से मेला प्रेमी मेला देखने के लिए आते हैं शोभा यात्रा तहसील चौराहा बाजार उदल चौक सुभाष चौक खोवा मंडी होते हुए कीरत सागर में समाप्त हुई और दंगल का आयोजन भी किया हुआ जहां बाहरी जनपद के नाम चिन पहलवान द्वारा अपने कर्तव्य कुश्ती के दाव पेंच दर्शकों को दिखाए विशाल मेला पर झूला जादूगर मिकी माउस ट्रेन झूला का बच्चों ने लुफ्त उठाया जहां भारी संख्या में आम जन मानस की भीड़ इकट्ठी देखी गई मेला परिसर में दर्शकों के मनोरंजन हेतु रंगारंग कार्यक्रम मंच भी बनाया गया है जिसमें बुंदेलखंड के कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन स्कूली छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक काकार्यक्रम बाहरी कलाकारों के माध्यम से देशभक्ति गीत सरस्वती वंदना कवि सम्मेलन दिवारी राई नृत्य कला की प्रस्तुति करते हैं इस मौके पर अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश एसडीएम सदर शिव ध्यान पांडे मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह सी ओ दीपक दुबे शहर कोतवाल मनीष पांडे प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अवधेश कुमार अरुण कुमार शुक्ला वरिष्ठ लिपिक नगर पालिका वन विभाग कर्मचारी के अलावा अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे तथा सुरक्षा व्यवस्था हेतु दूसरे अन्य कई जिलों की पुलिस फोर्स पीएससी जवान के अलावा मुख्यालय पुलिस भी सुरक्षा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई स्थानों पर मुस्तैद रही

# कल्प वृक्ष पर रक्षासूत्र बांध पर्यावरण बचाने का दिया संदेश



■ सौ वर्ष से अधिक आयु के विरासत वृक्षों को बचाने की उठाई मांग

जन एक्सप्रेस । महोबा

रक्षाबंधन पर पर्यावरण प्रेमी बुंदेलों ने आज शहर से 30 किलोमीटर दूर सिचौरा गांव जाकर लगभग दो हजार वर्ष पुराने दुर्लभ कल्प वृक्ष पर रक्षासूत्र बांधा एवं पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने सौ वर्ष से अधिक आयु के सभी विरासत वृक्षों को बचाने की शासन प्रशासन से मांग भी उठाई।
बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाइयों को राखी बांधकर उनकी लंबी आयु के लिए प्रार्थना करती हैं। हम लोगों ने दुर्लभ कल्प वृक्ष पर रक्षासूत्र बांधकर लंबी उम्र की कामना की। कल्प वृक्ष के तने की मोटाई 13 मीटर है जिस पर हमने डेढ़ फुट चौड़ा लाल कपड़ा बांधा। समुद्र मंथन के दौरान निकले 14 रत्नों में से एक कल्प वृक्ष देश में बहुत कम हैं। महामंत्री डा. अजय बरसैया ने कहा कि सिचौरा का कल्प वृक्ष हमारे जनपद की शान है लेकिन भारी उपेक्षा का शिकार है। कल्प वृक्ष के पास उसकी खूबियां बताने वाला एक बोर्ड लगना चाहिए।हमीरपुर में यमुना किनारे भी एक कल्प वृक्ष लगा है जिसकी आयु लगभग एक हजार वर्ष है। उसकी हालत अभी अच्छी है लेकिन सिचौरा के कल्प वृक्ष पर प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया जिसकी वजह से उसका एक मोटा तना क्षतिग्रस्त हो गया।
औषधीय पेड़ों में शामिल कल्प वृक्ष में लटके बड़े-बड़े फल आजकल सबके लिए आकर्षक का केंद्र बने हुए हैं क्योंकि कल्प वृक्ष में फल हर वर्ष नहीं आते। इस मौके पर गया प्रसाद, रिंकू विश्वकर्मा, सचिन खरे, धीरेन्द्र, लक्ष्मी, लक्ष्य व शिवी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)